www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 7 मई, 2025 | वर्ष-18 | अंक-31 | पृष्ठ-10 | मूल्य-3.00 रुपए





ओम बिरला ने पंडित मोतीलाल नेहरू को ... 02
■ प्रदूषण को कम करने के लिए काम कर रही सरकार
■ एमसीडी की खामियों के चलते लाखों लोगों को... 03
■ अमेरिका छोड़ने वाले अवैध अप्रवासियों को मिलेगा ...
■ इजरायल ने हिज्बुल्लाह के हथियार ठिकानों पर किया... 07
पलक तिवारी का अनोखा अंदाज, मासूमियत ... 10

# पाकिस्तान बॉर्डर के पास गरजेंगे राफेल, मिराज

## युद्ध की आशंका के बीच भारतीय वायु सेना आज और कल करेगी युद्धाभ्यास

■ आज रात को 9:30 बजे शुरू होगा युद्धाभ्यास

■ इस क्षेत्र में जहाज, ड्रोन के उड़ने पर पाबंदी रहेगी



**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बहुत ज्यादा बढ़ गया है। युद्ध की आशंका के बीच भारतीय वायुसेना भारत-पाक सीमा के दक्षिणी भाग पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले का अभ्यास करेगी। ये हवाई एयर एक्सरसाइज बुधवार और गुरुवार को होगा।

जानकारी के अनुसार, भारत ने भारत-पाकिस्तान सीमा के दक्षिणी भाग पर 7 और 8 मई को होने वाले बड़े पैमाने के हवाई अभ्यास के लिए एयरमेन को नोटिस जारी किया है। यह अभ्यास भारत की नियमित परिचालन तत्परता अभ्यास का हिस्सा है, जिसमें भारतीय वायु सेना राजस्थान में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर युद्धाभ्यास करेगी। नॉटम के अनुसार, यह अभ्यास 7 मई को रात 9:30 बजे शुरू होगा और 8 मई को सुबह 3:00 बजे तक जारी रहेगा। इससे प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी जहाज और ड्रोन के उड़ने पर पाबंदी रहेगी।

### प्रधानमंत्री से मिलने पहुंचे डोभाल

पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उच्च स्तरीय बैठक जारी है। मंगलवार को उनसे मिलने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल प्रधानमंत्री आवास पहुंचे थे। यहां उनकी काफी देर बातचीत हुई है।

### सभी अग्रणी फाइटर जेट शामिल होंगे

भारतीय वायुसेना अधिकारी के एक अधिकारी ने कहा कि एयरफोर्स 7 मई से भारत-पाकिस्तान सीमा पर रेगिस्तानी क्षेत्र और आस-पास के इलाकों में युद्धाभ्यास करेगी जिसमें राफेल, मिराज 2000 और सुखोई-30 सहित सभी अग्रणी फाइटर जेट शामिल होंगे। इस क्षेत्र में हाल ही में सीमा पार की घटनाओं के बाद तनाव बढ़ गया है।

## देश के 250 से ज्यादा जिलों में होगी मॉक ड्रिल



**नई दिल्ली।** देश के 250 से ज्यादा जिलों में 7 मई बुधवार को एक बड़ी सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए हैं कि वे इस अभ्यास को गंभीरता से लें और अपनी सुरक्षा तैयारियों को परखें। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में लोगों की सक्रिय सहभागिता के साथ 'मॉक' अभ्यास करने पर विस्तार से चर्चा की गई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच उभरे ''नए और जटिल खतरों'' को देखते हुए गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों से बुधवार को मॉक ड्रिल करने को कहा है। सभी राज्यों में अधिकारी मॉक ड्रिल के दौरान शिक्षण संस्थानों के छात्रों, सरकारी और निजी संस्थानों के कर्मचारियों, अस्पताल कर्मचारियों, रेलवे और मेट्रो अधिकारियों के अलावा पुलिस, अर्धसैनिक और रक्षा बलों के वर्दीधारी कर्मियों को भी शामिल करेंगे।

### मशालें, मोमबत्तियां, नकदी तैयार रखें

गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, नागरिकों को यह हिदायत भी दी जाएगी कि वे मेडिकल किट, राशन, टॉर्च और मोमबत्तियां अपने घरों पर रखें। इसके अलावा कैश भी साथ रखें, क्योंकि इमरजेंसी में मोबाइल और डिजिटल ट्रांजैक्शन फेल हो सकते हैं।

## भारत-ब्रिटेन के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता

### प्रधानमंत्री मोदी व कीर स्टार्मर ने किया स्वागत



**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। भारत और ब्रिटेन ने एक ऐतिहासिक और महत्त्वपूर्ण 'मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए)' और 'दोहरा योगदान सम्मेलन समझौते' को अंतिम रूप दे दिया है। यह समझौता दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों को मजबूती देगा और कई क्षेत्रों में नई संभावनाएं खोलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ब्रिटेन के समकक्ष कीर स्टार्मर से बातचीत के बाद इसकी घोषणा की। एफटीए एक ऐसा समझौता है, जिसमें दो देश एक-दूसरे के साथ वस्तुओं और सेवाओं का व्यापार आसान और सस्ता बनाते हैं। इसमें कर (आयात शुल्क) कम किए जाते हैं या हटाए जाते हैं, जिससे दोनों देशों के कारोबारियों को फायदा होता है। भारत और यूके के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और डबल योगदान संधि के तहत कई लाभ प्राप्त होंगे। साथ ही यह समझौता दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों को मजबूती देगा और कई क्षेत्रों में नई संभावनाएं खोलेगा।

**द्विपक्षीय साझेदारी को मिलेगी नई गति**

### मजबूत साझेदारी की दिशा में बड़ा कदम: मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, इससे दोनों देशों के छोटे और बड़े व्यवसायों को फायदा होगा। नौकरी के नए मौके बनेंगे, खासकर युवा पेशेवरों और उद्यमियों के लिए। द्विपक्षीय व्यापार में बड़ा इजाफा होगा, जिससे दोनों की अर्थव्यवस्थाओं को मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, यह समझौता सिर्फ व्यापार का नहीं, बल्कि एक मजबूत और गहरी साझेदारी की दिशा में बड़ा कदम है।

### सुप्रीम कोर्ट का महाराष्ट्र चुनाव आयोग को आदेश

## चार हफ्ते में स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना करे जारी



■ सभी प्रक्रिया चार महीने के भीतर हो पूरी

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां) उच्चतम न्यायालय ने स्थानीय निकाय चुनाव संपन्न कराने के लिए समय सीमा तय करते हुए मंगलवार को महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना (चार सप्ताह के अंदर) समेत सभी प्रक्रिया चार महीने के भीतर पूरी करे।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण का मुद्दा वर्ष 2022 की बंठिया आयोग की रिपोर्ट से पहले की तरह ही रहेगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि स्थानीय निकायों के लिए समय-समय पर चुनाव के माध्यम से जमीनी स्तर पर लोकतंत्र के संवैधानिक जनादेश का सम्मान किया जाना चाहिए और इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए। रिपोर्ट में ओबीसी पर सटीक आंकड़ा तय करने और स्थानीय निकाय चुनावों में इस श्रेणी के लिए 27 सीटें आरक्षित करने के लिए जनगणना की सिफारिश की गई थी। पीठ ने चार महीने में प्रक्रिया पूरी करने को कहा और राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) को उचित मामलों में अधिक समय मांगने की स्वतंत्रता दी। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजे उसके समक्ष लंबित याचिकाओं के निर्णयों के अधीन होंगे। पीठ ने सुनवाई के दौरान महाराष्ट्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा,आपने पहले ही ओबीसी के कुछ वर्गों की पहचान कर ली है।

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे का दावा

## मोदी को आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट मिली थी

**रांची,** 6 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे झारखंड की राजधानी रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट मिली थी, जिसके बाद ही उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश का अपना दौरा रद्द कर दिया था। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले से तीन दिन पहले प्रधानमंत्री को एक खुफिया रिपोर्ट भेजी गई थी। इसलिए उन्होंने कश्मीर जाने का अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया। मैंने यह बात एक अखबार में भी पढ़ी।

**प्रधानमंत्री मोदी ने इसीलिए रद्द किया था जम्मू-कश्मीर दौरा**

**इंटेलिजेंस इनपुट के बावजूद सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की गई थी, इसलिए उन्हें इस हमले में हुई निर्दोष लोगों की मौत की जिम्मेदारी लेनी चाहिए : मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**



### 'संविधान बचाओ' रैली को संबोधित किया

झारखंड की राजधानी रांची में 'संविधान बचाओ' रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रमुख ने दावा किया कि सर्वदलीय बैठक के दौरान पीएम मोदी ने स्वीकार किया कि खुफिया जानकारी में खामी थी। उन्होंने पूछा, 'क्या केंद्र को पहलगाम हमले में हुई मौतों के लिए जवाबदेह नहीं होना चाहिए, जब उसने खुफिया जानकारी में खामी स्वीकार कर ली है।' उन्होंने एलान किया कि कांग्रेस पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी कार्रवाई के लिए केंद्र के साथ खड़ी है, क्योंकि देश सर्वोच्च है और पार्टी, धर्म और जाति से परे है।

### अधिक सुरक्षा बल क्यों नहीं तैनात किए गए

उन्होंने कहा कि आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट होने के बाद भी केंद्र ने पहलगाम में अधिक सुरक्षा बल क्यों नहीं तैनात किए? क्या केंद्र को पहलगाम हमले में जानमाल के नुकसान के लिए जवाबदेह नहीं होना चाहिए।

### विनय नरवाल के घर पहुंचे राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को हरियाणा के करनाल में नेवी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के घर पहुंचे। यहां उन्होंने परिवार से 1 घंटा 35 मिनट तक मुलाकात की। मुलाकात के बारे में परिवार के सदस्य ने कहा कि राहुल गांधी ने हमारी फैमिली से दुख साझा किया। उन्होंने विनय के बचपन और पढ़ाई के बारे में पूछा।

## सड़क हादसे के घायलों का 1.5 लाख तक होगा कैशलेस इलाज




■ सड़क परिवहन मंत्रालय की जारी की अधिसूचना

■ डेढ़ लाख से ऊपर खर्च पर खुद पैसे देने होंगे

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों और उनके परिवारजनों के लिए बड़ी राहत का ऐलान हुआ है। केंद्र सरकार ने मंगलवार को एक अधिसूचना जारी कर देशभर में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए 1.5 लाख तक की कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम की घोषणा की है। सड़क परिवहन मंत्रालय की एक गैजेट अधिसूचना के मुताबिक- कोई सड़क हादसा मोटर वाहन की वजह से होता है, तो उसमें घायल व्यक्ति का इलाज कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम के तहत किया जाएगा।

### 2 लाख रुपए किए जाने पर हो रहा विचार

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक डेढ़ लाख की राशि को बढ़ाकर 2 लाख रुपए किए जाने की भी तैयारी चल रही है। किसी सड़क हादसे के बाद का एक घंटा 'गोल्डन ऑवर' कहलाता है। इस दौरान इलाज न मिल पाने से कई मौतें हो जाती हैं। इसी को कम करने के लिए यह योजना शुरू की जा रही है। अस्पताल को प्राथमिक उपचार के बाद बड़े अस्पताल में रेफर करना है तो उस अस्पताल को तय करना होगा कि जहां रेफर किया जा रहा है, वहां मरीज को दाखिला मिले। डेढ़ लाख तक कैशलेस इलाज होने के बाद उसके भुगतान में नोडल एजेंसी के रूप में एनएचएआई काम करेगा। यानी इलाज के बाद मरीज या उनके परिजन को डेढ़ लाख तक की रकम का भुगतान नहीं करना है। यदि इलाज में डेढ़ लाख से ज्यादा का खर्च आता है तो बढ़ा बिल मरीज या परिजन को भरना होगा।

### गडकरी ने सड़क हादसों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई थी

इसी साल जनवरी में परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भारत में सड़क हादसों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा था- सरकार सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए जल्द ही ऐसी योजना लाने पर विचार कर रही है।

## पूर्व मंत्री जनार्दन रेड्डी को सात साल की सजा



■ अवैध खनन केस में दी गई सजा

■ सीबीआई ने हिरासत में लिया

**बेंगलुरु,** 6 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के पूर्व मंत्री गली जनार्दन रेड्डी और तीन अन्य लोगों को एक विशेष अदालत ने सात साल की सजा सुनाई है। यह सजा उन्हें ओबुलापुरम अवैध खनन केस में दी गई है। वहीं कोर्ट का फैसला आते ही सीबीआई की टीम ने जनार्दन रेड्डी और बाकी दोषियों को अपनी हिरासत में ले लिया। यह मामला सालों पुराना है, जिसमें जनार्दन रेड्डी और उनके साथियों पर आरोप था कि उन्होंने नियमों का उल्लंघन कर के गैरकानूनी तरीके से खनन किया और करोड़ों रुपए का नुकसान सरकार को पहुंचाया। इस केस में जांच एजेंसियों ने बताया कि जनार्दन रेड्डी की कंपनी ने सीमा के बाहर जाकर भी खनन किया और इसके लिए जरूरी अनुमति नहीं ली थी। इससे पर्यावरण को भी भारी नुकसान हुआ। अब कोर्ट ने माना कि पूर्व मंत्री और उनके साथियों ने कानून तोड़ा और इसलिए उन्हें सात साल की कैद और जुर्माना भी भरना होगा। पूर्व मंत्री रेड्डी पर भारत में घोटाला कर उन पैसों का कई देशों में निवेश करने का आरोप है। सीबीआई ने पांच सितंबर 2011 को रेड्डी और उनके रिश्तेदार बी.वी श्रीनिवास रेड्डी को बेल्लारी से गिरफ्तार किया था।

## 25 मई को खुलेंगे हेमकुंड साहिब के कपाट

**बर्फ काटकर बनाया जा रहा पैदल मार्ग**

**चमोली,** 6 मई (एजेंसियां)। उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित हेमकुंड साहिब के कपाट इस वर्ष 25 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। समुद्र तल से 14,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस पवित्र स्थल तक पहुंचने वाले 6 किलोमीटर लंबे 'गुरु आस्था पथ' पर बर्फ की मोटी चादर और भारी हिमखंड पसरे हुए हैं। इन्हें हटाने के लिए भारतीय सेना की विशेष टुकड़ी और गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के सेवादार युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे हैं। हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के वरिष्ठ प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया कि गोविंद घाट से लेकर गोविंद धाम और हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा तक सभी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त किया जा रहा है।

### रिपोर्ट — *देश में जीवन प्रत्याशा बढ़कर 72 वर्ष हुई*

## मानव विकास सूचकांक में 130वें स्थान पर भारत

**नई दिल्ली, 6 मई (एजेंसियां)। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत, जननी सुरक्षा योजना और पोषण अभियान जैसी सरकारी राष्ट्रीय योजनाओं,अभियानों और कार्यक्रमों से 193 देशों के वैश्विक मानव सूचकांक में भारत 130 वें स्थान पर पहुंच गया है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की रिपोर्ट ए मैटर ऑफ चॉइस: पीपुल एंड पॉसिबिलिटीज इन द एज ऑफ एआई मंगलवार को जारी की गई।**

इसके अनुसार वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की मानव विकास प्रगति जारी है। मानव विकास निरंतर प्रगति कर रहा है तथा 193 देशों में 133 वें स्थान से बढ़कर 130 वें स्थान पर आ गया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत का मानव विकास सूचकांक वर्ष 2022 में 0.676 से बढ़कर वर्ष 2023 में 0.685 हो गया। इससे देश मध्यम मानव विकास श्रेणी में आ गया है। भारत जल्दी जो उच्च मानव विकास 0.700 के करीब पहुंच जाएगा। देश में जीवन प्रत्याशा वर्ष 1990 में 58.6 वर्ष से बढ़कर वर्ष 2023 में 72 वर्ष हो गई है, जो सूचकांक शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे अधिक रिकॉर्ड है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत, जननी सुरक्षा योजना और पोषण अभियान जैसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विशेष रूप से स्कूली शिक्षा के औसत वर्षों और प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय में वृद्धि हुई है। वर्ष 1990 के बाद से भारत के मानव विकास सूचकांक में 53 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जो वैश्विक और दक्षिण एशियाई औसत दोनों से अधिक तेज है।

■ देश मध्यम मानव विकास श्रेणी में आया

### भारत में असमानता चुनौती बनी हुई

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में असमानता चुनौती बनी हुई हैं। हालांकि स्वास्थ्य और शिक्षा असमानता में सुधार हुआ है लेकिन आय और लिंग असमानताएं महत्वपूर्ण बनी हुई हैं। महिला श्रम शक्ति भागीदारी और राजनीतिक प्रतिनिधित्व पिछड़ा हुआ है।

## सार संक्षेप

### बसपा प्रमुख मायावती ने मुख्य चुनाव आयुक्त से की मुलाकात



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को राजधानी दिल्ली में चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान बसपा प्रमुख के साथ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा और पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीधर भी मौजूद रहे। इसकी जानकारी चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए दी। चुनाव आयोग ने इस मुलाकात को लेकर एक बयान भी जारी किया।

### चिनाब का प्रवाह रोकने से पाकिस्तान में पानी की किल्लत



**इस्लामाबाद।** भारत की ओर से पाकिस्तान में चिनाब नदी का प्रवाह रोके जाने के बाद नदी का जलस्तर कई गुना कम हो गया है, जिससे इस्लामाबाद में पानी की काफी किल्लत हो गयी है। पाकिस्तान ने भारत पर पहलगाम आतंकी हमले के बाद 'जल युद्ध' में शामिल होने का आरोप लगाया है। भारत ने सोमवार को इस्लामाबाद को सूचित किए बिना जम्मू के बगलिहार और सलाल पनबिजली बांधों के माध्यम से पाकिस्तान में चिनाब नदी का प्रवाह रोक दिया, जिससे पहले से ही पानी की कमी से जूझ रहा देश दहशत में आ गया।

### स्कॉर्पियो व ट्रैक्टर की टक्कर में आठ बारातियों की मौत



**कटिहार।** बिहार में देर रात स्कॉर्पियो और ट्रैक्टर की टक्कर में आठ बारातियों की मौत हो गई। यह दुर्घटना कुर्सेला थानाक्षेत्र के एस एच 77 दियारा चांदपुर टिकापट्टी बजरंगबली मंदिर के पास हुई। इस दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को समेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर ने आठ लोगों को मृत घोषित कर दिया। इस दुर्घटना के बाद जिस घर में खुशी का माहौल था, वह मातम में बदल गया।

### अमरनाथ यात्रा पर अनिश्चितता के बादल पर तैयारियां जारीं



**जम्मू।** पहलगाम नरसंहार के बाद पाकिस्तान पर हमला कर उसे नेस्तनाबूद कर देने का जो स्वर पूरे देश में सुनाई दे रहा है उसने युद्ध से पहले वाक्युद्ध का माहौल पैदा कर दिया है। युद्ध की तैयारियां भी आरंभ होने लगी हैं और इस अनिश्चितता के बीच अमरनाथ यात्रा की तैयारियां भी जारी हैं। 3 जुलाई से आरंभ हो रही वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए श्राइन बोर्ड ने पहले ही कई प्रबंध किए हैं। श्राइन बोर्ड के प्रवक्ता के बकौल, हिमलिंग के संरक्षण के लिए गुफा के द्वार पर लोहे की ग्रिल 89साल पहले ही लगाई जा चुकी है।

# देश

उवाच

"पहलगाम आतंकवादी हमले पर जहां पूरा देश आक्रोशित है और शोक मना रहा है, वहीं कश्मीरी ने एक कदम और आगे बढ़ते हुए पूर्ण बंद का आह्वान किया है और आतंकवादी हमले के विरोध में लोग सड़कों पर उतर आए हैं।

–महबूबा मुफ्ती, पीडीपी अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| दिल्ली | 34.0 | 23.0 |
| मुंबई | 32.0 | 29.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 29.0 |

# बैंक ने अर्थशास्त्री सुब्रमण्यम की किताब की खरीद में किया बड़ा घोटाला : कांग्रेस

■ किताब की दो लाख प्रतियां खरीदने पर करोड़ों खर्च करने पर वित्त मंत्री से मांगी सफाई

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एक चर्चित अर्थशास्त्री की किताब की दो लाख प्रतियां खरीदने पर करोड़ों रुपए खर्च करने को एक बड़ा घोटाला बताते हुए वित्त मंत्री से सफाई मांगी है। कांग्रेस सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूर्व आर्थिक सलाहकार के वी. सुब्रमण्यम की पुस्तक खरीदने में सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ने साढ़े सात करोड़ रुपए खर्च किए और उन्हें अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक से हटा दिया है जबकि छह माह का उनका कार्यकाल अभी बाकी था। आईएमएफ की पाकिस्तान को कर्ज देने को लेकर नौ मई को एक बैठक होनी है और उससे पहले सुब्रमण्यम को हटाकर सरकार ने सबको चौंका दिया है। कांग्रेस पहले ही सरकार से आग्रह कर चुकी है कि पाकिस्तान को कर्ज देने के लिए होने वाली आईएमएफ की बैठक में भारत को इसका कड़ा विरोध करना चाहिए।



आईएमएफ की पाकिस्तान को कर्ज देने को लेकर बैठक होनी है और उससे पहले सुब्रमण्यम को हटाकर सरकार ने सबको चौंका दिया : सुप्रिया श्रीनेत

उन्होंने कहा कि सच यह है कि सरकार ने यह निर्णय जबरदस्त घपलेबाजी के चलते लिया है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के आधिकारिक दस्तावेजों से पता चला है कि बैंक ने सुब्रमण्यन की लिखी पुस्तक की दो लाख प्रतियां खरीदने का आर्डर दिया है और इस पर साढ़े सात करोड़ रुपए खर्च होने हैं। इसके लिए 3.5 करोड़ रुपए का भुगतान पहले ही किया जा चुका है। इनमें 1,89,450 प्रतियां पेपर बैक और 10,422 हार्ड कवर की प्रतियां शामिल थीं। इन किताबों को बैंक के क्षेत्रीय और आंचलिक कार्यालयों, खाताधारकों, स्कूल और कॉलेजों में बांटा जाना था। बैंक के 18 जोनल ऑफिस हैं और हर ऑफिस को 10,525 प्रतियां दी जानी थीं।

## मोदी सरकार को मजबूरन सुब्रमण्यन को पद से हटाना पड़ा : कांग्रेस

कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि ऐसा लगता है कि इस खुलासे के कारण मोदी सरकार को मजबूरन सुब्रमण्यन को उनके पद से हटाना पड़ा है। यह वही सुब्रमण्यम हैं जिन्होंने प्रधानमंत्री के मुख्य आर्थिक सलाहकार रहते हुए 2019-20 के आर्थिक सर्वे में थालीनॉमिक्स की चर्चा की थी। यह अलग बात है कि एक साधारण वेज थाली की कीमत सिर्फ एक साल में 52 प्रतिशत बढ़ गई है। उन्हें सुब्रमण्यन की किताब की दो लाख प्रतियां खरीदने का ऐसे वक्त पर आर्डर दिया गया है, जब देश बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रहा है।

**कांग्रेस ने सरकार, सरकारी बैंक व वित्त मंत्रालय से पूछे सवाल**

कांग्रेस प्रवक्ता ने इस बारे में सरकार, सरकारी बैंक और वित्त मंत्रालय से सवाल करते हुए कहा है कि उसे बताना चाहिए कि उसने श्री सुब्रमण्यन की किताब की दो लाख प्रतियां खरीदने में साढ़े सात करोड़ रुपए खर्च करने के लिए अपने बोर्ड या वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग से अनुमति ली थी। सवाल यह भी है कि भाजपा ने प्रधानमंत्री की छवि सुधारने के लिए यह पैसा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को नहीं दिया था। यह पैसा जनता का था तो इसका दुरुपयोग क्यों किया गया और क्या खाताधारक को इस बारे में कोई जानकारी दी गई। उन्होंने इसे हितों का टकराव बताया और कहा कि वित्त मंत्रालय को इसकी जांच करनी चाहिए है कि यह कैसे हुआ। बैंक के महाप्रबंधक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री मणिमेखलाई ने क्या अपने सेवा विस्तार की पैरवी के लिए यह अपरोक्ष रिश्वत दी। उनका कार्यकाल जून में समाप्त हो रहा है। उनका कहना था कि यह गंभीर मामला है और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस लेन-देन पर सफाई देनी चाहिए। बैंक एसोसिएशन ने भी इस फिजूलखर्ची और पैसे की बर्बादी की जांच की मांग की है।

## हेमंत सोरेन ने राज्यपाल संतोष गंगवार से की भेंट

**रांची,** 6 मई (एजेंसियां)। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने हाल ही के विदेश भ्रमण के दौरान राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए किए गए प्रयासों के बारे में राज्यपाल को अवगत



कराया। इस मौके पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी व विधानसभा सदस्य कल्पना सोरेन भी उपस्थित थीं। बाद में झारखंड के राज्यपाल-सह-राज्य के गंगवार से विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के पूर्व सिंडिकेट सदस्य गुंजन मरांडी ने राज भवन में भेंट की। भेंट के क्रम में मरांडी ने राज्यपाल का ध्यान विश्वविद्यालय में छात्र हितों की अनदेखी तथा भ्रष्टाचार की ओर आकृष्ट कराया। साथ ही उन्होंने विवि में पुस्तकालय अध्यक्षों की नियुक्ति के विषय में भी आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुरोध किया। इसके बाद राज्यपाल गंगवार से सरायकेला नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने राज भवन में भेंट की। राज्यपाल से उन्होंने विश्वविख्यात छऊ नृत्य से जुड़े राष्ट्रीय नृत्य कला केंद्र, सरायकेला में रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति किए जाने का अनुरोध किया।

## दिल्ली विश्वविद्यालय का परिपत्र भेदभावपूर्ण : जेकेएसए

**श्रीनगर,** 6 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर छात्रसंघ (जेकेएसए) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की ओर से जारी उस परिपत्र को तत्काल वापस लेने का आग्रह किया है,जिसमें जम्मू-कश्मीर के छात्रों का कथित तौर पर विवरण मांगा गया है। जेकेएसए के मुताबिक डीयू से संबद्ध कई कॉलेजों ने जम्मू-कश्मीर के छात्रों से स्थायी और वर्तमान पता, संपर्क नंबर, ईमेल आईडी और पाठ्यक्रम जैसे व्यक्तिगत विवरण मांगे गए हैं जबकि कथित तौर पर अन्य राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों के छात्रों से ऐसा कोई डेटा नहीं मांगा गया है।

परिपत्र को भेदभावपूर्ण और राष्ट्रीय मुख्यधारा में कश्मीरी युवाओं के भावनात्मक और सामाजिक एकीकरण के लिए हानिकारक बताते हुए जेकेएसए ने दावा किया है कि इस चुनिंदा जांच ने कश्मीरी छात्रों में डर और चिंता पैदा कर दी है, जो अब अपने शैक्षणिक वातावरण में लक्षित और असुरक्षित महसूस करते हैं। शाह को लिखे पत्र में कहा गया है, यह कदम चुनिंदा निगरानी के खतरनाक पैटर्न को दर्शाता है जो युवाओं को अलग-थलग कर देता है तथा उनके इरादे, पहचान और देशभक्ति पर अनुचित संदेह पैदा करता है।यह विशेष रूप से परेशान करने वाला है

J & K Students Association

■ जम्मू कश्मीर छात्रसंघ ने शाह को लिखा पत्र

कि यह निर्देश ऐसे समय में आया है जब पहलगाम त्रासदी के बाद पूरे भारत में कश्मीरी छात्रों को पहले से ही उत्पीड़न और बदनामी का सामना करना पड़ रहा है। जेकेएसए ने कहा कि सुरक्षा और समावेश की पेशकश करने के बजाय संस्थान प्रशासनिक आवश्यकताओं की आड़ में उन्हें अलग-थलग कर रहे हैं। हाल के हफ्तों में देश के विभिन्न हिस्सों में कश्मीरी छात्रों द्वारा उत्पीड़न और धमकी का सामना करने की कई रिपोर्टें आई हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय का विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर के छात्रों से विस्तृत व्यक्तिगत जानकारी की मांग करना उनकी भेद्यता, भय और बहिष्कार की भावना को और बढ़ाती है। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने यह तर्क दिया है कि यह डेटा संग्रह भारत के गृह मंत्रालय के निर्देशों पर आधारित है। केंद्रीय गृह मंत्री से इस मामले का तत्काल संज्ञान लेने का किया आग्रह।

## सार संक्षेप

### कुपवाड़ा में भूस्खलन से एक व्यक्ति की मौत

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में मंगलवार को पत्थर निकालने के दौरान भूस्खलन हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। यह घटना ड्रगमुल्ला में हुई, जहां दो व्यक्ति पत्थर निकालने में लगे थे। मृतक की पहचान ड्रगमुल्ला कुपवाड़ा निवासी हबीबुल्लाह मलिक के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, ड्रगमुल्ला निवासी मलिक और इम्तियाज अहमद पीर भूस्खलन की चपेट में आने के कारण घायल हो गए और उन्हें उप-जिला अस्पताल (एसडीएच) कुपवाड़ा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मलिक को मृत घोषित कर दिया।

### तेतुलिया जमीन मामले में बोकारो में ईडी की छापेमारी

**रांची।** झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय बोकारो में जमीन कारोबार से जुड़े लोग के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। ईडी की टीम मंगलवार को बोकारो के चास स्थित राणा प्रताप नगर में महेश नागिया के घर पर पहुंची और छापेमारी कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार महेश का तेतुलिया मौजा के ज़मीन के फर्जीवाड़ा में शामिल अजहर और अख्तर हुसैन के साथ था। इस कारण से महेश के यहां ईडी ने दबिश दी है। ईडी की टीम दो जगहों पर छापेमारी कर रही है। महेश नागिया जमीन और पेंट कारोबार से जुड़े है। पिछले 22 अप्रैल को ईडी ने रांची सहित 15 ठिकानों में छापेमारी की थी।

### मप्र बोर्ड परीक्षाओं में छात्राओं ने मारी बाजी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को राज्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्य प्रदेश द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा के परिणामों की घोषणा की। हाईस्कूल और हायर सेकंडरी दोनों ही परीक्षाओं में छात्राओं ने बाजी मारी है, जिस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि यह सफलता लक्ष्य के प्रति समर्पण, अथक परिश्रम और लगन का सुफल व प्रमाण है। प्रदेश की प्रतिभाशाली बेटियों ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर अपने अभिभावकों, शिक्षकों के साथ मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया है।

### ओबीसी के लिए जातिवार जनगणना महत्वपूर्ण : पाटिल

**पुणे।** इंडिया अगेंस्ट करप्शन (आईएसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत पाटिल ने मंगलवार को कहा कि देश में अनुसूचित जाति, (एससी) अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए जातिवार जनगणना कराने का फैसला बहुत महत्वपूर्ण है। 1931 के बाद से देश में जातिवार जनगणना नहीं हुई है। पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वह कर दिखाया है जो पिछली केंद्र सरकारें नहीं कर पाईं।

## ओम बिरला ने पंडित मोतीलाल नेहरू को पुष्पांजलि की अर्पित



**नई दिल्ली,** 6 मई (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को पंडित मोतीलाल नेहरू की जयंती पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों, लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। पंडित मोतीलाल नेहरू के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 30 मार्च 1957 को संविधान सदन (तत्कालीन संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में किया था। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने स्वतंत्रता सेनानी पंडित मोतीलाल नेहरू की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। खरगे ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा महान स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, पं. मोतीलाल नेहरू जी की जयंती पर सादर श्रद्धांजलि। उनके द्वारा तैयार की गई नेहरू रिपोर्ट में सबसे पहले, सभी भारतीयों के लिए मतदान का अधिकार व मौलिक अधिकारों की अवधारणा का प्रावधान रखा गया।

## बिहार में मॉक ड्रिल को लेकर जुटा प्रशासन

■ दस मिनट के लिए बंद कर दी जाएगी शहर की बिजली

■ 80 जगहों पर बजाए जाएंगे सायरन

**पटना,** 6 मई (देशबन्धु)। पहलगाम में हुए हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। इस तनाव को देखते हुए केंद्र सरकार ने पूरे देश में मॉक ड्रिल करने का आदेश दिया है। सात मई को देशभर के 244 जिलों में होने वाले मॉक ड्रिल को लेकर युद्धस्तर पर तैयारियां हो रही हैं। पटना जिला प्रशासन भी इसकी तैयारियों में जुट गया है। मॉक ड्रिल के दौरान पूरे पटना शहर की बिजली 10 मिनट के लिए काट दी जाएगी और 80 जगहों पर सायरन बजाए जाएंगे। इस दौरान कुछ ऐसी बातें हैं जिन्हें फॉलो करना बेहद जरूरी है। ऐसे में बचाव से जुड़ी हर एक जानकारी को ध्यान से समझने की जरूरत होगी। पटना के डीएम चंद्रशेखर सिंह और एसएसपी आकाश कुमार ने बताया है कि भारत सरकार की तरफ से मॉक ड्रिल के लिए



**रोशनी का उपयोग न करने का किया आग्रह**

बिहार के पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, अररिया, पटना और बेगूसराय में मॉक ड्रिल करना है। अधिकारियों ने बताया कि 7 मई को शाम 7:00 बजे से लेकर 7:10 तक ब्लैकआउट होगा। सभी लाइट को बंद करके वॉर लाइट सिचुएशन से बचने की तैयारी की जाएगी। पटना में भी बुधवार को 7:00 से 7:10 तक पटना की बिजली काट दी जाएगी। पटना के लोगों से अपील है कि बिजली कटने के बाद रोशनी का उपयोग न करें। पटना में 80 जगह पर सायरन बजाया जाएगा। फायर ब्रिगेड और थानों की गाड़ियां सायरन बजाया जाएगा। पटना शहर में 80 जगह पर 6:58 में शाम को सायरन बजाया जाएगा।

गाइडलाइन जारी की गई है। गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सिविल डिफेंस के अंतर्गत 244 जिले हैं, जहां पर 7 तारीख को मॉक ड्रिल करना है।

सात मई को सड़कों पर चलने वाले लोग भी गाड़ी के लाइट को बंद कर लेंगे। इमरजेंसी सुविधा एंबुलेंस को इस व्यवस्था से छूट रहेगी। बुधवार को ब्लैकआउट के बाद बचाव और फ्रस्ट एड की व्यवस्था का आगे भी रिहर्सल होगा। पटना के एसएसपी अवकाश कुमार ने कहा कि युद्ध अभी नहीं छिड़ा है, यह बस एक रिहर्सल है। सड़कों पर चलने वाले लोग गाड़ियों को रोक दें। नागरिकों को जागरूक करने के लिए यह ड्रिल चल रहा है। बिहार राज्य आपदा प्राधिकरण और नागरिक सुरक्षा निदेशालय मॉक ड्रिल की योजना बना रहे हैं। पटना के डीएम चंद्रशेखर अधिकारियों के साथ मीटिंग की।

मीटिंग में मॉक ड्रिल की तैयारियों का जायजा लिया गया। जानकारी के अनुसार, पटना में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गांधी मैदान स्थित ऑफिस, पटना यूनिवर्सिटी, पटना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल और दूसरी जरूरी जगहों पर एक साथ सायरन बजेगा। इसके बाद फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस गाड़ियां सड़कों पर दौड़ेंगी।

## भूमि अधिग्रहण के नाम पर किसानों का हो रहा उत्पीड़न : अखिलेश यादव



■ झांसी और बबीना के 33 गावों के किसानों ने की सपा प्रमुख से मुलाकात

**लखनऊ,** 6 मई (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भूमि अधिग्रहण के नाम पर गरीब किसानों का उत्पीड़न कर रही है। यादव ने मंगलवार को पार्टी दफ्तर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि बुन्देलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के उत्पीड़न के शिकार झांसी और बबीना के 33 गावों के किसानों ने मंगलवार को उनसे मुलाकात कर न्याय दिलाने की मांग की है। किसानों की समस्या को लेकर नेता विरोधी दल विधान परिषद लालबिहारी यादव के नेतृत्व में सपा का प्रतिनिधिमण्डल झांसी और बबीना गया। वहां जिलाधिकारी से बात हुई जब जिलाधिकारी ने बात मान ली तो माना जाता है सरकार पूरा करेगी, लेकिन अधिकारी के ट्रांसफर के बाद किसानों की समस्या जस-की-तस है। उन्होंने कहा कि बबीना की तरह ही भाजपा सरकार ने अयोध्या के गरीबों और किसानों की जमीने छीन, ली थी, लूट की थी, मुनाफा कमाया था, उसी का परिणाम था कि प्रभु श्रीराम ने भाजपा को अयोध्या की धरती से हरा दिया था और पूरे देश में भाजपा की साम्प्रदायिक राजनीति के अंत का संदेश दिया था।

### किसानों की लड़ाई लड़ेगी सपा

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों की लड़ाई लड़ेगी। सरकार किसानों को जमीनों का बाजार भाव दे। जमीनों के बदले किसानों को बाजार भाव मिलना चाहिए। किसानों पर दबाव बनाकर किसी सहमति के कागज पर दस्तखत नहीं कराने चाहिए। यादव ने कहा कि जब भूमि अधिग्रहण नियम है तो सर्किल रेट बढ़ाकर किसानों को चार गुना मुआवजा देना चाहिए। झांसी-बबीना में जब सरकार ने ही किसानों को विस्थापित किया है। सरकार ने किसानों को जमीन दिया लेकिन वह किसानों के नाम नहीं हुई तो इसकी जिम्मेदारी सरकार की है। निर्माण कार्य हो रहे है। जमीन लगातार काम हो रहे है। जमीन सिकुड़ रही है। किसानों के साथ धोखा नहीं होना चाहिए।

## नीतीश ने कटिहार सड़क दुर्घटना पर जताया शोक

**पटना,** 6 मई (देशबन्धु)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र में चांदपुर हनुमान मंदिर के पास स्कार्पियो और ट्रैक्टर के बीच टक्कर में आठ लोगों की हुई मौत पर आज गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। कुमार ने मंगलवार को अपने शोक संदेश में इस घटना को काफी दुखद बताया। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने दुर्घटना में घायल हुए दो लोगों, जिनका इलाज पूर्णिया सदर अस्पताल में चल रहा है, के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने वज्रपात से पटना जिले में तीन तथा गया और अरवल में एक-एक व्यक्ति की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने आज ही मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिए हैं। कुमार ने अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें।



## इंटर टेक का बड़ा कदम, 'मार्कोनाइट' ब्रांड के दुरुपयोग पर कानूनी नोटिस

नई दिल्ली 6 मई (एजेंसियां)। यूके स्थित कंपनी कार्बन इंटरनेशनल लिमिटेड के भारत में अधिकृत प्रमुख वितरक इंटर टेक ने देश में मार्कोनाइट ब्रांड के अवैध उपयोग के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। कंपनी ने उन फर्मों को कानूनी नोटिस भेजने शुरू कर दिए हैं जो बिना अनुमति के मार्कोनाइट नाम का उपयोग करते हुए ग्राउंडिंग सामग्री और इयरथिंग इलेक्ट्रोड्स की आपूर्ति कर रही हैं।

मार्कोनाइट एक विशेष कंडक्टिव कंक्रीट है जिसका उपयोग अर्थिंग (ग्राउंडिंग) में किया जाता है, और इसका निर्माण केवल यूनाइटेड किंगडम में किया जाता है। पिछले 12 वर्षों से इंटर टेक भारत में इसका प्रमुख वितरक रहा है और इस दौरान इसने एक विशिष्ट पहचान और ग्राहकों का विश्वास अर्जित किया है। कंपनी

Marconite

ने कहा है कि नकली उत्पादों को मार्कोनाइट के नाम पर बेचने से न केवल ट्रेडमार्क उल्लंघन होता है, बल्कि इससे बिजली प्रणालियों की सुरक्षा भी गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है और जान-माल का खतरा बढ़ता है। इंटर टेक ने स्पष्ट किया है कि मार्कोनाइट एक पंजीकृत ट्रेडमार्क है (रजिस्ट्रेशन नंबर 4454542) और एक अन्य आवेदन (संख्या 1767422) भी प्रगति में है। कंपनी ने चेतावनी दी है कि यदि संबंधित फर्में 10 दिनों के भीतर मार्कोनाइट नाम का उपयोग बंद नहीं करतीं और अब तक हुई बिक्री व मुनाफे का ब्योरा नहीं देतीं, तो उनके खिलाफ सिविल और आपराधिक कार्रवाई की जाएगी।

चुनौती | *अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अपने नापाक इरादों को पूरा करने की तैयारी में जुटी पाक सेना*

# भारतीय पक्ष की ओर से भी मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी

**जम्मू,** 6 मई (देशबन्धु)। पाकिस्तानी सेना पूरी तरह से युद्ध की तैयारी में है। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर उसकी रक्षा खाई पर जहां उसके टैंकों को धूल उड़ाते हुए देखा जा सकता है वहीं चिकन नेक, छम्ब तथा राजौरी पुंछ के सेक्टरों में मोर्चा संभालने वाले नए ब्रिगेडों की हरकतों को देख यह बात छुपी नहीं रह सकती।

कि पाक सेना अपने नापाक इरादों को पूरा करने की तैयारी में जुटी है। हालांकि भारतीय पक्ष की ओर से भी समुचित उत्तर देने की तैयारी है। पंजाब से सटे जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले की पहाड़पुर सीमा चौकी से लेकर अखनूर के छम्ब सेक्टर तक सीमा के उस पार पाक सेना के टैंक डिवीजनों की तैनाती को देख भारतीय पक्ष चिंतित है। सिर्फ टैंक डिवीजन ही नहीं बल्कि इस क्षेत्र में पाक सेना के दो ब्रिगेड भी तैनात हुए हैं पिछले



■ एलओसी पर प्रतिदिन नए मोर्चे खोल रही पाक सेना

एक सप्ताह के भीतर। नतीजतन सीमा के इस ओर का जनजीवन अब प्रभावित होने लगा है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो पाकिस्तान से सटी 1202 किमी लम्बी सीमा पर युद्ध का माहौल बनने लगा है। सिर्फ माहौल ही नहीं बल्कि पाक सेना के साथ कई स्थानों पर सच में युद्ध हो रहा है। इसे युद्ध ही तो कहा जाएगा जिसमें पाक सेना भारतीय चौकिओं पर हमले कर रही हे। भयानक गोलाबारी कर भारतीय पक्ष को मजबूर कर रही है कि वह उसे करारा जवाब दे। युद्ध की तैयारी दोनों तरफ से है। सैनिक सूत्रों के अनुसार, 264 किमी लम्बी जम्मू सेक्टर की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी टैंक डिवीजनों की मौजूदगी के साथ ही तैनात किए गए सेना के दो ब्रिगेड अपने इलाके में उकसाने वाली कार्रवाइयां कर रहे हैं। सीमा पार के पाक गांव पूरी तरह से खाली होने लगे हैं तथा ब्लैकआउट के बीच क्षेत्र भूतहा लगने लगे हैं। हालांकि भारत की ओर से ऐसी तैयारियां का आरंभ बुधवसार शाम 7 बजे से किया जाने वाला है जिसमें ब्लैक आउट, खतरे के सायरन और हवाई हमलों के दौरान बचाव के तरीकों का प्रशिक्षा शामिल होगा। ठीक इसी प्रकार की स्थिति एलओसी पर भी है। अंतर सिर्फ इतना है कि एलओसी पर पाक सेना प्रतिदिन नए मोर्चे खोल रही है।

जहां परसों उसने राजौरी, पुंछ में भारतीय चौकिओं पर हमले किए वहीं आज उसके निशाने कश्मीर सीमा के कई सैनिक ठिकाने भी थे। लगातार 12वें दिन उसने लगभग पूरी एलओसी को गर्मा कर रखा हुआ है। पाक सेना की तैयारियों में उसकी वायुसेना भी पूरी मदद कर रही है। पाक सेना व वायुसेना की इन तैयारियों का मुहंतोड़ उत्तर देने के लिए भारतीय पक्ष ने भी तैयारी की है। लेकिन उसने युद्ध की तैयारी नहीं बल्कि अपनी भूमि की रक्षा करने के लिए तैयारी की है तभी तो भारतीय सेना अभी द्वितीय रक्षापंक्ति पर तैनात है जम्मू सेक्टर में तो टैंक डिवीजन तैनाती के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यह अवश्य है कि एलओसी पर भारतीय सेना पाक सेना को मुहंतोड़ उत्तर दे रही है।

उल्टा पुल्टा

पति : सब्जी में नमक नहीं है आज...
पत्नी : वो क्या है न आज सब्जी थोड़ी जल गई थी...
पति : तो सब्जी में नमक क्यों नहीं डाला...
पत्नी : जले पर नमक नहीं छिड़कना चाहिए...।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की प्रदूषण की रोकथाम के लिए बैठक, कहा

# प्रदूषण को कम करने के लिए काम कर रही सरकार

■ दिल्ली के सभी इलाकों में पानी छिड़कने वाली गाड़ियां व कृत्रिम बारिश को लेकर हुई चर्चा



वायु प्रदूषण को कम करने के तरीकों पर चर्चा की गई, वाहनों से होने वाले प्रदूषण, धूल प्रदूषण या अन्य प्रकार के प्रदूषण को कम करना जरूरी है : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए राज्य की भाजपा सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस सिलसिले में मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक बैठक की, जिसमें दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने बताया कि बैठक में वायु प्रदूषण को कम करने के तरीकों पर चर्चा की गई। वाहनों से होने वाले प्रदूषण, धूल प्रदूषण या अन्य प्रकार के प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार काम कर रही है। मंगलवार की बैठक में एमसीडी, एनडीएमसी, पीडब्ल्यूडी, डीडीए के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। दिल्ली के सभी इलाकों में पानी छिड़कने वाली गाड़ियां तैनात की जाएंगी। कृत्रिम बारिश को लेकर भी चर्चा चल रही है।

मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 का प्लान रखा गया है। मुख्यमंत्री ने भी काफी सुझाव दिए। प्रदूषण कम करने के लिए दिल्ली से कूड़े के पहाड़ को खत्म किया जाएगा। कई बिंदुओं पर चर्चा हुई है। इस पर आगे काम किया जाएगा। पानी छिड़काव वाली गाड़ियां बढ़ाई जाएंगी। धूलकणों के प्रदूषण को नियंत्रित किया जाएगा। बैठक में कृत्रिम वर्षा पर भी चर्चा की गई। दिल्ली सरकार प्रदूषण को कम करने के लिए चरणबद्ध तरीके से कदम उठाएगी। पंजाब-हरियाणा जल विवाद पर दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि केजरीवाल दिल्ली के लोगों को सबक सिखाना चाहते हैं क्योंकि दिल्ली के विधानसभा चुनाव में जनता ने उनकी दिल्ली से विदाई तय की। केजरीवाल को यह पता होना चाहिए कि लोकतंत्र में सभी को अपनी सरकार चुनने का अधिकार है। केजरीवाल अब पंजाब के रास्ते दिल्ली का पानी रोकने की साजिश रच रहे हैं। दिल्ली की जनता यह सब देख रही है।

## रेखा गुप्ता ने किया श्रमदान, कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर से स्वच्छता अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर परिसर में श्रमदान किया। मुख्यमंत्री ने एनडीएमसी के स्वच्छता अभियान श्रमदान के तहत खुद झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की। सीएम के साथ एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद और उपाध्यक्ष कुलजीत चहल भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने परिसर में सफाई करने के बाद मंदिर में हनुमान जी के दर्शन भी किए, जिसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि आज कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर एनडीएमसी द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। यह आयोजन हमारी राजधानी को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ स्वच्छ भारत अभियान को समर्पित है, जिसने देशभर में स्वच्छता के प्रति एक नई चेतना जगाई है और इसे एक जनआंदोलन में परिवर्तित किया है। उन्होंने लोगों से अपील की वो भी इस अभियान का हिस्सा बनें।

# एमसीडी की खामियों के चलते लाखों लोगों को भरना पड़ रहा ज्यादा हाउस टैक्स : देवेंद्र यादव

कांग्रेस ने ट्रिपल इंजन की सरकार पर लगाया नाकामी का आरोप

**नई दिल्ली,** 6 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली नगर निगम एमसीडी में आंतरिक कमियों का खामियाजा दिल्ली वालों को उठाने का आरोप लगाया है। मंगलवार को देवेन्द्र यादव ने कहा कि एमसीडी में आंतरिक कमियों, हाउस टैक्स के साथ गलत तरीके से लगाए कूड़े के यूजर चार्ज और निगम पोर्टल की खामियों के कारण दिल्ली के गरीब लोगों सैंकड़ों प्रतिशत हाउस टैक्स ज्यादा भरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम खुद स्वीकार कर रहा है कि पोर्टल में कमी के कारण हाउस टैक्स अदायगी की राशि ठीक नहीं है लेकिन परेशानी के डर से लोग अपना हाउस टैक्स भर रहे हैं। ट्रिपल इंजन की सरकार की नाकामी के कारण उदाहरण के लिए जिसका हाउस टैक्स 800 रुपए है उसको 3100 रुपए टैक्स भरना पड़ रहा है।

यादव ने कहा कि एमसीडी की भारी कमी है कि टैक्स कलेक्शन के पोर्टल पर सॉफ्टवेयर की कमी के कारण उपयुक्त टैक्स दर्शाया नहीं जा रहा है और लोगों को तय टैक्स से अधिक हाउस टैक्स देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी की मिलीभगत के कारण हाउस टैक्स में लोगों पर दोहरी मार पड़ रही है। भाजपा और आम आदमी पार्टी की आपसी खींचतान के चलते दिल्ली के लोगों का नुकसान हो रहा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नगर निगम द्वारा कूड़ा उठाने के यूजर चार्ज शुरु करने के बाद दिल्ली के लोगों पर भाजपा और आप पार्टी ने अतिरिक्त बोझ डाला है। हाउस टैक्स के साथ कूड़ा उठाने का यूजर चार्ज को मिलाकर दिल्लीवाले लगभग दोगुना हाउस टैक्स भर रहे हैं जिसके तहत संपत्ति के मालिक न्यूनतम 600 रुपए और अधिकतम 2400 रुपए वार्षिक अतिरिक्त देने पड़ेंगे। इसके साथ व्यवसायिक संपतियों के मालिकों को न्यूनतम 6000 रुपए और अधिकतम 60,000 रुपए प्रति वर्ष देने पड़ रहे हैं।



भाजपा व आम आदमी पार्टी की मिलीभगत के कारण हाउस टैक्स में लोगों पर दोहरी मार पड़ रही है : देवेंद्र यादव, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

## सार संक्षेप

### अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत को दिल्ली पुलिस ने दी चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली की ओखला विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान को अग्रिम जमानत देने के राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले को पुलिस ने दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। मामले की सुनवाई 27 अगस्त को होगी। दिल्ली हाई कोर्ट ने इस मामले में अमानतुल्लाह खान को नोटिस जारी करते हुए उनसे जवाब मांगा है। यह मामला दिल्ली पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज एक आरोप से संबंधित है, जिसमें उन पर सरकारी कर्मचारियों के काम में बाधा डालने का आरोप है। दिल्ली पुलिस का दावा है कि विधायक खान ने हत्या के प्रयास के एक आरोपी शाहबाज खान को हिरासत से छुड़ाने के लिए भीड़ का नेतृत्व किया। पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम जब शाहबाज खान को गिरफ्तार करने गई थी, तभी अमानतुल्लाह खान अपने समर्थकों के साथ वहां पहुंचे और पुलिस से धक्का-मुक्की करने लगे। इसी दौरान शाहबाज खान फरार हो गया।

### थैलेसीमिया पीड़ित 6 साल के बच्चे को मिली नई जिंदगी

**नई दिल्ली।** देश में हर साल थैलेसीमिया के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन इन्हें पर्याप्त स्टेम सेल दाता नहीं मिल पाते। इसके अभाव में पीड़ित को जिंदगी भर खून चढ़ाने की जरूरत रहती है। जो आगे चलकर मरीज को कई तरह के रोग दे सकता है। इसी समस्या को देखते हुए मंगलवार को विश्व थैलेसीमिया दिवस से पूर्व दिल्ली में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ऐसे मरीजों के लिए काम करने वाली संस्था ने स्टेम सेल दाता और प्राप्तकर्ता के अनुभव साझा करवाए। दरअसल, बीकानेर निवासी 6 साल का प्रथम थैलेसीमिया से पीड़ित था। उसे हर 7 से 20 दिनों में खून चढ़वाना पड़ता था। वह इस दर्द को सहन नहीं कर पाता था। उसके लिए स्टेम सेल ट्रांसप्लांट ही आखिरी उम्मीद थी। ऐसे में करीब सात साल इंतजार करने के बाद कानपुर के रहने वाले रोहित उनके लिए जीवन की नई उम्मीद बनकर सामने आए।

### दिल्ली के बाजारों को शिफ्ट करने के बयान पर राजनीति तेज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ऐतिहासिक और भीड़भाड़ वाले बाजारों को स्थानांतरित करने की घोषणा ने राष्ट्रीय राजधानी की राजनीति में हलचल मचा दी है। आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाते हुए कहा है कि यह निर्णय दिल्ली के व्यापारियों के खिलाफ रची गई एक सोची-समझी साजिश है। आप नेता और दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 2 मई को प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बड़े बाजारों को स्थानांतरित करने की बात कही। कार्यक्रम का आयोजन व्यापारी संगठन कैट ने किया था, जिसमें सदर बाजार, चांदनी चौक, दरियागंज, खारी बावली जैसे प्रमुख बाजारों के व्यापारियों को आमंत्रित किया गया था। मुख्यमंत्री के बयान के बाद व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। सौरभ भारद्वाज का कहना है कि भाजपा सरकार का यह कदम न केवल व्यापारियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है, बल्कि दिल्ली की सांस्कृतिक धरोहरों को भी नुकसान पहुंचाएगा।

# महिलाओं के विकास से ही समाज का विकास संभव : विजेंद्र गुप्ता

माता सुन्दरी कॉलेज फॉर विमेन के वार्षिकोत्सव में छात्राओं को किया सम्मानित

**नई दिल्ली,** 6 मई (देशबन्धु)। आज भारत की महिलाएं हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रहीं हैं। नारीशक्ति जब आगे बढ़ती है तो पूरा समाज सश्क्त बनता है, विकास की ऊंचाइयों को छूता है। समाज का विकास महिलाओं के विकास से ही संभव है। यह कहना है विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता का। मंगलवार को माता सुन्दरी कॉलेज फॉर विमेन के 58वें वार्षिकोत्सव पर छात्राओं को संबंधित करते हुए उन्होंने यह बात कही।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद और कॉलेज गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ विक्रमजीत सिंह साहनी, विशिष्ट अतिथि के रूप में नंदिनी पालिवाल, कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. हरप्रीत कौर, हरमीत कालकाजी और अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित थे। गुप्ता ने अपने संबोधन में कॉलेज की शुरुआत और इसके ऐतिहासिक विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह कॉलेज 1967 में माता सुन्दरी गुरुद्वारा परिसर में मात्र 407 छात्राओं के साथ शुरू हुआ था, जो आज एक प्रमुख शैक्षिक केंद्र के रूप में स्थापित हो चुका है। गुप्ता ने कहा कि माता सुन्दरी कॉलेज न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि यह चरित्र निर्माण और सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। यह संस्था माता सुन्दरी जी के आदर्शों का जीवंत प्रतीक है, जिनका जीवन भक्ति शक्ति और नेतृत्व का अद्वितीय संगम था। गुप्ता ने इस बात पर जोर दिया कि कॉलेज में छात्रों को नैतिक मूल्यों के साथ शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए। उन्होंने छात्रों से कहा कि आप अपने शैक्षणिक और व्यक्तिगत जीवन की यात्रा को विवेकपूर्ण सोच, जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ प्रारंभ करें। यह यात्रा न केवल आपकी समझ को समृद्ध करेगी, बल्कि आपको एक जिम्मेदार और विचारशील नागरिक के रूप में आकार भी देगी।




# दिल्ली की जनता व सरकार मॉक ड्रिल के लिए तैयार : आशीष सूद

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी की जनता और भाजपा सरकार 7 मई को होने वाली मॉक ड्रिल के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे 7 मई को मॉक ड्रिल आयोजित करें। आशीष सूद ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और संकल्प को पूरा करने के लिए दिल्ली के लोग और दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध हैं। साल 1971 के बाद पहली बार मॉक ड्रिल हो रहा है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद, आज हर नागरिक आक्रोशित है। आतंकवादियों के खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई करे। देश के सभी नागरिक भारत सरकार के साथ मजबूती के साथ खड़े हैं। ऐसे में दिल्ली कैसे पीछे रह सकती है, दिल्ली भी पूरी तरह से तैयार है।



हरियाणा-पंजाब जल विवाद पर उन्होंने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी हार का बदला लेने के लिए पंजाब सरकार की ओर से षड्यंत्र रच रहे हैं। वह पानी रोकने का काम कर रहे हैं। मैं इसकी कड़ी शब्दों में निंदा करता हूं। दूसरी ओर, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 24 घंटे बिजली सुनिश्चित करने के लिए नई तकनीक से निर्मित 66 केवी सबस्टेशन का उद्घाटन किया।

## निगम ने की अवैध मलबे से भरे दो ट्रैक्टरों के खिलाफ कारवाई

**नई दिल्ली,** 6 मई (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे रहे मेगा स्वच्छता अभियान के तहत शाहदरा साउथ जोन में निगम टीम ने अवैध मलबे को लेकर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। शाहदरा दक्षिण जोन के उपायुक्त बादल कुमार ने औचक निरीक्षण के दौरान निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट मलबे का अवैध रूप से परिवहन कर रहे दो अलग-अलग ट्रैक्टरों को पकड़ा और नियमों के उल्लंघन पर ट्रैफिक पुलिस को मौके पर बुलाकर उचित चालान कटवाया गया।

उपायुक्त बादल कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर चालक न तो अपशिष्ट सामग्री को ढककर ले जा रहा थे, न ही उनके पास वैध परमिट थे। एक मामले में डीसीपी ईस्ट और डीसीपी ट्रैफिक के हस्तक्षेप से ट्रैक्टर के 64000 रुपये के दो चालान काटे गए। ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैक्टर को भी जब्त कर लिया है। साथ ही, नो पार्किंग एरिया में खड़े कमर्शियल वाहनों का भी ट्रैफिक पुलिस ने चालान काटा। वहीं, ऐसे ही एक अन्य मामले में ट्रैक्टर के 42000 और 17000 के दो चालान काटे गए और ट्रैक्टर को भी जब्त किया गया।

## लॉरेंस एंड मेयो ने अपना नया लग्जरी फ्लैगशिप बुटीक किया लांच

**नई दिल्ली,** 6 मई (देशबन्धु)। दिल्ली के जनपथ पर लॉरेंस एंड मेयो का प्रतिष्ठित बुटीक अब नए अंदाज में सामने आया है। भारत के सबसे पुराने और सबसे भरोसेमंद ऑप्टिकल ब्रांड्स में से एक लॉरेंस एंड मेयो ने अपना नया लग्जरी फ्लैगशिप बुटीक लॉन्च किया है। यह स्टोर 100 साल से भी ज्यादा समय से दिल्ली की सेवा कर रहा है और अब कंपनी की चौथी पीढ़ी इसे नई ऊंचाइयों पर ले जाने की तैयारी कर रही है।



जनपथ पर खुला यह नया बुटीक खास तौर पर लग्जरी और एडवांस विजन केयर को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। लॉरेंस एंड मेयो देश का एकमात्र ऑप्टिशियन है जो हाई-प्रिसिशन आई टेस्ट के साथ-साथ रेटिना हेल्थ चेक-अप भी करता है। यानी अब आपको एक ही जगह पर फैशन और आई हेल्थ का परफेक्ट कॉम्बिनेशन मिलेगा। इस खास मौके पर मेहमानों को दुनिया के सबसे महंगे और पसंदीदा आईवियर ब्रांड्स देखने का मौका मिला। इनमें कार्टियर, टॉम फोर्ड, मेबैक, डिटा, बेंटले, प्रादा, पर्सोल, थियो, गुच्ची और रे-बैन जैसे नाम शामिल हैं। लॉरेंस एंड मेयो पहली भारतीय कंपनी है जो कम्प्यूटरीकृत नेत्र परीक्षण, प्रगतिशील लेंस और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड भारत में लेकर आई है।

## सीता नवमी महोत्सव पर राष्ट्र मंदिर विश्व रामायण आश्रम पहुंचे जेपी नड्डा

**नई दिल्ली,** 6 मई (देशबन्धु)। भारतीय संस्कृति की आत्मा उसके पर्व-त्योहार, रीति-रिवाज और परंपराएं हैं। जब तक कोई राष्ट्र अपनी संस्कृति और मूल्यों से जुड़ा रहता है, तब तक वह संस्कारवान बना रहता है। आज आधुनिक समय में हम अनेक ऐसे उत्सव मनाते हैं जिनका मनोरंजन के अतिरिक्त कोई गहरा सांस्कृतिक आधार नहीं होता। वहीं दूसरी ओर कुछ पारंपरिक पर्व ऐसे भी हैं जो धीरे-धीरे विस्मृत होते जा रहे हैं। ऐसा ही एक पर्व सीता नवमी महोत्सव है। सीता नवमी महोत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय मंदिर विश्व रामायण आश्रम के प्रांगण में श्रदेय अजय भाई की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। इस मौके पर केंद्र के संस्थापक अजय भाई ने जेपी नड्डा और उनकी पत्नी मल्लिका नड्डा का स्वागत किया।



■ डॉ. वेद टंडन ने जेपी नड्डा और उनकी पत्नी मल्लिका नड्डा को भेंट की रामायण

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव के अध्यक्ष डॉ. वेद टंडन भी मौजूद रहे। डॉ. वेद टंडन ने जेपी नड्डा और उनकी पत्नी मल्लिका नड्डा को रामायण भेंट की।

## दिल्ली के जल मंत्री को पानी के स्त्रोत के बारे में भी जानकारी नहीं : आतिशी

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी में गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच पानी की किल्लत ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। इसी मुद्दे पर 'आप' ने भाजपा की अगुवाई वाली दिल्ली सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए तीखा हमला बोला है।



आतिशी ने मौजूदा जल मंत्री प्रवेश वर्मा के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उनके इस्तीफे की मांग की है। आतिशी ने कहा है कि दिल्ली के जल मंत्री को यह भी जानकारी नहीं है कि राज्य को पानी किन स्त्रोतों से मिलता है। यह बात हैरान करने वाली है और उनकी अयोग्यता को दर्शाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दिल्ली को जल आपूर्ति केवल दो प्रमुख नदियों, गंगा और यमुना, से होती है, जिनमें से कोई भी पंजाब से नहीं आती। ऐसे में यह कहना कि पंजाब ने दिल्ली का पानी रोक लिया है, सरासर गलत और भ्रामक है। उन्होंने तकनीकी जानकारी साझा करते हुए बताया कि दिल्ली को गंगा नदी का जल 'अपर गंगा कैनाल' से और यमुना का जल 'मुनक कैनाल' से मिलता है।

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र.सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09242331A | केबल असेंबली | 2069 नग | 23-05-25 |

निविदा शर्तें - 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं. 12/2025-2026 दिनांकः- 05.05.2025 1333/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
TENDER NOTICE
ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | | |
|---|---|---|
| | एन आई टी | 30, 31, 32-2025-26-डब्ल्यू-4 |
| 1 | काम का नाम (स्थान के साथ) | **30)** एडीईएन/आरओके के अधिकार क्षेत्र में डीएलआई-बीटीआई खंड पर मार्ग के उन्नयन और गति बढ़ाने के साथ-साथ अतिक्रमण और अतिक्रमण को रोकने के लिए किमी. 13.0 से 24.0 तक सीमा दीवार का निर्माण। **कार्य की समान प्रकृतिः** प्रीकास्ट आरसीसी/पीएससी कार्य<br>**31)** एडीईएन/आरओके के अधीन आरओके-महम-हांसी रेलवे लाइन के विभिन्न स्टेशनों पर यार्ड में नाली कवर का प्रावधान तथा स्टाफ क्वार्टरों में बचा हुआ विविध कार्य। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य<br>**32)** डीएलआई-बीटीआई सेक्टर पर नियंत्रण रेखा संख्या 120,128 129, 145, 147, 161,170,171, 172,191, 212, 218, 222, 223, 234, 238 पर बाएं तरफ शेड को कवर करना और जल निकासी व्यवस्था में सुधार करना। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य |
| 2 | काम की अनुमानित लागत | **30)** रुपये 138768276.50 **31)** रुपये 51299063.65 **32)** रुपये 198560146.60 |
| 3 | अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोटः रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) **30)** रुपये 843900.00 **31)** रुपये 406500.00 **32)** रुपये 1142800.00 |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | **30)** 12 महीने **31)** 09 महीने **32)** 12 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 30.05.2025 को 15:00 बजे तक तथा 30.05.2025 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर उपलबध है। |

No. 128-W/280/OET/2025-26/W-IV/ 30, 31, 32 Date 06.05.2025 1342/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

श्याम लाल महाविद्यालय सांध्य में संस्कृत संभाषण शिविर का समापन समारोह आयोजित

# भारत की आत्मा व संस्कृति की संवाहक है संस्कृत : प्रो.ओमनाथ बिमली

**नई दिल्ली,** 6 मई (देशबन्धु)। संस्कृत भारती, दिल्ली और श्याम लाल महाविद्यालय (सांध्य) के संयुक्त तत्वावधान में दस दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन के समापन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.नचिकेता सिंह ने संस्कृत की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसे शिविर हमारी चेतना को जागृत करने का काम करते हैं। संस्कृत हमारी परंपराओं की संरक्षक है। उन्होंने महाविद्यालय में दस दिन तक चले इस शिविर की सफलता पर सभी को बधाई दी। संस्कृत भारती ने महाविद्यालय के प्राचार्य के संस्कृत के प्रति विशेष अनुराग को देखते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

■ श्याम लाल महाविद्यालय (सांध्य) के प्राचार्य हुए सम्मानित



इस समारोह के विशिष्ट अतिथि सेंटर फॉर हिन्दू स्टडीज,डीयू के निदेशक प्रो.ओमनाथ बिमली ने महाविद्यालय के इस महती भूमिका की तारीफ़ करते हुए कहा कि यहां संस्कृत विभाग न होने के बावजूद संस्कृत के प्रति यहां के प्राचार्य ने बहुत निष्ठापूर्वक काम किया है। ऐसे आयोजन में आकर बहुत खुशी महसूस हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि संस्कृत हमारी संस्कृति की संवाहक है। संस्कृति हमें संस्कार देती है। इस समारोह में वह संस्कार हमें दिखाई दे रहा है। इतने व्यवस्थित और अनुशासित आयोजन कम देखने को मिलते हैं। संस्कृत भारत की आत्मा है। इस समारोह में उस आत्मा की झलक देख रहा हूं। हमें इस भाषा को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना है।

इस शिविर में अध्यापन कार्य हेतु आए दोनों अध्यापकों क्रमशः डॉ. मदन मोहन तिवारी और प्रज्ञा त्रिपाठी ने इस शिविर के दस दिवसीय अनुभव को सभी से साझा किया।

महाविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने दस दिन में सीखी संस्कृत भाषा में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसको सभी ने बहुत सराहा। इस शिविर में शामिल प्रतिभागियों और सृजन के पदाधिकारियों को सर्टिफिकेट और मोमेंटो प्रदान किए गए। समारोह के अंत में हिंदी विभाग की प्रभारी प्रो. सुमित्रा ने विशिष्ट अतिथि, प्राचार्य महोदय, शिविर के दोनों अतिथि शिक्षकों,विभिन्न विभागों के उपस्थित शिक्षकगणों, नॉन टीचिंग स्टाफ ,उपस्थित सभी विद्यार्थियों के साथ इस शिविर के सभी प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। समापन समारोह का संचालन दस दिवसीय संभाषण शिविर के संयोजक डॉ. नीरज कुमार मिश्र ने किया। इस समारोह में संस्कृत प्रेमियों की बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** “ पुलिस अधिकारियों को नशे के सौदागरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी होगी। ताकि समाज में एक अच्छा संदेश जा सके। संगोष्ठी में। गौड़ ने अधिकारियों से कहा कि वह लगातार थानों का नियमित रूप से निरीक्षण करें और जहां पर थानों की इमारत जर्जर हालत में है उसका जीर्णोद्धार कराएं : **जे.रविंद्र कौर, पुलिस कमिश्नर।**

## संभव में नगर आयुक्त ने अधिकारियों के साथ की जनसुनवाई




**संभव में प्राप्त मांग पत्रों पर एस्टीमेट तैयार कर प्रस्तुत करें निर्माण : नगर आयुक्त**

**■ समस्याओं के तत्काल समाधान के दिए निर्देश**

**गाजियाबाद, 6 मई (देशबन्धु)।** नगर निगम मुख्यालय पर मंगलवार को संभव जनसुनवाई का आयोजन हुआ। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निगम अधिकारियों के साथ मिलकर जनसुनवाई की। संभव के अंतर्गत 13 मामले प्राप्त हुए, जलकल विभाग से चार संदर्भ, निर्माण विभाग से चार संदर्भ, डुडा विभाग से एक संदर्भ, प्रकाश विभाग से एक संदर्भ, स्वास्थ्य विभाग से दो संदर्भ तथा अतिक्रमण संबंधित एक संदर्भ प्राप्त हुआ नगर आयुक्त ने समस्याओं के समाधान पर तत्काल कार्रवाई करने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए तथा कार्रवाई कराई गई। ऐसे पत्र जो की निर्माण की है जिनमें मांग की जा रही है उन पर भी आगणन प्रस्तुत करने के लिए निर्माण विभाग को कहा गया, संभव के दौरान पंचवटी क्षेत्र से इंटरलॉकिंग तथा नालियों के बनाने की मांग प्राप्त हुई। जिस पर नगर आयुक्त ने शिकायतकर्ताओं से वार्ता करते हुए तत्काल निर्णय लिया मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी को दो दिन के भीतर एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए, इस प्रकार अन्य निर्माण संबंधित कार्यों को सूचीबद्ध करते हुए एस्टीमेट बनाने के लिए कहा गया। संभव के दौरान मौके पर कई पार्षदों द्वारा भी अपने क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की गई जिसमें नगर आयुक्त द्वारा संबंधित विभाग अधिकारियों को मौके पर निरीक्षण करते हुए समाधान के लिए निर्देश दिए गए अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, सह प्रभारी प्रकाश आश कुमार, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव, प्रभारी संपत्ति पल्लवी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अब अवैध निर्माणों की पहचान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व सैटेलाइट इमेजिंग तकनीक से करेगा जीडीए

**गाजियाबाद, 6 मई (देशबन्धु)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध निर्माणों एवं अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने जा रहा है। जिसके अंतर्गत अब जीडीए अवैध निर्माणों की पहचान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और सैटेलाइट इमेजिंग तकनीक के माध्यम से करेगा। जिसके लिए जीडीए लगातार कार्य कर रहा है।



जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने मंगलवार को बताया कि इस अभियान में जिओमैट्रिक्स कंपनी की सहायता ली जा रही है, जो सैटेलाइट इमेजेज का विश्लेषण कर अवैध निर्माणों को चिन्हित कर रही है। तकनीक आधारित यह प्रणाली जमीन पर निरीक्षण से पहले ही संभावित अवैध निर्माणों की सटीक पहचान करने में सक्षम है, जिससे कार्रवाई की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बन सकेगी।

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में प्रवर्तन जोन-1 और जोन-2 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा। इनमें सर्वप्रथम मोदीनगर क्षेत्र में चिन्हित अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की जाएगी। अवर अभियंता को इन निर्माणों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु विस्तृत कार्ययोजना के साथ निर्देशित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज जीडीए कार्यालय में किया गया, जिसमें प्रवर्तन प्रभारी, संबंधित सहायक अभियंता, अवर अभियंता एवं सुपरवाइज़र सहित अन्य तकनीकी स्टाफ उपस्थित रहे।

## मुस्लिम समाज को बहकाकर कांग्रेस, सपा व बसपा ने की वोट, नोट व खोट की राजनीति : शाजिया इल्मी




**गाजियाबाद, 6 मई (देशबन्धु)।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने सोमवार को यहां कहा कि मुस्लिम समाज को बहकाकर कांग्रेस, सपा और बसपा ने वोट, नोट और खोट की राजनीति की है।

शाजिया इल्मी सोमवार की शाम को भारतीय जनता पार्टी, महानगर गाजियाबाद के तत्वावधान में 'वफ्फ सुधार जनजागरण अभियान' के अंतर्गत आयोजित अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद संगोष्ठी को सम्बोधित कर रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की। शाजिया इल्मी ने वक्फ सुधार जनजागरण संगोष्ठी में बोलते हुए कहा कि वक्फ संपत्तियों का दुरुपयोग और उन पर भ्रष्टाचार एक गहरा षड्यंत्र रहा है, जिसमें दशकों से कांग्रेस, सपा और बसपा जैसी पार्टियां शामिल रही हैं। उन्होंने कहा कि इन दलों ने मुस्लिम समाज को केवल वोट बैंक समझा, उन्हें विकास और अधिकारों से दूर रखकर वक्फ संपत्तियों को लूट का अड्डा बना दिया। वोट, नोट और खोट की इस तिकड़ी ने वक्फ़ बोर्ड को अपने खास लोगों के हवाले कर दिया, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही समाप्त हो गई। कहीं न कहीं इन संपत्तियों का गलत हाथों में जाना और पारदर्शिता की कमी, अल्पसंख्यक समाज को ही नुकसान पहुंचा रही है। भाजपा सरकार इन मुद्दों को नजरअंदाज नहीं करेगी। हमारा लक्ष्य है कि वक्फ संपत्तियां उनके असली हक़दारों तक पहुंचें और उनका उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य व सामाजिक कल्याण में हो।

उन्होंने कहा कि भाजपा इस राजनीतिक धोखे को उजागर करने का काम कर रही है। हम चाहते हैं कि वक्फ संपत्तियां मुस्लिम समाज के वास्तविक कल्याण – जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार – में लगें, न कि राजनीतिक हितों की पूर्ति में। मुस्लिम युवाओं को चाहिए कि वे इस सच्चाई को समझें और इस अभियान से जुड़कर बदलाव लाने में योगदान दें। अल्पसंख्यक मोर्चा, प्रदेश अध्यक्ष कुंवर वाहिद ने कहा कि वक्फ संपत्तियों पर सबसे ज़्यादा कब्ज़ा और भ्रष्टाचार उन्हीं दलों के समय में हुआ जिन्होंने अल्पसंख्यकों के नाम पर केवल वोटबैंक की राजनीति की। कांग्रेस, सपा और बसपा ने वक्फ़ बोर्ड को अपने नेताओं और चहेतों का अड्डा बना दिया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि यह संगोष्ठी भाजपा की पारदर्शी कार्यप्रणाली और समाज के प्रति उत्तरदायित्व को दर्शाती है। हम चाहते हैं कि वफ्फ़ बोर्ड भ्रष्टाचारमुक्त हो और उसकी संपत्तियां उन लोगों के कल्याण में लगें जिनके लिए वे आरक्षित हैं। यह अभियान गाजियाबाद से एक सकारात्मक संदेश देगा। कार्यक्रम को पूर्व महापौर आशु वर्मा, महापौर आशा शर्मा, बलदेव राज शर्मा, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, पूर्व, सरदार एस.पी. सिंह,कार्यक्रम के सहसंयोजक डॉ. नदीम अहमद कुरैशी, डॉ. अशोक नागर, जावेद खान, जावेद खान सैफ, बलप्रीत सिंह ने भी अपने विचार रखे।

## सार संक्षेप

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ मोबाइल फोन चोर

**नोएडा।** थाना फेज-तीन क्षेत्र के सेक्टर-66 स्थित गांव मामूरा के एक घर से युवक मोबाइल फोन चोरी करके ले जाते हुए सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में कैद हो गया। घटना रविवार रात की बताई जा रही है। पुलिस जांच में जुटी है। गांव मामूरा निवासी गौरव कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सोमवार रात एक वीडियो पोस्ट किया। नौ सेकेंड के वीडियो में एक युवक घर के बाहर से निकलकर जा रहा है। उसके हाथ में कुछ सामान भी है। वीडियो पोस्ट करने वाले का दावा है कि चोर उसका आईफोन चोरी करके भाग गया। पीड़ित का कहना है कि एक वर्ष पहले भी लैपटॉप और मोबाइल फोन चोरी हुआ था, लेकिन पुलिस ने गुमशुदगी में केस दर्ज किया था। उसका आज तक कोई सुराग नहीं लगा। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि वीडियो के आधार पर चोर की पहचान कर ली है। जल्द ही वारदात का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

### मामूली विवाद में पिता-पुत्री को पीटा

**नोएडा।** सलारपुर गांव में मामूली विवाद में पड़ोसियों ने पिता-पुत्री को पीटकर घायल कर दिया। सेक्टर-39 थाने में दी शिकायत में सलारपुर निवासी ताराचंद ने बताया कि रविवार शाम को सात बजे के करीब पड़ोसी सोनू और सराजु ने उसके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर दोनों ने ताराचंद और उसकी बेटी के साथ मारपीट की। आरोपियों ने शिकायतकर्ता और उसकी बेटी को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। आरोप है कि आरोपी पूर्व में भी शिकायतकर्ता और उसके परिवार को परेशान कर चुके हैं। पूरे घटनाक्रम को जानने के लिए पुलिस शिकायतकर्ता के घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

### वेव्स 2025 में सलाम नमस्ते को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार



**नोएडा।** मुंबई में आयोजित वेव्स 2025 में 8 वें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन के दौरान 10 वें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार की घोषणा की गई। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते को सर्वाधिक नवीन सामुदायिक सहभागिता पुरस्कार के लिए तृतीय पुरस्कार मिला। सलाम नमस्ते को यह पुरस्कार रेडियो कार्यक्रम मेड दीदी के लिए दिया गया। वहीं वेव्स 2025 के दौरान केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड बर्षा छबारिया को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट एवं नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड बर्षा छबारिया ने बताया कि हम चार बार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित उत्तर प्रदेश के पहले सामुदायिक रेडियो है।

## गाजियाबाद में अवैध कॉलोनियों पर चला जीडीए का बुलडोजर



**गाजियाबाद, 6 मई (देशबन्धु)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जीडीए का बुलडोजर मंगलवार को प्रवर्तन जोन एक मे चला। जहां नूरनगर में अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिया गया।

प्रभारी, प्रवर्तन जोन-1 के नेतृत्व में ग्राम नूरनगर, खसरा संख्या-835 पर की जा रही लगभग 30 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल की अवैध प्लॉटिंग, मिट्टी भराव एवं चारदीवारी निर्माण को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान स्थानीय विकासकर्ताओं ने विरोध भी किया, लेकिन प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल की सख्ती से ध्वस्तीकरण सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

प्रभारी अधिकारी, प्रवर्तन जोन-1 ने स्पष्ट चेतावनी दी कि बिना प्राधिकरण की अनुमति के किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य पूर्णतः वर्जित है और ऐसे निर्माणों को हर हाल में ध्वस्त किया जाएगा। इस कार्रवाई में अवर अभियंता व प्रवर्तन जोन-1 का पूरा स्टाफ, प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ता एवं पुलिस बल उपस्थित रहे।

## ड्रग माफिया की रीढ़ तोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए : पुलिस कमिश्नर



**■ सीपी ने पुलिस अधिकारियों की थानों का नियमित निरीक्षण करने के दिए निर्देश**

**गाजियाबाद, 6 मई (देशबन्धु)।** पुलिस कमिश्नर जे.रविंद्र कौर में मंगलवार को अपने मातहत पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह ड्रग माफिया (नशे के सौदागरों) के खिलाफ विशेष अभियान चलाएं। और उनकी रीड को तोड़ने का काम करें ताकि दिल्ली से सटे गाजियाबाद जिले को नशा मुक्त किया जा सके। पुलिस आयुक्त मंगलवार को पुलिस लाइन्स स्थित परमजीत हॉल में पुलिस के अधिकारियों को एक संगोष्ठी में संबोधित कर रहे थे। पुलिस आयुक्त ने कहा कि नशे के कारोबारी समाज में जहर घोलते हैं। जिससे समाज पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। ऐसे कारोबारियों के खिलाफ पुलिस को ससख्त कार्रवाई करनी है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों को नशे के सौदागरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी होगी। ताकि समाज में एक अच्छा संदेश जा सके। संगोष्ठी में। गौड़ ने अधिकारियों से कहा कि वह लगातार थानों का नियमित रूप से निरीक्षण करें और जहां पर थानों की इमारत जर्जर हालत में है उसका जीर्णोद्धार कराएं। उन्होंने कहा कि थानों को बुनियादी सुविधाओं से लैस करें और एक बेहतरीन बनाने का बनाने का भरसक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि थानों में पुलिसकर्मियों और आगंतुकों के लिए बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाए तथा जनता के साथ बेहतर समन्वय पुलिस अधिकारी स्थापित करें। इस बैठक में एडीसीपी (कानून व्यवस्था) आलोक प्रियदर्शी, एडीसीपी (मुख्यालय) कल्पना सक्सेना, एडीसीपी (अपराध) पीयूष सिंह, डीसीपी सिटी राजेश कुमार, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, डीसीपी ग्रामीण एस एन तिवारी समेत तमाम एसीपी भी मौजूद रहे।

## गृहकर न जमा कराने वालों को भेजा जाएगा अंतिम नोटिस

**■ सीपी पाठक**

**खोड़ा, 6 मई (देशबन्धु)।** पिछले आठ वर्ष से बकाया गृहकर न जमा करवाने वालो को नगर पालिका परिषद द्वारा अंतिम नोटिस भेजा जाएगा। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद खोड़ा मकनपुर द्वारा गृहकर न जमा करवाने वालो को अंतिम नोटिस भेजने की तैयारी की जा रही है। शीघ्र ही बड़े बकाएदारों की सूची बनाने पर विचार किया जा रहा है। सूची तैयार होने के बाद लोगो को एक मौका देकर अंतिम नोटिस भेजा जाएगा। उसके बाद भी गृहकर न जमा करवाने वाले प्रतिष्ठानों और भवन स्वामियों की सूची का प्रकाशन भी करवाया जा सकता है। इतना ही नहीं नियमो का पालन न करने पर रिकवरी की कार्रवाई भी की जाती है। मगर रिकवरी के प्रावधान की प्रक्रिया थोड़ी लंबी होती है। निकाय क्षेत्र के अंतर्गत लगभग पचास हजार भवन है जिसमें लगभग चार हजार से ज्यादा मंदिर मस्जिद चर्च गुरुद्वारा और सरकारी इमारतें है जिनसे गृहकर वसूल नहीं किया जाएगा। प्राथमिक दौर में गृहकर बिल भेजने पर लोगो ने इसे बड़े ही हल्के में लिया। नपा द्वारा सीमित संसाधनों में भी साफ सफाई झाड़ू पेयजल आदि कई सुविधाएं देने का प्रयास भी किया गया। गृहकर तो देर सवेर जमा ही करना पड़ेगा। इससे बचना संभव नहीं है। वर्ष 2017 से लेकर वर्ष 2023 तक लगभग दस हजार लोगों ने चार करोड़ से अधिक राशि बतौर गृहकर जमा करवाया। लेकिन वित्तीय वर्ष 2024 से 2025 में इस आंकड़े काफी प्रभावशाली और सकारात्मक रहा। लगभग चार हजार से अधिक भवन मालिकों ने इस दौरान सवा तीन करोड़ की राशि जमा करवा दी गई। नगर पालिका परिषद बोर्ड द्वारा पिछले दो तीन वर्षों से लोगो को गृहकर जमा करवाने पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट का लाभ प्रदान किया गया।

## सिटी बस टर्मिनल की इमारत में बनेगी स्टार्टअम हब

**■ एक फ्लोर पर किराए पर किया जाएगा आवंटन**
**■ जल्द निकाली जाएगी योजना**

**नोएडा, 6 मई (देशबन्धु)।** यूपी की केबिनेट बैठक में स्टार्टअप को बढ़ावा देने की बात की गई। इसके लिए प्राधिकरण ने तैयारी भी शुरू कर दी है। प्राधिकरण सेक्टर-82 सिटी बस टर्मिनल की खाली इमारत के एक फ्लोर स्टार्ट अप के लिए आवंटित करेगा। यह सिर्फ बेस्ट आईडियाज देने वाले स्टूडेंट को दिया जाएगा। आवंटन कैसे किया जाएगा इसकी रुप रेखा तैयार की जा रही है। इसे किराए पर दिया जाएगा। ये किराया प्रतिवर्गमीटर की दर से होगा। स्टार्ट अप शुरू करने के लिए ये बेहतर विकल्प होगा इसके बाद ये अपना व्यवसाय शुरू कर सकते है। बता दे सिटी बस टर्मिनल की इमारत को पहले अस्पताल में बदलने की योजना थी। इसके लिए आरएफपी भी जारी की गई थी। कंपनी नहीं आने पर प्राधिकरण अब इस इमारत फ्लोर को स्टार्टअप के लिए देगा। इससे पहले प्राधिकरण फेज-2 में पुरानी कोर्ट के परिसर को स्टार्ट अप के लिए दे चुकी है। ऐसे में टर्मिनल की नई इमारत का प्रयोग होगा और प्राधिकरण को राजस्व भी मिलेगा। सेक्टर-82 बस टर्मिनल की खाली पड़ी इमारत को किराए पर देने की तैयारी है। हालांकि इसके इंटीरियर में बदलाव किया जाएगा या नहीं इस पर संशय है। इसमें बदलाव के लिए बोर्ड मैंबर की अनुमति लेना जरुरी है। वहीं इसके ग्राउंड फ्लोर पर बस टर्मिनल ही रहेगा। बता दे सिटी बस टर्मिनल का काम जनवरी 2015 में शुरू हुआ था। इसकी पहली डेडलाइन जुलाई 2016 थी लेकिन जमीन विवाद और मामला न्यायालय में चले जाने के कारण काम रुक गया। इसके बाद इसका काम सितंबर 2022 में जाकर पूरा हुआ। ये 157 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हुई थी। सिटी बस टर्मिनल इमारत दो हिस्सों में बंटी हुई है। एक हिस्से में बेसमेंट के अलावा तीन दो हैं जबकि दूसरे हिस्से में तीसरे से आठ तल तक का हिस्सा बना हुआ है। बेसमेंट में 522 कार खड़ी करने की पार्किंग है। भूतल पर बस संचालन का एरिया संचालित हो रहा है जिसमें 40 बस पार्किंग के अलावा 100 कार व टैक्सी पार्किंग की सुविधा है। इनके अलावा स्वागत कक्ष, बुकिंग सेंटर, ऑफिस, प्रतीक्षालय, कॉरिडोर व फूड कोर्ट के लिए स्थान आरक्षित हैं। प्रथम तल पर दुकान, ऑफिस, फूड कोर्ट और लाइब्रेरी कमरा बना हुआ है। द्वितीय तल पर यात्री निवास, साइबर कैफे, फूड कोर्ट, काउंटर और प्रतीक्षालय एरिया बना हुआ है।

## पांच साल पहले गुम हुई मां-बेटी बरामद

**नोएडा, 6 मई (देशबन्धु)।** नोएडा में पांच साल पहले मां बेटी के गुम होने के संबंध में थाना सेक्टर-49 पुलिस ने एक मुकदमा दर्ज किया। तलाश करने के बाद मां बेटी का कोई सुराग नहीं लगा। नोएडा पुलिस ने 6 नवम्बर 2022 को इसमें फाइनल रिपोर्ट लगा दी। इस दौरान दिल्ली में एक अज्ञात शव मिला। इसकी शक्ल बच्ची से हुबहू मिलती थी। कद काठी भी सामान थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद बिसरा प्रिजर्व किया और 17 नवंबर 2022 को दोबारा से फाइनल रिपोर्ट लगा दी। इस मामले में बच्ची और मां दोनों की जानकारी नहीं मिली। अचानक 23 अप्रैल 2025 को बच्ची के पिता ने थाना सेक्टर-49 पुलिस को सूचना दी कि उनके मोबाइन नंबर पर एक ओटी आ रहा है। ये ओटीपी आधार कार्ड में मोबाइल नंबर चेंज कराने से संबंधित था। पीड़ित ने बताया कि उसने अपना नंबर अपने बेटी के आधार कार्ड के साथ अटैच किया था। लगातार तीन बार अलग-अलग नंबर से मोबाइल नंबर चेंज करने की एप्लीकेशन के लिए ओटीपी आया। ऐसे में नोएडा पुलिस ने तत्काल आधार कार्ड बनाने वाली एजेंसी से संपर्क किया।

## मेट्रो ट्रेन के आगे कूदी युवती, मौके पर ही मौत

**नोएडा, 6 मई (देशबन्धु)।** नोएडा के गोल्फ कोर्स मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन के आगे एक युवती कूद गई। युवती की मौके पर मौत हो गई। युवती की पहचान 25 साल की सिम्मी के रूप में हुई है। पिता राजीव रंजन निवासी गेट नंबर-1 सेक्टर-39 में परिवार के साथ रहती थी। घटना दोपहर करीब डेढ़ से दो बजे की बीच की है। स्टेशन प्रबंधन ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में अभी तक कोई शिकायत नहीं की गई है। पुलिस मेट्रो स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज देख रही है। युवती हाथ में बैग लिए गोल्फ कोर्स मेट्रो स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर खड़ी थी। बताया गया कि वो दिल्ली जा रही थी। इस दौरान दिल्ली जाने वाली मेट्रो स्टेशन पर आ रही थी। उसी ट्रेन के आगे अचानक से युवती कूद गई। लोग जब तक उसकी तरफ दौड़े ट्रेन ऊपर से जा चुकी थी। इस दौरान मेट्रो के बैक किया गया। जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस ने शव को ट्रैक से हटाया। डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। युवती मेट्रो के आगे क्यों कूदी इसकी जांच की जा रही है। अभी मौके पर परिजन पहुंचे है उनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं युवती का बैग और फोन भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।

## नोएडा प्राधिकरण के दो उद्यानकर्मी निलंबित

**■ लेखपाल को निलंबित करने के लिए मूल विभाग भेजा पत्र**
**■ शासकीय कार्य में बरती लापरवाही**

**नोएडा, 6 मई (देशबन्धु)।** काम में लापरवाही बरते पर प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने उद्यान विभाग के दो कर्मियों को निलंबित किया है। वहीं लेखपाल को निलंबित करने के लिए उप्र राजस्व परिषद को पत्र लिखा गया है। प्राधिकरण ने बताया कि अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी के कार्यालय में तैनात प्रमोद कुमार उद्यानकर्मी व कुलदीप कुमार अनुरक्षक अपने कार्य में दिन प्रति दिन लापरवाही बर रहे थे।

बिना किसी पूर्व सूचना के कार्यालय में अनुपस्थित रहते है। प्राधिकरण के कार्यों में रुचि नहीं लिए जाने और उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की गई। प्राधिकरण ने बताया कि दोनों को कई बार मौखिक रूप से वार्निंग भी दी गई। लेकिन इनकी कार्य प्रणाली में कोई सुधार नहीं आया। इस कारण शासकीय कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। ऐसे में प्रमोद कुमार उद्यानकर्मी (कोड संख्या 3526) और कुलदीप कुमार अनुरक्षक (कोड संख्या 3623) को निलंबित कर प्राधिकरण के कार्मिक विभाग से अटैच किया गया है।

**गांवों में बढ़ा अतिक्रमण लेखपाल निलंबित**

1 अगस्त 2024 को प्राधिकरण सीईओ, जिलाधिकारी और अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने नोएडा के गांव हाजीपुर, सलारपुर खादर आदि आदि का निरीक्षण किया। यहां अतिक्रमण हटाने और सील करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद हाल ही में दोबारा से इन्हीं गांवों का निरीक्षण किया गया। यहां पाया गया कि यहां न तो सीलिंग और न ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। जिससे बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण हुआ। इसमें लेखपाल विनय कुमार चौहान की शासकीय दायित्वों के प्रति गंभीर लापरवाही सामने आई। प्राधिकरण ने लेखपाल विनय कुमार चौहान (कोड 3734) को निलंबित किए जाने के लिए इनके मूल विभाग राजस्व परिषद उप्र शासन को पत्र लिखा है।

### नोएडा प्राधिकरण ने सिक्का बिल्डर के खिलाफ जारी की आरसी

**■ 276 करोड़ रुपए है बकाया, 2011 में आवंटित किया गया था ग्रुप हाउसिंग भूखंड**

नोएडा। प्राधिकरण ने 276.60 करोड़ रुपए बकाया नहीं देने पर सिक्का इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ आरसी जारी की है। ये बकाया भू राजस्व की तरह वसूलने के लिए डीएम को पत्र लिखा गया है। साथ प्राधिकरण का भुगतान नहीं करने पर 21 दिसम्बर 2023 के शासनादेश के तहत सिक्का इंफ्रास्ट्रक्चर को प्राधिकरण के सभी लाभों से वंचित किया गया है। प्राधिकरण ने बताया कि 28 जून 2011 को जीएच-1ए/1 सेक्टर-143बी नोएडा का सब डिवीजन सिक्का इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में किया गया। 10 अगस्त 2011 को लीज डीड आवंटी ने भूखंड पर कब्जा लिया। लेकिन भूखंड की धनराशि जमा नहीं कराई गई। इस संबंध में प्राधिकरण ने आवंटी को नोटिस जारी किए। इसके बाद भी न तो कोई जवाब दिया गया और न पैसा। प्राधिकरण ने अमिताभ कांत की सिफारिश शासनादेश दिसम्बर 2023 के ग्रुप हाउसिंग जीएच1ए/1 सेक्टर-143बी नोएडा के बकाया 208.05 करोड़ के 25 प्रतिशत यानी कुल 52.01 करोड़ जमा जमा करने के लिए कहा गया। लेकिन बिल्डर ने पैसा जमा नहीं कराया। 31 मार्च 2025 तक बिल्डर पर 276.60 करोड़ का बकाया हो गया। ऐसे में मंगलवार को प्राधिकरण के सीईओ ने डीएम को पत्र लिखकर भू राजस्व की तरह बकाया वसूलने के लिए कहा है।

## सीईओ ने निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन का किया निरीक्षण

**नोएडा, 6 मई (देशबन्धु)।** नोएडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ सेक्टर-96 निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान एसीईओ संजय खत्री, ओएसडी एमपी, जन स्वास्थ्य विभाग और सिविल विभाग के डीजीएम आदि मौजूद रहे। सीईओ ने कहा कि इमारत का निर्माण जल्द पूरा कराया जाए। ताकि सीएम योगी आदित्यनाथ से इनका लोकार्पण कराया जा सके। सीईओ महाप्रबंधक जन स्वास्थ्य को निर्देश दिए कि प्रशासनिक भवन में बनाए गए टॉयलेट में से सभी को चिन्हित किया जाए कि कौन सा सार्वजनिक उपयोग के है और कौन से टॉयलेट प्राधिकरण अधिकारी व कर्मचारियों के लिए है।



सभी टॉयलेट की प्लंबिंग व्यक्ति रुप से चेक की जाए। ताकि टॉयलेट में कही लीकेज न हो। उद्यान विभाग के निर्देश दिया कि उद्यानीकरण का कार्य पूरा कराया जाए। विद्युत विभाग से कहा गया कि तलवार विद्युतीकरण का कार्य करते हुए सिविल को कार्य ट्रांसफर किया जाए। इसके अलावा भवन में अलग-अलग मॉडिफिकेशन के सुझाव दिए गए। इसका निर्माण जल्द पूरा किया जाए ताकि सीएम योगी आदित्यनाथ से इसका लोकार्पण कराया जा सके।

उवाच

जलाशयों की सफाई के दौरान पानी का प्रेशर कम रह सकता है। पानी को ड्रम आदि में पहले से ही स्टोर कर लें। पानी की खपत कम करें। जलाशयों की सफाई के दौरान प्राधिकरण का सहयोग करें : **एसीईओ प्रेरणा सिंह, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।**

# कैपिटल ज़ोन

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सभी जलाशयों की होगी सफाई

- **ग्रेनो प्राधिकरण ने जारी किए तिथिवार शेड्यूल**
- **सफाई के दौरान कम प्रेशर में होगी सप्लाई**
- **पानी न मिलने पर टैंकर का भी इंतजाम रहेगा**



**ग्रेटर नोएडा,** 6 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने पानी की स्वच्छता के मद्देनजर भूमिगत जलाशयों की सफाई कराने का निर्णय लिया है। जलाशयों की सफाई की शुरुआत 9 मई से संकल्प सोसाइटी से होगी। प्राधिकरण ने सभी जलाशयों की सफाई के लिए तिथिवार शेड्यूल जारी कर दिया है। प्राधिकरण स्वच्छ जलापूर्ति के लिए तय समयावधि में जलाशयों की सफाई कराता रहता है।

दरअसल, बिल्डर सोसाइटियों में दूषित पानी की सप्लाई की शिकायत आए दिन सामने आ रही है। इसे देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने जल विभाग को सभी भूमिगत जलाशयों की सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। जल विभाग ने जलाशयों की सफाई के लिए तिथिवार शेड्यूल जारी कर दिए हैं। शेड्यूल को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा। तय शेड्यूल के हिसाब से जलाशयों की सफाई कराई जाएगी। इस दौरान संबंधित एरिया में पानी का प्रेशर कम रहेगा। अगर कहीं पानी नहीं पहुंचता है तो टैंकर भी मंगवा सकते हैं। इसके लिए जल विभाग की तरफ से संपर्क नंबर भी जारी कर दिए गए हैं। इसके साथ ही प्राधिकरण ने सभी बिल्डरों/अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन को पत्र लिखकर सोसाइटी परिसर में बने जलाशयों की सफाई कराने के भी निर्देश दिए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने ग्रेटर नोएडावासियों से अपील की है कि जलाशयों की सफाई के दौरान पानी का प्रेशर कम रह सकता है। पानी को ड्रम आदि में पहले से ही स्टोर कर लें। पानी की खपत कम करें। जलाशयों की सफाई के दौरान प्राधिकरण का सहयोग करें।

### भूमिगत जलाशयों की सफाई के लिए शेड्यूल

| तिथि | प्रभावित एरिया |
|---|---|
| 09 से 12 मई | संकल्प सोसाइटी |
| 4 से 16 मई | ओमीक्रॉन वन |
| 19 से 21 मई | ओमीक्रॉन वन ए, ईडब्ल्यूएस सोसाइटी |
| 22 से 25 मई | ओमीक्रॉन वन ए, जीएच-03 सोसाइटी |
| 27 से 29 मई | ओमीक्रॉन वन ए |
| 31 मई से 2 जून | लोटस वैली सोसाइटी |
| 04 से 06 जून | सेक्टर ज्यू फर्स्ट, ईब्ल्यूएस सोसायटी |
| 09 से 11 जून | बीएचएस-16 सोसाइटी |
| 13 से 15 जून | सेक्टर म्यू-1 ईब्ल्यूएस सोसायटी |
| 17 से 19 जून | सेक्टर-36 और 37 |
| 22 से 24 जून | गामा वन, टू, बीटा वन, टू |
| 26 से 28 जून | अल्फा वन व टू |
| 30 जून से 2 जुलाई | डेल्टा वन, टू व थ्री |
| 04 से 06 जुलाई | ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स |
| 08 से 10 जुलाई | सेक्टर-10 ईडब्ल्यूएस सोसाइटी |
| 13 से 15 जुलाई | चाई-फोर ईडब्ल्यूएस सोसाइटी |
| 17 से 19 जुलाई | एससी/एसटी हॉस्टल |
| 21 से 23 जुलाई | सेक्टर-3 ईडब्ल्यूएस सोसाइटी |
| 25 से 27 जुलाई | बालक इंटर कॉलेज |

**पानी की दिक्कत हो तो इन नंबरों पर करें कॉल**

पानी की दिक्कत होने पर ग्रेटर नोएडा के निवासी इन नंबरों (7983604110, 9811839456, 9873763995, 9899331572, 9654302913, 8130504019, 8377911380, 9871090100 और 8859285804) पर कॉल कर सकते हैं।

### एसडीएस एनआरआई सिटी में जल कनेक्शन बुधवार से

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एसडीएस एनआरआई रेजीडेंसी और एनआरआई सिटी को जलापूर्ति करने की तैयारी शुरू दी है। हाल ही में बिल्डर ने प्राधिकरण में जल कनेक्शन के लिए आवेदन किया है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर एसीईओ प्रेरणा सिंह की तरफ से वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार गौतम के नेतृत्व में जल विभाग की टीम को एसडीएस एनआरआई रेजीडेंसी और एनआरआई सिटी भेजकर कनेक्शन दिए जाने की औपचारिकता पूरी कराने के निर्देश दिए। मंगलवार को टीम मौके पर पहुंची और एओए से मिलकर जल कनेक्शन के कार्य जल्द कराए जाने की बात कही। इससे एसडीएस एनआरआई सिटी में रहने वालों को बड़ी राहत मिल जाएगी। वरिष्ठ प्रबंधक राजेश गौतम ने बताया कि टाउनशिप में जल कनेक्शन के कार्य को पूरा करने के लिए कॉन्ट्रैक्टर को निर्देश दे दिए गए हैं। मौके पर जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा।

## ग्रेनो प्राधिकरण को सर्वोच्च न्यायालय से बड़ा झटका, कर्मचारियों को राहत

- **नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों का मामला**
- **उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले पर सुनवाई करने से इनकार किया**

**ग्रेटर नोएडा,** 6 मई (देशबन्धु)। नौकरी से निकाले गए 240 माली और सफाई कर्मचारियों के मामले में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को सर्वोच्च न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय द्वारा बीते साल दिए गए फैसले में हस्तक्षेप करने से मना करते हुए आवेदन पर सुनवाई करने से इंकार कर दिया है। कर्मचारियों को 46 करोड़ रुपए का भुगतान करने के साथ बहाल भी करना होगा। पीड़ित कर्मचारी पिछले 22 साल से स्थायी किए जाने की मांग कर रहे हैं। उच्च न्यायालय द्वारा 16 अक्टूबर 2024 को दिए गए फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय गए प्राधिकरण की याचिका पर सुनवाई न होने पर कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। प्राधिकरण की सभी याचिकाएं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दी गईं। ऐसे में उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा दिया गया फैसला ही मान्य होगा।

बता दें कि इस विवाद की शुरूआत वर्ष 1998 से हुई थी। प्राधिकरण में माली औ सफाई का कार्य कर रहे कर्मचारियों ने स्थायी किए जाने की मांग उठाई थी। इस पर प्राधिकरण ने वर्ष 2003 में 240 कर्मचारियों को बिना नोटिस के नौकरी से हटा दिया था। पीड़ित कर्मचारी सीटू के नेतृत्व में अपने हक के लिए तभी से लड़ाई लड़ रहे हैं। इसे मामले को औद्योगिक न्यायाधिकरण पंचम, मेरठ में उठा गया, जिसने मई वर्ष 2018 में कर्मचारियों के पक्ष में फैसला सुनाया। इस फैसले में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को आदेश दिया गया था, कि वह कर्मचारियों को कार्य पर पुन: बहाल करे और पिछले वेतन का भुगतान भी करे। प्राधिकरण ने इस आदेश का पालन नहीं किया और उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। उच्च न्यायालय ने भी कर्मचारियों के पक्ष में आकर प्राधिकरण की सभी याचिकाएं खारिज कर दीं और औद्योगिक न्यायाधिकरण द्वारा दिए गए आदेश को बहाल कर दिया। न्यायालय ने जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर को निर्देश दिए कि वे 90 दिनों के भीतर प्राधिकरण से राशि वसूल कर कर्मचारियों को भुगतान कराएं और उन्हें वापस काम पर बहाल करें। इसके बाद प्राधिकरण ने सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया। कर्मचारियों के हक की लड़ाई लड़ रहे ग्रेटर नोएडा माली एवं सफाई कामगार यूनियन संबंध सीआईटीयू के महामंत्री रामकिशन सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा अक्टूबर 2024 को दिए गए फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय गए प्राधिकरण के आवेदन पर सुनवाई करने से न्यायालय ने इंकार कर दिया है। हम कानूनी प्रक्रिया से जीत कर आए हैं। प्राधिकरण से मांग है कि धनराशि का भुगतान करते हुए कर्मचारियों को नौकरी पर रखा जाए।

उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय गए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के आवेदन को खारिज करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने सुनवाई करने से इंकार कर दिया है। उच्च न्यायालय के फैसले में हस्तक्षेप नहीं करने की बात कही है।
रामकिशन सिंह, महामंत्री, ग्रेटर नोएडा माली एवं सफाई कामगार यूनियन।

सर्वोच्च न्यायालय ने माली एवं सफाई कर्मचारियों के मामले में क्या फैसला सुनाया है। इससे संबंधित आदेश की प्रतिलिपि मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।

## सेक्टर में गंदगी मिलने पर ठेकेदार पर 50 हजार का जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा,** 6 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से सेक्टर डेल्टा-2 में साफ-सफाई ठीक न मिलने पर ठेकेदार साईं नाथ सेल्स एंड सर्विसेज पर 50 हजार रुपए की पेनल्टी लगाई गई है। मंगलवार को महाप्रबंधक स्वास्थ्य आरके भारती ने सेक्टर डेल्टा-2 का भ्रमण किया। इस दौरान सेक्टर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे पाए गए। इससे प्रतीत हो रहा था कि सेक्टर में नियमित रूप से सफाई नहीं कराई जा रही है। कूड़े के ढेर को भी नियमित रूप से नहीं उठाया जा रहा, जिसके चलते प्राधिकरण के



स्वास्थ्य विभाग ने साईनाथ सेल्स एंड सर्विसेज कंपनी पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की रकम की कटौती ठेकेदार को होने वाले अगले बिल के भुगतान से कर ली जाएगी। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक (स्वास्थ्य) चरण सिंह की तरफ से ठेकेदार को इस बाबत पत्र जारी कर दिया गया है। महाप्रबंधक ने सेक्टर में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने और नियमित रूप से कूड़ा उठाने की निर्देश दिए हैं। ऐसा न करने पर और कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने कहा है कि ग्रेटर नोएडा के साफ-सफाई में लापरवाही बरतने वाले कांट्रैक्टरों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने ग्रेटर नोएडा वीडियो से शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

**रालोद ने स्व. चौ. अजीत सिंह की मनाई पुण्यतिथि**

**ग्रेटर नोएडा,** 6 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर मंगलवार को स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान जनार्दन भाटी जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह हम जैसे करोड़ कार्यकर्ताओं का सौभाग्य है कि उनके नेतृत्व में कार्य करने का हमें मौका मिला, चौधरी साहब जब पहली बार केंद्र में उद्योग मंत्री बने तो देश में नए औद्योगिक करण लागू करने की नीति पर जोर दिया।

## जिला कृषि अधिकारी ने कृषि निवेश केंद्र का लाइसेंस किया निरस्त

**दनकौर,** 6 मई (देशबन्धु)। इमलिया गांव निवासी एक किसान ने जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा को दिए गए शिकायत पत्र के आधार पर कार्रवाई करते जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार भार्गव ने बिलासपुर स्थित कृषि निवेश केंद्र का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। साथ ही उसके खिलाफ जांच के आदेश दिए गए है। किसान यतेंद्र नागर ने बिलासपुर स्थित कृषि निवेश केंद्र से बीज और कीटनाशक दवाईयां खरीदी थी।

जो अंकुरित नहीं हुई थी। जिसका रैपर देखने पर पता चला कि दुकानदार द्वारा एक्सपायरी बीज व कीटनाशक दवाईयां उनको दी थी। जिसकी शिकायत शुक्रवार को करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकर्ताओं ने डीएम मनीष कुमार वर्मा से की थी। जिस पर जांच करते हुए जिला कृषि अधिकारी विनोद भार्गव ने दुकानदार को दोषी पाया और उसका मंगलवार को लाइसेंस निरस्त करते हुए उसके खिलाफ जांच के आदेश दिए और पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि यदि जल्द उसने बीज व कीटनाशक से संबंधित कागजात पूरे नहीं किए तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई भी की जाएगी।



## फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यू ऐज ने शहर की समस्याओं को लेकर प्राधिकरण के साथ की बैठक

**ग्रेटर नोएडा,** 6 मई (देशबन्धु)। फेडरेशन ऑफ आर डब्ल्यू ऐज ग्रेटर नोएडा शहर के आर डब्ल्यूए पदाधिकारी एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक ए.के सिंह. जितेंद्र गौतम सीनियर मैनेजर सुजान सिंह के साथ बैठक हुई, जिसमें फेडरेशन के अध्यक्ष देवेंद्र टाइगर एवं एडवोकेट दीपक भाटी ने प्राधिकरण के कुछ अधिकारी निरंतर शहर का सहयोग करने वाली संस्था आरडब्ल्यूऐज को अपमानित करने का आरोप लगाते हुए शहर में अवैध उगाही करने वाले लोगों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। निरंतर आरडब्ल्यूऐज को कमजोर करने में लगे हुए हैं सेक्टर अल्फा 1 के अध्यक्ष शेर सिंह भाटी ने प्राधिकरण के अधिकारियों पर बगैर नोटिस सूचना दिए गेट को तोड़ने का आरोप लगाया है। फेडरेशन के महासचिव ऋषि पाल भाटी ने बताया कि पिछले कई वर्षों से समस्त आर.डब्ल्यू.ए. एवं प्राधिकरण के सीईओ, एसीईओ सीनियर मैनेजर सभी विभाग के अधिकारियों के साथ हर 6 माह में बैठक होती थी, जिससे शहर की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया जाता था। लेकिन प्राधिकरण के कुछ अधिकारी बैठक नहीं होने देते हैं, क्योंकि उनका चिट्ठा उच्च अधिकारियों के सामने न खुल जाए। प्राधिकरण को यानि नियम के विरुद्ध लगता है तो आरडब्ल्यूए को 15 दिन का नोटिस दिया जाना चाहिए, इस तरह सेक्टर की संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए जैसे अल्फा 1 के गेट का नुकसान। फेडरेशन के पदाधिकारी एवं समस्त आरडब्ल्यूए के पदाधिकारिओं ने चेतावनी दी है कि अगर समस्त मांगे पूरी नहीं की गई तो शहर के सभी लोग आंदोलन करेंगे और धरने पर बैठेंगे। महाप्रबंधक ए.के. सिंह जितेंद्र गौतम ने आश्वासन दिया है कि फेडरेशन एवं सेक्टरों के पदाधिकारी का सम्मान किया जाएगा और जल्द ही प्राधिकरण के साथ बैठक बुलाई जाएगी।

इस मौके सूरत नगर, जितेंद्र शर्मा, सतीश शर्मा, प्रमोद भाटी, यतेंद्र शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, संजय नागर, जितेंद्र भाटी, अशोक कसाना, जितेंद्र सिंह पवन नगर आदि लोग मौजूद रहे।



- **सेक्टरों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा तो फेडरेशन करेगी आन्दोलन**

### नाम परिवर्तन

मैं योगेश (YOGESH) पुत्र स्व0 लख्मी चन्द, निवासी मौ0 टीचर्स कॉलोनी, दनकौर, जनपद गौतमबुद्ध नगर निम्न प्रकार से शपथ पूर्वक ब्यान करता हूँ। कि पुत्र कार्तिक शर्मा का नाम संस्था के अभिलकखों में काव्य दर्ज करा दिया था। जोकि अशुद्ध है। शुद्ध नाम कार्तिक शर्मा (KARTIK SHARMA) है। राशन कार्ड, आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र कार्तिक शर्मा दर्ज है, जोकि शुद्ध है।

### नाम परिवर्तन

मैं ब्रिज मोहन राणा पुत्र बाले राम राणा निवासी- चौडा सादतपुर, सैक्टर-22, नौएडा, जिला गौतमबुद्धनगर उ0 प्र0-201301, शपथपूर्वक निम्न कथन बयान करता हूँ कि मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम ब्रिज मोहन राणा लिखा हुआ है और प्रापर्टी के म्यूटेशन में मेरा नाम ब्रिज मोहन लिखा हुआ है, जब कि सही मेरा नाम ब्रिज मोहन राणा है। भविष्य में मुझे ब्रिज मोहन राणा के नाम से जाना जाये।

## नाबालिग लड़की की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**ग्रेटर नोएडा,** 6 मई (देशबन्धु)। सूरजपुर थाना क्षेत्र की महामेधा गली में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक नाबालिग लड़की का शव फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला मान रही है। मृतक लड़की की पहचान 13 वर्षीय लवी के रूप में हुई है, जो बुलंदशहर जिले की रहने वाली थी और यहां सूरजपुर में अपनी मौसी के घर रहने आई हुई थी। बताया जा रहा है कि जिस समय यह घटना हुई, मौसा और मौसी दोनों नौकरी पर गए हुए थे। जब वे वापस लौटे, तो लवी को कमरे में रस्सी के फंदे से लटका पाया।



### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
द्वितीय तल, शापिंग कॉम्पलेक्स, सेक्टर ओमेगा-1 (P-2), ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप जिलाधिकारी सदर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 136 एस0टी0 एस0डी0एम0/2015 दिनांक 07.10.2015 के अनुसार सतीश कुमार पुत्र स्व0 जगवीर सिंह नि0 ग्राम पारसौल परगना दनकौर तहसील सदर, जनपद गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 18.09.2015 को हो चुकी है जिनमें मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है:-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग वर्षों में | विवाहित/अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|
| उस्मानपुर | 613<br>614 | सतीश कुमार पुत्र स्व0 जगवीर सिंह नि0 ग्राम पारसौल परगना दनकौर तहसील सदर, जनपद गौतमबुद्धनगर | श्रीमती राजेश्वरी पत्नी स्व0 सतीश कुमार | 47 वर्ष | पत्नी |
| | | | कु0 शिल्पी मलिक पुत्री स्व0 सतीश कुमार | 20 वर्ष | पुत्री (अविवाहित) |
| | | | कु0 छवि मलिक पुत्री स्व0 सतीश कुमार | 15 वर्ष | पुत्री (अविवाहित) |
| | | | रोहन मलिक पुत्र स्व0 सतीश कुमार | 3 | पुत्र (ना0बा0) |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण**

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री से सांसद व विधायक का प्रतिनिधिमंडल मिला



- **ग्रेटर नोएडा के विभिन्न मुद्दों को लेकर शहरी विकास मंत्री को सौंपा पत्र**

**ग्रेटर नोएडा,** 6 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री आवासन एवं शहरी विकास मंत्री भारत सरकार मनोहर लाल से सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा व विधायक दादरी तेजपाल नागर ने विकास परियोजनाओं को लेकर मुलाकात की। इस दौरान हाईराइज सोसायटी ग्रेटर नोएडा वेस्ट के क्षेत्रवासियों का प्रतिनिधि मंडल के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा कर पत्र दिया। प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री को विज्ञप्ति देकर ग्रेनो वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर परियोजना के संदर्भ में भारत सरकार द्वारा पूर्व में इस प्रक्रिया को गति प्रदान करने की दिशा में उठाए गए कदम व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस परियोजना का बजट प्रदान कराने हेतु आदि धन्यवाद दिया।

और शेष कार्य को गति प्रदान करने हेतु अनुरोध किया। इस दौरान जिस पर मंत्री ने प्रतिनिधि मण्डल को आश्वस्त करते हुए यह विश्वास दिलाया कि ग्रेनो वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर परियोजना के शेष कार्यों को शीघ्र ही पूर्ण कराया जाएगा। जिससे वर्तमान में क्षेत्रवासियों को एक सुगम व समृद्ध यातायात जैसी सुविधाओं का लाभ मिल पाएगा। दादरी विधायक ने किसान बंधुओ से संबंधित विभिन्न समस्याओं यथा एनटीपीसी दादरी परियोजना से प्रभावित 24 गांव के किसानों को मुआवजा देने, बच्चों के शिक्षा हेतु स्कूल खोलने जैसे संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की कर उन्हें क्षेत्रवासियों की समस्याओं से अवगत करवाया। इस दौरान भारतीय किसान परिषद के प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा, राष्ट्रीय महासचिव अनूप राघव, गोपाल शर्मा एवं राजेंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि दीपक यादव, सांसद प्रतिनिधि संदीप शर्मा, लोकेश कुमार, मुकेश चौहान, विपिन चन्दर द्विवेदी, संगीता तिवारी, आशीष दुबे उपस्थित रहे।

### ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1. सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा
जिला गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 1407, 14th Floor, Tower-F3, Area-90.57 Sqm., Panchsheel-Pinnacle (Greens), Sector-16B, Greater Noida Noida जो कि Sh. Amit Kumar Rai निवासी Flat No. 1407, 14th Floor, Tower-F3, Panchsheel-Pinnacle (Greens), Sector-16B, Greater Noida के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-26.03.2022 को पंजीकृत है। Sh. Amit Kumar Rai की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी / पुत्र Mrs. Vandana Rai & Arnav Rai (Minor 06 Years) ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण प्रस्तुत वारिसान के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अत: इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियगानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mrs. Vandana Rai W/o Late Sh. Amit Kumar Rai & Arnav Rai (Minor 06 Years) S/o Late Sh. Amit Kumar Rai का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक (बिल्डर्स)**
**ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण**

### ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1. सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा
जिला गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. A-G/15, Ground Floor. Tower-A, Area-155.24 Sqm., Himalaya Pride, Sector Techzone-IV, Greater Noida जो कि Sh. Mohammad Asif Khan & Mrs. Parveen Khan निवासी Bombay Dharam Kanta, Ratapur Road, Raebareli, U.P. के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-29.01.2020 को पंजीकृत है। Sh. Mohammad Asif Khan की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी / पुत्र/पुत्री Mrs. Parveen Khan & ने उक्त भूखण्ड / भवन का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अत: इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mrs. Parveen Khan W/o Late Sh. Mohammad Asif Khan & Rida Ashif (Minor 08 Years) D/o Late Sh. Mohammad Asif Khan & Mohd Arshad Khan (Minor 06 Years) S/o Late Sh. Sh. Mohammad Asif Khan का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक (बिल्डर्स)**
**ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण**

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
द्वितीय तल, शापिंग कॉम्पलेक्स, सेक्टर ओमेगा-1 (P-2), ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14.12.2015 में लिये गये निर्णय के कम में ग्राम दनकौर में उप जिलाधिकारी, सदर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 392/एस.टी. एस.डी.एम./2022, दिनांक 15.01.2022 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है-

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम व पता | वारिसानों का नाग | मृतक से सम्बन्ध | आयु लगभग | विवाहित/अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दनकौर | 482/15, 482M | स्व0 श्री रामरतन पुत्र श्री पूर्ण सिंह नि0 ग्राम डेरीन गूजरान, तह0 व जिला-गौतमबुद्धनगर। | श्रीमती नत्थी | पत्नी | 71 वर्ष | - |
| | | | | श्री तेजवीर | पुत्र | 56 वर्ष | - |
| | | | | श्रीमती कमला | पुत्री | 50 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्री राजवीर सिंह | पुत्र | 43 वर्ष | - |
| | | | | श्रीमती विमला | पुत्री | 41 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती पप्पी | पुत्री | 39 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्री किशोर कुमार | पुत्र | 35 वर्ष | - |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण**

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
द्वितीय तल, शापिंग कॉम्पलेक्स, सेक्टर ओमेगा-1 (P-2), ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0)
दूरभाष न0: 0120 2395151, फैक्स न0 : 0120 2395150

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है ग्राम मूंजखेडा के खाता संख्या-370 खसरा संख्या-805M रकबा 1.2392 है0 में से रकबा 0.3098 है0 के सापेक्ष 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड 220 वर्गमीटर के आवंटी श्री रोहतास पुत्र स्व0 श्री बिहारी निवासी एच. न0. 90, ग्राम मूंजखेडा, तहसील सदर जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु के उपरांत मौ0 इस्लाम पुत्र मौ0 इस्माइल, निवासी अपना क्लॉथ हाउस, 43 रुड़की रोड़, मुजफ्फरनगर, उ0प्र0 के द्वारा वसीयत के आधार पर उक्त भूखण्ड का नामांतरण अपने नाम कराने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है।

अत: इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण कार्यालय, पता: प्रथम तल कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ब्लॉक-पी 2, सेक्टर- ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी श्री रोहतास पुत्र स्व0 श्री बिहारी निवासी एच. न0. 90, ग्राम मूंजखेडा, तहसील सदर जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु के उपरांत उक्त भूखण्ड मौ0 इस्लाम पुत्र मौ0 इस्माइल, निवासी अपना क्लॉथ हाउस, 43 रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर, उ0प्र0 के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

देशबन्धु

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 7 मई 2025

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## मॉक ड्रिल: संयम और साहस दिखाने का समय

देश में आखिरी बार लगभग साढ़े पांच दशक पहले यानी 1971 में हुई भारत-पाकिस्तान जंग के दौरान बचाव के सायरन सुनाई दिये थे। उसके बाद अब एक बार फिर से यह नौबत आई है। पहलगाम (कश्मीर) के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बैसरन में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने 26 सैलानियों और एक स्थानीय गाइड की हत्या कर दी थी। इसके कारण देश भर में पाकिस्तान के प्रति नाराज़गी है क्योंकि माना जा रहा है कि दहशतगर्द पाकिस्तानी जमीन से आये थे। जिस आतंकी संगठन ने इस कार्रवाई का जिम्मा अपने सिर पर लिया है उनको पहले से ही पाकिस्तानी सरकार, वहां की सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा पोषित समझा जाता है। सरकार भी पाकिस्तान को मज़ा चखाने पर आमादा है तथा देश भी चाहता है कि सरकार कड़े कदम उठाये।

इसे लेकर सर्वदलीय बैठक में देश के सभी प्रमुख विपक्षी दलों ने सरकार के साथ अपनी एकजुटता दिखाई है। यह अलग बात है कि बैठक में स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अनुपस्थित थे। सऊदी अरब का दौरा बीच में छोड़कर मोदी के लौटने से अपेक्षा थी कि सरकार तत्काल कोई कार्रवाई करेगी। इसके विपरीत मोदी लौटकर बिहार में रैली को सम्बोधित करने चले गये, लेकिन वहां से उन्होंने ऐलान किया कि कायराना करतूत करने वालों को ऐसा कड़ा सबक सिखाया जाएगा जो अब तक नहीं देखा गया था। बाद में मोदी की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ हुई बैठकों ने भी आस बंधाई थी कि लोगों का खून व्यर्थ नहीं जायेगा। सोमवार को जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचे तो सरकार समर्थक मीडिया में इसे देश के मोर्चे पर एक कदम आगे जाना कहा गया। हालांकि अब माना जा रहा है कि मोदी के साथ राहुल की यह बैठक केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के नये प्रमुख के चयन को लेकर थी। यहां यह सब बतलाने का तात्पर्य यह है कि देश इस उम्मीद में है कि आतंकियों एवं पाकिस्तान के खिलाफ़ भारत तत्काल और कठोर कार्रवाई करे।

ऐसे में सोमवार को गृह मंत्रालय की ओर से एक परिपत्र जारी हुआ है जिसमें सभी 28 राज्यों के लगभग 250 जिलों के चयनित शहरों एवं 8 केन्द्र शासित प्रदेशों में मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया गया है। इसका उद्देश्य जनसामान्य को हवाई हमलों से बचाव का अभ्यास कराना है। बड़े पैमाने पर होने वाली मॉक ड्रिल यह संदेश भी देती है कि देश और उसकी जनता शारीरिक तथा मानसिक दोनों ही स्तरों पर लड़ाई का सामना करने के लिये तैयार है। यह सरकार की भी तैयारी को दर्शाता है जो एक तरफ़ आक्रमण के लिये खुद को तैयार कर रही है तो वहीं दूसरी ओर अपने नागरिकों के बचाव के प्रति भी चिंतित है। आशा की जानी चाहिये कि जिन शहरों में युद्धाभ्यास होगा, वहां के नागरिक गम्भीरतापूर्वक इसमें हिस्सा लेंगे। श्रेणीवार तीन तरह के शहरों को इसके लिये चयनित किया गया है लेकिन इस प्रदर्शन से उन शहरों के लोग भी लाभान्वित होंगे जिनका मॉक ड्रिल के लिये इस बार चयन नहीं किया गया है। आखिरकार युद्ध में कोई नहीं कह सकता कि दुश्मन किस शहर को अपने निशाने पर लेगा। 1971 में भी ऐसी सावधानी बरती गयी थी जब जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, पश्चिम बंगाल राज्यों के अनेक सीमावर्ती जिलों के कई शहरों में लोगों को ब्लैकआऊट में रहने का अभ्यास कराया गया था। इससे दहशत खत्म हुई थी तथा बतौर नागरिक लोगों ने भारत-पाक युद्ध का सामना बहादुरी से किया था।

अब बुधवार को होने वाले मॉक ड्रिल में ब्लैक आऊट होगा, सायरन बजेंगे तथा लोगों द्वारा खुद की सुरक्षा का अभ्यास होगा। उन्हें आपातकालीन शेल्टरों में जाने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशासन को वेबसाइटों तथा सोशल मिडिया पर नज़र रखने के लिये कहा गया है। इस दौरान फोटोग्राफी, वीडियो आदि बनाने व उन्हें सोशल मीडिया पर अपलोड करने से बचना होगा। वैसे गृह मंत्रालय ने कहा है कि लोगों में दहशत न हो इसके लिये ज़रूरी है कि वे इसके बारे में पहले से जानें। बुधवार की शाम को देश भर में एक साथ बजने वाले सायरन को लोगों को प्रतिसाद देना होगा क्योंकि यह जो कुछ भी कवायद हो रही है वह नागरिकों की सुरक्षा के लिये ही है। इसे गम्भीरता से लेना होगा। शत्रु देश की ओर से एयर स्ट्राइक होने पर सायरन के संकेतों को समझना और उसके अनुरूप व्यवहार करना होगा। इस दौरान कोई भी प्रकाश न हो तथा चयनित शहरों में पूरी तरह से अंधकार रहे। इसका उद्देश्य शत्रु के लड़ाकू विमानों की नज़रों से खुद को बचाना होता है। इस दौरान खिड़की-दरवाजों को पूरी तरह से बन्द रखा जाये तथा टॉर्च, नगदी, प्राथमिक उपचार की व्यवस्था कर रखी जाये। टीवी, रेडियो या मोबाइल से प्रशासन द्वारा दिये जाने वाले निर्देशों को जानते रहना ज़रूरी है।

शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के नेता संजय राउत ने भी कहा है कि 'देश को 1971 के मॉक ड्रिल का अनुभव है। सरकार यदि यह करती है तो देश इसके लिये तैयार है।' भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देशवासियों से अपील की है कि वे मॉक ड्रिल में हिस्सा लें। बुधवार के इस नागरिक अभ्यास से संदेश जायेगा कि देश तैयार है।

लेकिन इस बड़ी तैयारी के साथ यह ध्यान रखने की आवश्यकता है कि युद्ध के नाम पर अनावश्यक उन्माद न फैले, न ही इस पर कोई सनसनी कायम की जाए। यह समय संयम और साहस का परिचय देने का है।

# कौन चाहता है युद्ध और क्या हासिल होगा उससे

महाभारत के शांतिपर्व में कहा गया है- 'न युद्धात् परमं किंचिद् युद्धं सर्वं न संनादति। युद्धेन संनादति सर्वं तस्माद् युद्धं परित्यजेत।।' (युद्ध से बढ़कर कोई आपदा नहीं; युद्ध सब कुछ नष्ट कर देता है। इसलिए युद्ध का परित्याग करना चाहिए)।

भारत में जब कभी भी पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादी जमात की ओर से कोई बड़ा हमला होता है और उसमें बड़ी संख्या में लोग मारे जाते हैं तो मीडिया और सोशल मीडिया में युद्ध के ढोल-नगाड़े बजने लगते हैं। इस समय भी यही हो रहा है। पिछले महीने की 22 तारीख को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर पूरा देश क्षुब्ध और उद्वेलित है। चूंकि हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े द रसिस्टेंस फ्रंट ने ली है, जिसे पाकिस्तानी सेना और वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई से खाद-पानी मिलता है।

पहलगाम हमले में जो लोग मारे गए हैं, वे सभी मध्यमवर्गीय परिवारों के होंगे। उनमें किसी ने अपना बेटा तो किसी ने पति, किसी ने अपना भाई और किसी ने पिता को खोया है। उन सभी के दर्दनाक तरीके से मारे जाने पर उनके परिवारजनों का दुख और गुस्सा जायज है और उसमें पूरे देश का शामिल होना भी लाजिमी है। फिर भी कॉरपोरेट घरानों से नियंत्रित टीआरपी-पिपासु टीवी चैनल भारतीय जन-मन के क्षोभ, शोक और आक्रोश का निर्लज्जता के साथ व्यापार कर रहे हैं।

जिस दिन पहलगाम में हमला हुआ उस दिन से आज तक दिल्ली और मुंबई स्थित टीवी चैनलों पर तीतर-बटेर छाप बहसों में रक्षा विशेषज्ञों के तौर पर शामिल रक्षा तथा विदेश मंत्रालय, सेना एवं खुफिया सेवाओं के पूर्व अफसर जनाक्रोश को युद्धोन्माद में बदलने की कोशिश कर रहे हैं। टीवी चैनलों के मूर्ख एंकर-एंकरनियां भी वीर बालकों की मुद्रा में उनके सुर में सुर मिला रही हैं। युद्धोन्माद पैदा करने के लिए इन टीवी चैनलों ने चंद पैसों पर आसानी से उपलब्ध हो जाने वाले पाकिस्तान के भी कुछ नेताओं, पूर्व नौकरशाहों, पूर्व सैन्य अफसरों को हायर कर रखा है।

ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है। दरअसल ये 'रक्षा विशेषज्ञ' किसी भी आतंकवादी हमले के बाद टीवी चैनलों के वातानुकूलित स्टूडियो में बैठकर पाकिस्तान को युद्ध के जरिये सबक सिखाने का सुझाव देते हैं और साथ ही यह रुदन भी कर डालते हैं कि भारतीय सेना के पास संसाधनों का अभाव है। अपनी ऐसी बातों से यह लोग आम लोगों पर यही प्रभाव छोड़ने की कोशिश करते हैं कि वे बहुत बहादुर और देशभक्त हैं, लेकिन बात इतनी सीधी नहीं है। दरअसल यह मामला उच्च तकनीक वाले हथियारों के अंतरराष्ट्रीय कारोबार से जुड़ा है।

भारत हथियारों का बहुत बड़ा खरीदार है, लिहाजा हथियार बनाने वाली कई विदेशी कंपनियों के हित भारत से जुड़े हैं। भारतीय सेना, सुरक्षा एजेंसियों, विदेश सेवा और रक्षा महकमे के कई पूर्व अफसर इन कंपनियों के परोक्ष मददगार होते हैं। यह कंपनियां ऐसे लोगों को उनके रिटायरमेंट के बाद अनौपचारिक तौर पर अपना सलाहकार नियुक्त कर लेती हैं। ये लोग इन कंपनियों के हथियारों की बिक्री के लिए तरह-तरह से माहौल बनाने का काम करते हैं। देश में युद्धोन्माद पैदा करना और सेना में संसाधनों का अभाव बताना भी उनके इसी उपक्रम का हिस्सा है। कहने की आवश्यकता नहीं कि इन लोगों को इस काम के लिए हथियार कंपनियों से अच्छा खासा 'पारिश्रमिक' मिलता है। तो देशभक्ति के नाम यह इनका अपना व्यापार है जो इन दिनों जोरों पर चल रहा है।



अनिल जैन

> जब हर तरह से युद्ध हमारे लिए हानिकारक है तो फिर इसका विकल्प क्या है? पाकिस्तान की हरकतों और आतंकवाद से हम कैसे निबटें? सवाल महत्वपूर्ण है और इसका जवाब यह है कि हम पाकिस्तान पर दबाव बनाने के लिए अमेरिका समेत दुनिया के दूसरे देशों से गुहार जरूर करें लेकिन ऐसा करने के पहले हमें इस दिशा में खुद ही पहल करनी चाहिए।

युद्ध का माहौल बनाने में जुटे कुछ टीवी चैनलों ने तो यह भी बता दिया है कि दोनों देशों के बीच युद्ध में अगर परमाणु युद्ध हथियारों का इस्तेमाल होता है तो पाकिस्तान का नुकसान ज्यादा होगा, वह तबाह हो जाएगा, दक्षिण एशिया का भूगोल बदल जाएगा आदि-आदि। कुछ चैनल सुझा रहे हैं कि भारत युद्ध न भी करें तो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में घुसकर आतंकवादियों के शिविर नष्ट कर दे। हालांकि भारत की ओर से ऐसी कार्रवाइयां पिछले 27 वर्षों में 11 बार हो चुकी हैं, जिनमें से दो बार तो मोदी सरकार के दौर में ही हुई हैं, तो भी पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान और उसके द्वारा पोषित आतंकवादियों के मनसूबों पर इसका कोई असर नहीं हुआ है।

भारतीय सत्ता प्रतिष्ठान का यह मुगालता पुराना है कि अमेरिका भारत का दोस्त है। इससे भी बड़ा मुगालता मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रंप उनके व्यक्तिगत दोस्त है। हमारे कॉरपोरेट घरानों, कॉरपोरेट पोषित मीडिया और देश के उच्च मध्यम वर्ग के मन में भी अमेरिका के प्रति अगाध श्रद्धा है। ऐसे सभी लोगों के लिए क्या यह सूचना महत्वपूर्ण नहीं है कि अमेरिका ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा तो की है, लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प ने साथ में यह भी कहा है कि भारत और पाकिस्तान दोनों ही उनके करीबी हैं और दोनों खुद ही इस मसले को हल कर लेंगे। जाहिर है कि अमेरिका ने खुद को इस मामले से अलग रखने का इरादा जता दिया है। इसकी वजह यह है कि हथियार खरीदी के मामले में पाकिस्तान भी अमेरिका का कोई छोटा ग्राहक नहीं है। इसके अलावा कई मौकों पर पाकिस्तानी सैन्य अड्डों का इस्तेमाल भी वह करता रहा है।

जहां तक चीन का सवाल है, उसके तो और भी ज्यादा हित पाकिस्तान के साथ जुड़े हुए हैं। उसने भी पहलगाम हमले की निंदा तो की है लेकिन पाकिस्तान को अपना मजबूत दोस्त और रणनीतिक भागीदार भी बताकर स्पष्ट कर दिया है कि युद्ध जैसी स्थिति में वह क्या करेगा। रूस की प्रतिक्रिया भी भारत के लिए आश्वस्तकारी नहीं है। तुर्की, ईरान, सऊदी अरब सहित कई मुस्लिम देश तो खुल कर पाकिस्तान के साथ हैं। यहां तक कि भारत के छोटे-छोटे पड़ोसी देश भी इस मामले में भारत से दूरी बनाए हुए हैं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत-पाकिस्तान युद्ध की स्थिति में कौन किसके साथ रहेगा!

कुल मिलाकर युद्ध हमारे लिए बुरी तरह घाटे का सौदा साबित होगा। पाकिस्तान भले ही हमारी तरह परमाणु शक्ति संपन्न है लेकिन वह निहायत ही उद्दण्ड और गैरजिम्मेदार मुल्क भी है। आर्थिक तौर पर तो वह बर्बाद है ही। उसके पास अपने बेगुनाह अवाम के अलावा खोने को भी कुछ खास नहीं है। इसलिए उसके साथ युद्ध की स्थिति में जो भी कुछ बिगड़ना है वह भारत का ही बिगड़ना है।

सवाल उठता है कि जब हर तरह से युद्ध हमारे लिए हानिकारक है तो फिर इसका विकल्प क्या है? पाकिस्तान की हरकतों और आतंकवाद से हम कैसे निबटें? सवाल महत्वपूर्ण है और इसका जवाब यह है कि हम पाकिस्तान पर दबाव बनाने के लिए अमेरिका समेत दुनिया के दूसरे देशों से गुहार जरूर करें लेकिन ऐसा करने के पहले हमें इस दिशा में खुद ही पहल करनी चाहिए, जो कि भारत सरकार ने पहलगाम हमले के बाद की भी है। भारत की इस पहलकदमी से आने वाले समय में पाकिस्तान पर निश्चित रूप से दबाव बनेगा। अलबत्ता इन कदमों से अदानी, अंबानी और जिंदल जैसे हमारे यहां के कुछ उद्योग समूहों के हित जरूर प्रभावित हो सकते हैं, जिनके कारोबारी रिश्ते गहरे तौर पर पाकिस्तान और वहां के सत्ता प्रतिष्ठान से ताल्लुक रखने वाले लोगों के साथ जुड़े हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ अपने स्तर पर की जा सकने वाली इस तरह की राजनयिक और आर्थिक नाकेबंदी के साथ ही हमें अपनी सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया तंत्र को भी चाक-चौबंद करने के उपाय करने चाहिए। हर आतंकवादी हमले के बाद इस मोर्चे पर हमारी कमजोरियां उजागर होती हैं और सरकार की ओर से इन कमजोरियों को दुरुस्त करने की बातें भी होती हैं, लेकिन होता कुछ नहीं है। पहलगाम हमले में भी यह कमजोरी साफ तौर पर उभरकर सामने आई है। इससे पहले उड़ी, पठानकोट एयरबेस और पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले भी हमारी इन्हीं कमजोरियों के परिणाम थे। इन कमजोरियों को दूर किए बगैर अगर हम पाकिस्तान का रण-निमंत्रण स्वीकार कर भी लें तो उससे मसले का कोई स्थायी हल नहीं निकल सकता। आखिरकार हम पाकिस्तान की तुलना में कहीं ज्यादा सभ्य देश हैं। ऐसे ही मौकों पर हमारी सभ्यता का इम्तिहान होता है, जब हम उकसावे में आए बगैर अपने विवेक का इस्तेमाल करते हुए अपने मूल्यों को बनाए रखें। युद्ध नहीं, शांति और सह-अस्तित्व ही हमारी सभ्यता का आधार है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

# जातिवार जनगणना से जुड़ी अपार संभावनाएं

पहलगाम कांड के बाद प्रधानमंत्री और संघ प्रमुख की बैठक हुई तो मुल्क 'बड़े' फैसले की उम्मीद कर रहा था। फैसला बड़ा तो हुआ लेकिन पहलगाम के दोषियों को सख्त सजा देने का नहीं। यह कुछ नया ही विषय ऊपर ले आया और इसके चलते यह आरोप भी लगाने लगे कि प्रधानमात्री उस मामले में कुछ करने से बचना चाहते हैं और बढ़ते जनमत का ध्यान दूसरी तरफ मोड़ने के लिए उन्होंने जातिगत जनगणना का फैसला कर लिया। यह संयोग हो सकता है लेकिन यह फैसला इतना हल्का नहीं है। समाज और राजनीति के लिहाज से इसके दूरगामी परिणाम होंगे। चौंकाने और चालाकी का शक करने की एक और वजह संघ और भाजपा का पिछला रिकार्ड है जो आरक्षण की राजनीति, जातिगत जनगणना और हिन्दू समाज में 'भेद' के खिलाफ रहा है। लेकिन कहना होगा कि जब जागो तब सबेरा और यह बहुत बड़ा फैसला ही नहीं है, इसमें काफी सारी विसंगतियों को दूर करने का अवसर भी है। सबसे बड़ी विसंगति तो ओबीसी की संख्या जाने बगैर उसको आरक्षण देना है और सुप्रीम कोर्ट द्वारा पचास फीसदी की सीमा लगाना है जबकि हर अनुमान पिछड़ों-दलित और आदिवासियों की संख्या का अनुपात ज्यादा मानता है। साथ ही मौजूदा समाज में जाति के साथ पिछड़ेपन के और आधार हैं लेकिन उनको चलताऊ मान लिया गया है। कहीं महिलाओं तो कहीं विकलांगों को दो-एक प्रतिशत आरक्षण जैसे समाधान की कोशिश की गई है। परिणाम है कि रोज नए समूह आरक्षण की मांग लेकर मैदान में डटे रहते हैं।



अरविन्द मोहन

> जाति गिनने वालों को भी वर्गीकरण और जातियों की संख्या या प्रकृति समझने में दिक्कत हुई लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत निम्न जातियों द्वारा खुद को ऊंचा बताने के दावों को मानने न मानने की हुई। अब आरक्षण का लाभ जुड़ा है तो इस बार खुद को छोटी जाति का या अंत्यज बताने की होड़ होगी। चुनावी राजनीति में संख्या बल का महत्व होने से छोटी-छोटी जातियों का एक नाम के तहत जुटान भी संभव होगा।

इनमें सबसे ज्यादा तो वे किसान जातियां हैं जो आज भी खेती के मैदान में डटी हैं और उनकी खेती की आमदनी उद्योग, व्यापार और कथित सेवा क्षेत्र की तुलना में पिछड़ती जा रही है। जाट, मराठा, पटेल जैसी जातियां कभी आरक्षण को ठुकरा चुकी थीं लेकिन बदले हालात में उनका आंदोलन सबसे उग्र होता है। दूसरा अध्याय खुद को ओबीसी से अनुसूचित जाति या जनजाति वर्ग में डालने का है। रेडी, लिंगायत, विक्कलिगा और नायर जैसी जातियां क्रीमी लेयर के फार्मूले के खिलाफ लगी रहती हैं। अल्पसंख्यक जमातों को आरक्षण के दायरे में लाना, महिलाओं को आरक्षण देना, निजी क्षेत्र में आरक्षण देना और फौज तथा पुलिस में आरक्षण की मांग भी उठती रहती है। खैर मनाइए कि देसी भाषाओं से पढ़े बच्चों, गरीब और ग्रामीण समाज के वंचित बच्चों की तरफ से अभी तक जोरदार आवाज नहीं उठी है। इसलिए यह कहना एकदम उचित है कि जब समाज के हर वर्ग की संख्या और स्थिति का एक साथ व्यापक आंकड़ा आ जाएगा तो सारी वंचनाओं को मिटाने की तरफ कदम बढ़ाने वाली आरक्षण/विशेष अवसर की व्यवस्था लाई जा सकती है।

इसलिए यह हिसाब छोड़िए कि यह फैसला क्यों हुआ और यह पहलगाम से ध्यान भटकाने के लिए हुआ, बिहार के आगामी चुनाव के लिए हुआ, कांग्रेस और विपक्ष के दबाव से हुआ या भाजपा को इसका श्रेय उसी तरह मिलेगा जैसा वी पी सिंह को मिला। शायद वह दौर बीत चुका है और लोग यह भी भूल गए हैं कि भाजपा ने आरक्षण के मुद्दे पर ही बिहार में कर्पूरी ठाकुर और केंद्र में वी पी सिंह सरकार गिरा दी है। इतना बड़ा फैसला लेने का श्रेय नरेंद्र मोदी को दिया जाना चाहिए। और यह उम्मीद छोड़ देनी चाहिए कि इस बार भी मण्डल जैसा तूफान उठेगा या सारी राजनीति तथा संसद और विधान सभाओं का सामाजिक चरित्र बदल जाएगा। वोट भी एकदम से किसी एक तरफ जाए अब इसकी संभावना भी कम लगती है।

जो हो सकता है वह बहुत बड़ा है। इसमें सबकी जाति को गिनना, समझना और उसका वर्गीकरण करना एक जटिल काम है और जब जातिवार जनगणना होती थी और फिर रोकी गई तब ये सारे फैक्टर थे। जाति गिनने वालों को भी वर्गीकरण और जातियों की संख्या या प्रकृति समझने में दिक्कत हुई लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत निम्न जातियों द्वारा खुद को ऊंचा बताने के दावों को मानने न मानने की हुई। अब आरक्षण का लाभ जुड़ा है तो इस बार खुद को छोटी जाति का या अंत्यज बताने की होड़ होगी। चुनावी राजनीति में संख्या बल का महत्व होने से छोटी-छोटी जातियों का एक नाम के तहत जुटान भी संभव होगा। पर अगर एक साफ और सभी तरह की वंचनाओं को समेटने वाली व्यवस्था बने, जिसमें जातिगत भेदभाव का वेटेज (वजन) सबसे ज्यादा रखा जाए, तो न सिर्फ सर्वस्वीकृत आरक्षण व्यवस्था कायम होगी बल्कि इसमें कथित क्रीमी लेयर के भी स्वत: छंटते जाने का काम होता जाएगा।

कभी जेएनयू के नामांकन में सौ अंकों का बीस फीसदी हिस्सा विभिन्न तरह की वंचनाओं के लिए अलग-अलग वेटेज के आधार पर तय होता था। इसमें जाति, आर्थिक स्थिति, लड़का-लड़की, गांव-शहर और अंग्रेजी स्कूल की पढ़ाई हुई या नहीं, इस आधार पर अलग-अलग अंक थे। जाति और आर्थिक स्थिति में भी कई श्रेणियां और उनके हिसाब से अंक थे। पर कुल विशेष अंक की सीमा बीस ही थी। अगर कोई लड़की बाकी कोई अंक नहीं पाती तो उनको जेंडर के दो या तीन विशेष अंक तो मिल जाते थे। गांव से आया सवर्ण और अच्छी आय वाले बच्चों को भी अंग्रेजी न जानने के नुकसान की भरपाई के दो या तीन अंक मिल जाते थे। दलित और आदिवासी को ज्यादा विशेष नंबर थे लेकिन ओबीसी समूह को भी ठीक ठाक विशेष अंक मिलते थे। जिसके परिवार की कमाई बढ़ी, शहरी हुआ, अंग्रेजी पढ़ाई शुरू हुई तो वह खुद ब खुद क्रीमी लेयर के ऊपर हों जाता था जिसमें दलित-आदिवासी भी हो सकते थे और ओबीसी भी। और इसी के चलते वहां के छात्र समुदाय का चरित्र एकदम अलग बना। उनका अकादमिक प्रदर्शन कैसा हुआ यह बताने की जरूरत नहीं है।

जनगणना में सामाजिक स्थिति जानने के दसियों आंकड़े इकट्ठे किए जाते हैं। 2011 की जनगणना में तो जातियों का पता करने के साथ खेती-बाड़ी, मकान, दूकान, चारपहिया-दो पहिया, रंगीन टीवी, मोबाइल जैसी सारी सूचनाएं इकट्ठा की गई थीं जिनमें कुछ जारी हुए कुछ दबा लिए गए। इस बार तो अज्ञात कारणों से जनगणना ही रोककर रखी गई है और जातिवार जनगणना ही नहीं महिलाओं का आरक्षण और संसदीय सीटों का पुनर्गठन भी आगे के लिए टाला गया है। गृह मंत्री का दावा है कि अगली जनगणना में बहुत व्यापक सूचनाएं जुटाई जाएंगी। सो जातिगत वंचना या जेंडर की स्थिति के साथ ही दूसरी वंचनाओं का हिसाब लगाना आसान होगा। फिर इस बीच लंबी चर्चाओं से जानकार लोगों से पिछड़ेपन के मानकों और वेटेज का एक सर्वमान्य फार्मूला भी तय कर लिया जाए। इसमे जन्मानुगत वंचनाओं का वेटेज ज्यादा होना चाहिए। पर खेतिहर समाज, मजदूरी वाले वर्ग, ग्रामीण और आदिवासी समाज की तकलीफों का भी महत्व समझना होगा। और जब कुल हिसाब होगा तो सचमुच में वही जमात सामने आएगा जिसे विशेष अवसर की जरूरत है। सो राजनीति चले कोई हर्ज नहीं, वोट की मारामारी हों कोई हर्ज नहीं लेकिन शासन से जुड़े लोगों को इस बीच पिछड़ेपन और वंचनाओं की पहचान और वर्गीकरण का काम पूरा कर लेना चाहिए जिससे आंकड़े आते ही एक व्यापक लाभ देने वाली व्यवस्था खड़ी हों जाए और रोज-रोज की राजनीति खत्म हो। पिछड़ापन शर्म की बात है, गर्व की नहीं।

## आपके पत्र

### वक़्फ़ संशोधन विधेयक: एक विवादास्पद कदम और इसके संभावित परिणाम

वक़्फ़ संपत्तियों की व्यवस्था सदियों से एक धार्मिक और कल्याणकारी परंपरा के रूप में चली आ रही है, जिसके तहत मुसलमानों ने अपनी संपत्तियां धार्मिक, शैक्षिक और समाजसेवी उद्देश्यों के लिए वक़्फ़ की हैं। हालांकि, हाल ही में प्रस्तावित वक़्फ़ संशोधन विधेयक ने इस प्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इस लेख में, हम इस विधेयक की जटिलताओं, इसके संभावित प्रभावों और इसके विरोध के औचित्य का विस्तार से विश्लेषण करेंगे।

ऐतिहासिक और सामाजिक संदर्भ-वक़्फ़ की अवधारणा इस्लामिक इतिहास में गहरी जड़ें रखती है। मुसलमानों ने मस्जिदों, मदरसों, अस्पतालों और अन्य कल्याणकारी संस्थानों की स्थापना के लिए वक़्फ़ का उपयोग किया है। उपमहाद्वीप में भी वक़्फ़ संपत्तियों ने शिक्षा और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वक़्फ़ संपत्तियां हमेशा समुदाय की भलाई के लिए समर्पित रही हैं और उनमें सरकारी हस्तक्षेप को अन्यायपूर्ण माना जाता है।

कानूनी और संवैधानिक पहलू-भारतीय संविधान के तहत धार्मिक स्वतंत्रता और आस्था के अनुसार पूजा करने का अधिकार मूल अधिकारों में शामिल है।

अनुच्छेद 25- सभी नागरिकों को अंतरात्मा की स्वतंत्रता और अपने धर्म को मानने, उसका प्रचार करने का अधिकार है।

अनुच्छेद 26- प्रत्येक धार्मिक समूह को अपने धार्मिक मामलों को स्वायत्त रूप से संचालित करने का अधिकार है।

अनुच्छेद 29 और 30- अल्पसंख्यकों को अपनी संस्कृति, धर्म और शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना और संचालन का पूरा अधिकार है।

वक़्फ़ अधिनियम 1995-वक़्फ़ संपत्तियों की सुरक्षा और उनके प्रबंधन के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान करता है। हालांकि, संशोधन विधेयक के तहत सरकार को वक़्फ़ संपत्तियों पर अधिक नियंत्रण देने का प्रयास किया जा रहा है, जो कि अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों के विरुद्ध है।

संभावित नुकसान- वक़्फ़ संपत्तियों पर सरकारी नियंत्रण बढ़ने से धार्मिक और समाजसेवी संस्थानों की स्वायत्तता समाप्त हो जाएगी।

कई शैक्षिक संस्थान, अनाथालय और अस्पताल, जो वक़्फ़ संपत्तियों पर संचालित होते हैं, प्रभावित हो सकते हैं।

इस कदम से अल्पसंख्यकों में अविश्वास बढ़ेगा और यह कानून उनके अधिकारों पर प्रतिबंध लगाने के समान होगा।

जनभावनाएं और सामाजिक प्रभाव-इस विधेयक के खिलाफ विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने चिंता व्यक्त की है। कई स्थानों पर इसके विरोध में प्रदर्शन भी हुए हैं, क्योंकि इसे अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला माना जा रहा है। वक़्फ़ संपत्तियों के तहत संचालित कई कल्याणकारी योजनाएं भी खतरे में पड़ सकती हैं।

विकल्प और सुझाव-यदि सरकार वक़्फ़ संपत्तियों के प्रबंधन में सुधार चाहती है, तो उसे अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं और विद्वानों से परामर्श करना चाहिए। पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए, वक़्फ़ बोर्डों की आंतरिक संरचना को मजबूत किया जा सकता है ताकि उनका बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

वक़्फ़ संशोधन विधेयक एक विवादास्पद कानून है, जो न केवल धार्मिक स्वतंत्रता के सिद्धांतों के खिलाफ है बल्कि अल्पसंख्यकों में असुरक्षा और बेचैनी भी बढ़ा सकता है। सरकार को इस विधेयक पर पुनर्विचार करना चाहिए और धार्मिक व सामाजिक संस्थानों के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। जनता और समाजसेवी संगठनों को भी इस मुद्दे पर अपनी आवाज़ बुलंद करनी चाहिए, ताकि न्याय और समानता के सिद्धांतों की रक्षा की जा सके।

**नुजहत सुहैल पाशा**
**जमात इस्लामी हिंद विमेंस विंग रायपुर.**



## ललित सुरजन की कलम से

### अडवानी या मोदी : फर्क क्या है?

*'नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में गुजरात में 2002 का नरसंहार ही नहीं हुआ, उसके बाद का घटनाचक्र भी उनकी कोई बेहतर छवि पेश नहीं करता। आज उन्होंने अडवानीजी को किनारे लगाया है, लेकिन इसके बहुत पहले वे गुजरात में भाजपा की नींव मजबूत करने वाले केशुभाई पटेल व सुरेश मेहता जैसे नेताओं को दरकिनार कर चुके हैं। याने अपनी महत्वाकांक्षा की पूर्ति में वे व्यक्तिगत संबंधों की परवाह नहीं करते। अपने ही एक मंत्री हरेन पंडया की हत्या को लेकर उनकी भूमिका पर सवाल उठाए जाते रहे हैं। दूसरी तरफ वे हत्या के आरोपी अमित शाह को पार्टी महासचिव बनवाते हैं और सरेआम बंदूक का डर दिखाने वाले विट्ठल रादडिया को भाजपा प्रवेश कर उन्हें लोकसभा का टिकट देते हैं। याने उन्हें इस बात की तनिक भी परवाह नहीं है कि उनके साथी-सहयोगियों का चरित्र क्या है। नरेंद्र मोदी अपनी लोकप्रिय छवि बनाने के लिए निरंतर उपाय करते रहे हैं। इसके बावजूद सोहराबुद्दीन हत्याकांड, इशरत जहां हत्याकांड और एहसान जाफरी की हत्या जैसे दुखदायी प्रसंग भूत बनकर उनका पीछा कर रहे हैं। माया कोडनानी सहित उनके कुछ और कट्टर साथी जेल में सजाएं भुगत ही रहे हैं। ऐसे प्रकरणों पर पर्दा डालते हुए श्री मोदी अपने छवि निर्माण के लिए विराट सम्मेलन करते हैं, लेकिन वे उस क्षण बेनकाब हो जाते हैं जब वे मुसलमान फकीर द्वारा दी गई टोपी पहनने से खुले मंच पर इंकार कर देते हैं। दूसरे शब्दों में दीनदयाल उपाध्याय के जिस एकात्म मानवतावाद का मंत्र लेकर अटल बिहारी वाजपेयी आगे बढ़े थे उसके लिए नरेंद्र मोदी के विचार और कार्य में कोई जगह नहीं है।'*

**(देशबन्धु में 13 जून 2013 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/07/blog-post.html

## पावन प्रसंग

### हमारा लक्ष्य पूर्णता की ओर

पूर्ण से हम आर्विभूत हुए हैं? पूर्ण की ओर हमें जाना है। अंततः पूर्ण ही हमें तृप्ति देगा- यह वाक्य उपनिषदों में दिखाई देगा। हमारी महत्ता क्या है? यह उस संकेत की ओर इशारा करता है जिसे कि भारतीय संस्कृति सदा से परिभाषित करती आई है। वह है स्वयं से प्रतिष्ठित हो स्वयं की जाग्रति द्वारा स्वयं का उद्धार। यह बात उन्हें ही समझ में आएगी जिनकी आत्मा इतने उच्च मूल्यों को स्वीकार कर सकने में समर्थ हो अर्थात उनमें सत्य को देख सकने की सामर्थ्य विकसित हो चुकी हो। जो अपने आप में सदा एकरस एवं जगत की परिस्थितियों के मध्य अपने को उच्च लक्ष्य के प्रति समर्पित रखने में सफल होते हैं, वही वास्तव में जीवन का मूल्य पहचान पाते हैं। हमें विकसित होना हे परंतु अपने आत्मा की परिधि में। जिसे अपनी आत्मा का भान है वह कभी भी कुपित मान्यता लिए अपने आपको दूषित विचारों एवं ओछे प्रयोजनों हेतु समर्पित नहीं कर सकता है। ऐसा व्यक्ति अपने जीवन की जाग्रति द्वारा दूसरों को प्रकाश पहुंचाने में समर्थ है, यही उसकी पहचान है; एवं इसके लिए उसे कहीं अन्यत्र भटकना नहीं पड़ता है, क्योंकि उसकी आत्मा स्वयं अपना मार्ग बनाने में समर्थ होती है। जिसकी आत्मा पर दाग नहीं लगे, जो सांसारिक पिरिस्थितियों के वशीभूत नहीं हुआ है एवं जो स्वयं में परिपूर्ण अनुभव कर आगे बढ़ता है। वही योगी है एवं उसे परम कल्याण का स्वर प्राण है।

जब तक हम भीतर से परिपूर्ण नहीं होते तब तक जगत का कोई भी प्रयोजन हमें सार्थकता नहीं दे सकती। यही आत्मा का सिद्धांत है जो इसकी पूर्ति कर लेता है। उसे जीवन में कभी सफलता की कमी नहीं होती क्योंकि अपने भीतरी केंद्र से संचालित होना ही सफलता है। जीवन का ध्येय यदि देखा जाए तो वह आत्मोत्कर्ष है। इसके लिए किसी विशेष प्रक्रिया की नहीं बल्कि स्वयं के आत्म विगलन एवं संपूर्णता में आत्मभाव की प्राप्ति हैोने की आवश्यकता होती है। जब यह हो जाए तब प्रत्येक गतिविधि का सार यही निकलता है कि क्या आत्मा की प्राप्ति हुई? आत्मा को उसके विषयों के विलय परंम तृप्ति का मार्ग सुझाए, इसे ही प्रज्ञा कहते हैं। प्रज्ञा का अभिप्राय उल उच्च स्तरीय बुद्धि या मेधा से है जो कि यथार्थ में आत्मा के अनुसंधान में कार्य करे एवं वह परिणाम उपस्थित करे जिससे कि आत्मा अपने मूल लक्ष्य एकत्व प्राप्ति में सफल हो। उसे जो कुछ चाहिए वह जगत से नहीं बल्कि अपने आप से चाहिए- अपने आप में यदि वह महान बन जाए तो उसे सौभाग्यशाली एवं हर प्रकार की विषमता से परे एक दैदीप्य स्वर में प्रकाशित व्यक्तित्व कहा जाएगा। यही उसका चिर-विधान है। हम एक बात को समझने में मनुष्य को समझने में अधिकाधिक समय लग जाता है कि वह जिस चीज से परेशान है वह उसके भीतर की अपूर्णता ही है।

**-अखंड ज्योति**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## रोमानियाई प्रधानमंत्री ने की इस्तीफे की घोषणा

**बुखारेस्ट,** 6 मई (एजेंसियां)। रोमानियाई प्रधानमंत्री मार्सेल सिओलाकू ने सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी (पीएसडी) के मुख्यालय में अपने इस्तीफे की घोषणा की। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब रोमानिया की सत्तारूढ़ पीएसडी ने सत्तारूढ़ गठबंधन से हटने के निर्णय की घोषणा की है। रविवार को रोमानिया के राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर के पुनर्मतदान के बाद आए नतीजों का हवाला देते हुए सिओलाकू ने कहा कि शासक गठबंधन के दो उद्देश्यों में से एक प्राप्त नहीं हुआ, जिसका मतलब है कि शासक गठबंधन में वैधता का अभाव है, कम से कम इसकी वर्तमान संरचना में। सत्तारूढ़ गठबंधन का प्रतिनिधित्व करने वाले राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार क्रिन एंटोन्सक्यू 18 मई को निर्धारित दूसरे दौर के मतदान में स्थान पाने में असफल रहे।

# अमेरिका छोड़ने वाले अवैध अप्रवासियों को मिलेगा 1,000 डॉलर का स्टाइपेंड

**वर्तमान में एक अवैध विदेशी को गिरफ्तार करने, हिरासत में लेने व निकालने की औसत लागत 17,121 डॉलर**



**वाशिंगटन,** 6 मई (एजेंसियां)। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने घोषणा की है कि स्वेच्छा से अमेरिका छोड़ने वाले अवैध प्रवासियों को 1,000 डॉलर और उनके यात्रा व्यय का भुगतान करेगा। ऐसा इसलिए ताकि सामूहिक निर्वासन को बढ़ावा दिया जा सके।

होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने एक बयान के जरिए इसकी जानकारी दी। कहा कि डीएचएस ने अवैध विदेशियों के लिए सीबीपी (सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा) होम ऐप के माध्यम से अपने देश वापस यात्रा करने के लिए वित्तीय और यात्रा सहायता प्राप्त करने के लिए एक ऐतिहासिक अवसर प्रदान करने का ऐलान किया है। कोई भी अवैध विदेशी जो स्व-निर्वासन के लिए सीबीपी होम ऐप का उपयोग करता है, उसे 1,000 डॉलर का स्टाइपेंड (वजीफा) भी मिलेगा, जिसका भुगतान उनके स्वदेश लौटने की पुष्टि (ऐप के जरिए) होने के बाद किया जाएगा।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने विभाग के हवाले से बताया कि स्टाइपेंड की लागत के बावजूद, यह अनुमान लगाया गया है कि ऐप का उपयोग करके स्व-निर्वासन से निर्वासन की लागत में लगभग 70 प्रतिशत की कमी आएगी। वर्तमान में एक अवैध विदेशी को गिरफ्तार करने, हिरासत में लेने और निकालने की औसत लागत 17,121 डॉलर है। होमलैंड सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यदि आप अवैध रूप से यहां हैं, तो स्व-निर्वासन गिरफ्तारी से बचने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका छोड़ने का सबसे अच्छा, सबसे सुरक्षित और सबसे किफायती तरीका है।

मिशिगन में हाल ही में एक रैली में भाषण देते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि उनके कार्यकाल के पहले 100 दिन इतिहास में किसी भी अमेरिकी प्रशासन के सबसे सफल दिन थे। ट्रंप ने अवैध अप्रवासियों के निर्वासन में वृद्धि जैसी नीतियों को अपनी प्रमुख उपलब्धियों में से एक बताया था।

ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन द्वारा प्रकाशित एक हालिया विश्लेषण के अनुसार, एक क्षेत्र जहां प्रशासन अपने प्रवर्तन लक्ष्यों को पूरा करने में विफल होता दिख रहा है, वह निर्वासन की संख्या है। विश्लेषण में कहा गया है कि निर्वासन की संख्या मामूली बनी हुई है, लेकिन इसके भयावह प्रभाव संभावित रूप से गंभीर हैं।

इस बीच, कई विशेषज्ञों ने प्रशासन की आव्रजन नीतियों के निहितार्थों के बारे में चिंता व्यक्त की।

## अमेरिकी डाकघरों व मेल डिलीवरी पर पड़ सकता है ट्रंप की नीतियों का असर

**न्यूयॉर्क।** लॉस एंजिल्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी डाक सेवा (यूएसपीएस) और यूनाइटेड पार्सल सर्विस (यूपीएस) में हजारों पत्र और पैकेज डिलीवरी कर्मचारियों की नौकरियों में इस साल कटौती हो सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ और डिजिटल इनोवेशन का अर्थव्यवस्था पर असर पड़ रहा है और दोनों ही कंपनियां लागत में कटौती करने और संचालन को सुव्यवस्थित करने की कोशिश कर रही हैं। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक, पिछले सप्ताह, यूपीएस के चीफ एक्जिक्यूटिव ने घोषणा की कि कंपनी इस साल 20,000 नौकरियों में कटौती करेगी, जो कि उसके वैश्विक कार्यबल का लगभग 4 प्रतिशत है, और जून के अंत तक 73 वितरण केंद्रों को बंद करने की योजना बना रही है, ये वितरण केंद्रों के संचालन को आधुनिक बनाने की योजना (पुनर्गठन योजना) का हिस्सा हैं, जिसमें इसकी 400 सर्विसेज में पूर्ण या आंशिक रूप से स्वचालित करना है।

## अमेरिका के सैन डिएगो में नाव पलटने से तीन की मौत, मानव तस्करी का शक



**लॉस एंजिल्स।** कैलिफोर्निया के सैन डिएगो के पास एक नाव पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई और नौ लोग लापता हैं। अधिकारियों के अनुसार तस्करी के लिए नाव का इस्तेमाल किया जा रहा था। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, अमेरिकी तट रक्षक (यूएससीजी) सहित कई एजेंसियों ने सोमवार सुबह डेल मार के तट पर एक जहाज के पलट जाने की जानकारी दी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पंगा-शैली की नाव टॉरी पाइंस स्टेट बीच के ठीक उत्तर में पाई गई थी और माना जाता है कि इसका इस्तेमाल मानव तस्करी के लिए किया गया था। यूएससीजी के अनुसार, जहाज पर करीब 16 लोग सवार थे, जिनमें दो बच्चे भी शामिल थे। इस घटना में सुरक्षित रहे एक व्यक्ति ने बताया कि नौ लोग, जिनमें संभवत: एक या दो बच्चे भी शामिल हैं, अभी भी लापता हैं। कैलिफोर्निया स्टेट पार्क के प्रवक्ता के अनुसार, समुद्र तट पर तीन शव पाए गए। अधिकारियों ने बताया कि चार अन्य लोगों को घटनास्थल पर ही कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) दिया गया और तीन को अस्पताल ले जाया गया। एनसिनिटास अग्निशमन विभाग ने बताया कि घायलों में से तीन को हल्की चोट आई है, जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। डेल मार के तट पर रेस्क्यू अभियान जारी है। यूएससीजी कई एजेंसियों के साथ कार्य कर रहा है, जिसमें सैन डिएगो फायर-रेस्क्यू हेलीकॉप्टर, 45-फुट तटरक्षक प्रतिक्रिया नाव और बचाव नौकाएं शामिल हैं।

## सुडोकू 6905


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | 4 | | | | | 3 |
| | 7 | | | | | | | |
| | | | | 6 | 5 | | 4 | 7 |
| | | 2 | 5 | 8 | | | | 9 |
| 9 | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | | 3 | 1 | 4 | | |
| 7 | 8 | | 3 | 2 | | | | |
| | | | | | | | 2 | |
| 2 | | | | | 6 | 8 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6905



**बायें से दायें:-**

१. जिसका कोई भी दुश्मन पैदा न हुआ हो
४. यमराज, युधिष्ठिर
६. किसी के सहारे रहना निवास करना
७. ठीक, उचित (उर्दू)
८. अंधकार
१०. नृत्य करने वाला
११. भले-बुरे की पहचान
१३. देर, खजाना(उर्दू)
१४. एकत्र, जमा, अर्जन
१५. हुकूमत, शासन (उर्दू)
१७. स्वाद लेना
१९. रंगोली
२१. पुष्परज
२२. अभिप्राय, अर्थ (उर्दू)
२४. सेनापति

**ऊपर से नीचे:-**

१. आवश्यक रूप से, जरूरी
२. पूरी तरह भीगा हुआ
३. जिसमें कोई गलती न हो
४. जोड़ने, योग करने संबंधी सकारात्मक
५. बैठा हुआ
९. मयकरी
११. पारिस्त्रमिक (उर्दू)
१२. कत्था
१३. गरल, विष
१४. इरादा, निश्चय
१५. डॉ. राधाकृष्णन को कहा जाता है
१६. हितकर, लाभदायक
१८. पानी, जल
१९. पूजी, अर्चना
२०. अमुक नाम का
२३. रिहा, मुक्त(उर्दू)

### वर्ग पहेली-6904



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारुवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 7 मई , 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 9**

### राशिफल

मेष - आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद पर काबू रखना होगा। आप परिश्रमी बने रहेंगे। हालांकि परिश्रम का फल नहीं मिलने से आप निराश हो सकते हैं। आपका स्वास्थ्य खराब होने की भी आशंका बनी रहेगी।

वृषभ - आज आप बहुत आत्मविश्वासी बने रहेंगे। इससे हर काम बहुत आसानी से पूरे हो सकेंगे। विद्यार्थियों की रुचि पढ़ाई में लगी रहेगी। सरकारी कामकाज में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे। संतान पर पैसे खर्च होंगे।

मिथुन - आज का दिन अच्छा होने से आप नई योजनाएं शुरू कर सकेंगे। व्यावसायिक सरकारी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। नौकरी पेशा लोग उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि पा सकेंगे। भाइयों और पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रहेंगे।

कर्क - आपको शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता महसूस होगी। नेगेटिव विचारों के कारण मानसिक चिंता होगी। किसी के साथ मतभेद हो सकता है। पारिवारिक वातावरण दूषित होगा। विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई में नहीं लगेगा।

सिंह - आत्मविश्वास और निर्णयशक्ति में वृद्धि होने के कारण आप त्वरित निर्णय ले सकेंगे। समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी। बुजुर्गों से आपको सहयोग मिलेगा। आपका मन प्रफुल्लित रहेगा।

कन्या - आप शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान रहेंगे। आपको छोटी बड़ी तकलीफें रहा करेंगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद हो सकता है। गुस्से और इगो के कारण आपका मनमुटाव हो सकता है।

तुला - आज आप अलग-अलग क्षेत्र से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उसके कारण आपको शारीरिक मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव होगा। आज आप दिन में मित्रों के साथ मिलकर किसी रमणीय स्थल की सैर करने का आयोजन कर सकेंगे।

वृश्चिक - आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपके सभी काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। आपका वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा। आप समाज में सम्माननीय बनेंगे। नौकरी तथा व्यवसाय में पदोन्नति का योग है।

धनु - कोई भी कदम आपको खतरे में डाल सकता है, इसलिए सावधान रहने की जरूरत है। आज किसी भी काम को करने में उत्साह नहीं रहेगा। तन-मन में चिंता और डर रहेगा। नौकरी और व्यवसाय में कठिनाई आ सकती है।

मकर - आज खान-पान पर ध्यान दें अन्यथा स्वास्थ्य खराब होने की पूरी आशंका है। उपचार, प्रवास या व्यावहारिक प्रसंगों में पैसे खर्च होंगे। कठिनाइयों से बाहर आना हो तो नकारात्मक विचारों तथा उग्र विचार पर अंकुश रखें।

कुंभ - आज आप में आत्मविश्वास और दृढ़ मनोबल भरपूर मात्रा में होगा और आपका दिन प्रेम और रोमांस से अधिक उल्लासित बनेगा। किसी नए व्यक्तियों के साथ आपकी मित्रता होगी।

मीन - दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के कारण काम में सफलता मिलेगी। परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी। आपका क्रोध आपकी वाणी और व्यवहार में दिख सकता है। नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर सम्मान प्राप्त होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# इजरायल ने हिज्बुल्लाह के हथियार ठिकानों पर किया हमला



**हिज्बुल्लाह द्वारा अपनी आतंकवादी क्षमताओं को पुन: स्थापित करने के किसी भी प्रयास को रोकेगा इजरायल : आईडीएफ**

**यरूशलम/बेरूत,** 6 मई (एजेंसियां)। इजरायली सेना ने कहा कि उसने सोमवार रात पूर्वी और दक्षिणी लेबनान पर हमला किया तथा हिजबुल्लाह से संबंधित आतंकवादी स्थलों को निशाना बनाया। सेना ने एक बयान में कहा कि हिजबुल्लाह ने बेका क्षेत्र में स्थित इस सुविधा का उपयोग रणनीतिक हथियारों के उत्पादन और भंडारण के लिए किया। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के अनुसार, दक्षिणी लेबनान के श्रीफा क्षेत्र में अतिरिक्त हमले किए गए, जहां हिजबुल्लाह के सैन्य अवसंरचना को निशाना बनाया गया।

आईडीएफ ने चेतावनी दी कि वह इज़रायल के लिए किसी भी खतरे को समाप्त करने के लिए काम करना जारी रखेगा और हिज़्बुल्लाह द्वारा अपनी आतंकवादी क्षमताओं को पुन: स्थापित करने के किसी भी प्रयास को रोकेगा। एक लेबनानी सुरक्षा सूत्र ने बताया कि इजरायली युद्धक विमानों ने पूर्वी लेबनान के खुले क्षेत्रों को निशाना बनाकर छह हमले किए, जिनके बारे में अनुमान है कि वे हिजबुल्लाह के ठिकाने हैं।

सुरक्षा सूत्र ने कहा कि इज़रायली ड्रोन और हेलीकॉप्टरों ने तायर हरफ़ा में चार घरों पर तीन हमले किए और उन्हें नष्ट कर दिया। लेबनान की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने कहा कि दो हमले हेलीकॉप्टरों द्वारा किए गए और तीसरा ड्रोन द्वारा किया गया।

लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल के मिशन प्रमुख और बल कमांडर अरोल्डो लाज़ारो सेन्ज़ ने कहा कि दक्षिणी लेबनान में स्थिति ज्यादा स्थिर हुई है, लेकिन नाजुक बनी हुई है और किसी भी परिदृश्य से बचने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाना चाहिए जिससे तनाव बढ़ सकता है।

## इंडोनेशिया सड़क दुर्घटना में 12 लोगों की मौत, पांच घायल




■ **ब्रेक फेल होने के कारण बस ने नियंत्रण खो दिया व पलट गई**

**जकार्ता,** 6 मई (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के पदांग पंजांग शहर में मंगलवार सुबह बस दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और अन्य पांच घायल हो गए। अधिकारियों ने दुर्घटना की पुष्टि की है। पदांग पंजांग में परिवहन विभाग के प्रमुख अर्केस रेफैंगस ने यहां शिन्हुआ को बताया कि यह दुर्घटना अंतर लिंटास सुमात्रा (एएलएस) कंपनी द्वारा संचालित एक बस के कथिततौर पर ब्रेक फेल होने के कारण हुई। ब्रेक फेल होने के कारण बस ने नियंत्रण खो दिया और पलट गई।श्री रेफैंगस ने कहा कि एएलएस बस काफी तेज रफ्तार से जा रही थी और इसी दौरान ब्रेक फेल हो गया। बस तीव्र मोड़ पर पलट गई। उन्होंने कहा कि बस में 25 लोग सवार थे। बस पलटते ही एक घर की बाड़ से टकरा गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में बस चालक बच गया।

## पाकिस्तान में सुरक्षा बलों के अभियान में आठ आतंकवादी ढ़ेर



**इस्लामाबाद,** 6 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में अलग-अलग अभियानों में आठ आतंकवादी मारे गए और एक सैनिक की मौत हो गयी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी बयान के मुताबिक सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान, दक्षिणी वजीरिस्तान, बन्नू और खैबर जिलों में खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान चलाया। उत्तरी वजीरिस्तान जिले में अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच झड़प में तीन आतंकवादी मारे गए। दक्षिणी वजीरिस्तान में एक अलग मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। गोलीबारी के दौरान एक सैनिक की भी मौत हो गयी। बन्नू और खैबर जिलों में अभियान में तीन आतंकवादी ढेर हो गए। मृत आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

## पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करने से बच रही अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस



**ब्रिटिश एयरवेज व अमीरात ने टिप्पणी का कोई जवाब नहीं दिया**

**इस्लामाबाद,** 6 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस यात्रा के लिए पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से बच रही हैं। अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंसों ने यह कदम जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उठाया गया है जिसमें 26 पर्यटक मारे गए थे। एयर फ्रांस ने कहा कि उसने भारत और पाकिस्तान के बीच हाल में बढ़ते तनाव के कारण अगली सूचना तक इस्लामाबाद के हवाई क्षेत्र से उड़ानें निलंबित कर दी हैं। फ्रांस की अग्रणी एयरलाइंस ने कहा कि एयरलाइन अपनी उड़ान अनुसूची और कुछ गंतव्यों के लिए उड़ान योजनाओं को अनुकूलित कर रही है और कहा कि कुछ मार्गों पर उड़ान के लिए अधिक समय की आवश्यकता होगी।

जर्मनी के अग्रणी एयरलाइंस लुफ्थांसा ने अगली सूचना तक पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र से उडान भरने से बचने की पुष्टि की। उड़ान ट्रैकिंग डेटा से हालांकि पता चला है कि ब्रिटिश एयरवेज, स्विस इंटरनेशनल एयर लाइन्स और अमीरात की कुछ उड़ानें अरब सागर से यात्रा करने के बाद पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र से बचने के लिए भारत के हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल कर रही है।

ब्रिटिश एयरवेज और अमीरात ने टिप्पणी का तुरंत कोई जवाब नहीं दिया है।

एयर फ्रांस ने एक बयान में कहा कि एयरलाइन ने अगले आदेश तक पाकिस्तान के ऊपर से उड़ान को निलंबित करने का फैसला किया है। इसकी वजह भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में तनाव बढ़ने का हवाला दिया गया है।

## आज का इतिहास

1663 – प्रसिद्ध नाटककार थामस किलिग्रू द्वारा निर्मित रायल थियेटर की लंदन में शुरूआत।
1834 – ईस्ट इंडिया कंपनी ने कुर्ग राज्य पर कब्जा कर लिया।
1861 – प्रसिद्ध बांग्ला कवि, कहानीकार, गीतकार, संगीतकार, नाटककार और निबंधकार और चित्रकार गुरूदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर का जन्म। उन्हें 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।
1907 – बम्बई में बिजली से चलने वाली पहली ट्राम कार चलाई गई।
1912 – कोलंबिया विश्वविद्यालय ने विभिन्न श्रेणियों में पुलित्जर पुरस्कार प्रदान करने की योजना को मंजूरी दी। इसकी स्थापना जोसेफ पुलित्जर ने की थी।
1928 – ब्रिटेन में महिलाओं की वोट देने की आयु 30 वर्ष से घटाकर 21 वर्ष कर दी गई।
1945 – जर्मनी के जनरल गुस्ताव जोड्ल ने आत्मसमर्पण के कागजों पर दस्तखत किए और इसके साथ ही यूरोप में छह साल से चल रहे युद्ध का अंत हुआ।
1946 – इबुका मसारू और मोरिता ओकियो ने उपभोक्ता इलेक्ट्रानिक उत्पाद बनाने वाली जापानी कंपनी सोनी कोरपोरेशन की स्थापना की।
1952– इंटीग्रेटेड सर्किट की अवधारणा पहली बार जियोफ्रे डमर में प्रकाशित। यह सभी आधुनिक कंप्यूटरों का आधार है।
1956 – ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने धूम्रपान के विरोध में किए जा रहे तमाम अभियानों को खारिज करते हुए कहा कि धूम्रपान के बुरे प्रभावों के तथ्य अभी सामने नहीं आए हैं।
1973 – ईटानगर को पूर्वोत्तर के खूबसूरत प्रांत अरुणाचल प्रदेश की नई राजधानी बनाने का काम शुरू किया गया।
1982 – आईबीएम ने पीसी-डीओएस का वर्जन 1.1 जारी किया।
2001– पोप जॉन पॉल सीरिया के ऐतिहासिक दौरे पर पहुंचे और वहां के हजारों लोगों ने बांहें फैलाकर उनका स्वागत किया।
2002 – चीन की नोर्दर्न एयरलाइंस के एक जेट विमान एमडी 82 में आग लग गई और यह बो हाइ सागर में समा गया। दुर्घटना में विमान में सवार सभी 112 लोगों की मौत।

**मामला** *संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव पर की गुप्त बैठक, कहा*

# तनाव कम करने में हमेशा मददगार होती है सुरक्षा परिषद

**संयुक्त राष्ट्र, 6 मई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव पर एक गुप्त बैठक की, जिसे परिषद के अध्यक्ष इवेंजेलोस सेकेरिस ने उपयोगी बताया। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सेकेरिस ने कहा कि सुरक्षा परिषद ऐसी स्थिति में तनाव कम करने में हमेशा मददगार होती है और यह परिषद की जिम्मेदारी है। चूंकि यह एक गुप्त बैठक थी, इसलिए इसके विवरण गोपनीय हैं और कोई आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं है। बैठक को जानकारी देने वाले सहायक महासचिव मोहम्मद खालिद खैरी ने बाहर निकलते हुए कहा कि सभी तनाव कम करना चाहते हैं।**

स्थिति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि स्थिति अस्थिर है, और उन्होंने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया। बैठक में शामिल रूस की उप स्थायी प्रतिनिधि अन्ना इवेस्टिग्नेवा ने कहा कि हमें तनाव कम होने की उम्मीद है।

बता दें कि सेकेरिस ने पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार अहमद के अनुरोध पर बैठक बुलाई। अहमद ने गुप्त बैठक की मांग की थी, क्योंकि परिषद के नियमों के अनुसार गैर-सदस्य देश इसमें भाग नहीं ले सकते। इस गुप्त बैठक में भारत को शामिल होने से रोक दिया गया, क्योंकि यह केवल सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों के लिए थी और पाकिस्तान, जो वर्तमान में निर्वाचित सदस्य है, उसी ने इसमें हिस्सा लिया था।

बैठक से पहले महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि स्थिति गंभीर है और दोनों देशों से खतरनाक स्थिति से पीछे हटने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण समय में सैन्य टकराव से बचना जरूरी है, जो आसानी से नियंत्रण से बाहर जा सकता है।



■ **भारत व पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की कोशिश**

पिछले महीने पहलगाम में 26 लोगों की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि मैं इस भयानक आतंकी हमले के बाद लोगों की गहरी भावनाओं को समझता हूं। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार अहमद ने भारत के इस आरोप को सिरे से खारिज किया कि पाकिस्तान का हमले में कोई हाथ था। उन्होंने कहा कि कश्मीर एक विवादित क्षेत्र है, जहां व्यापक असंतोष है, जो भारत के साथ समस्या की जड़ है, न कि आतंकवाद। साथ ही, उन्होंने भारत के साथ सहयोग की पेशकश भी की। उन्होंने कहा कि हम अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि हम भारत सहित अपने सभी पड़ोसियों के साथ शांतिपूर्ण सहयोगात्मक संबंधों के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं और हम बातचीत के लिए तैयार हैं।

## दुनिया को जानें

### पोप का चुनाव शुरू, 71 देशों के 133 कार्डिनल लेंगे भाग व क्षेत्रीय प्राथमिकताओं का होगा असर

**वेटिकन सिटी,** 6 मई (एजेंसियां)। नए पोप के चुनाव के लिए बुधवार से कान्क्लेव शुरू होगी। ऐसा कोई नियम नहीं है कि कार्डिनल राष्ट्रीयता या क्षेत्र के हिसाब से मतदान करें, लेकिन भौगोलिक लिहाज से उनके दृष्टिकोण को समझने से उनकी प्राथमिकताएं पता चलती हैं। यही कारण है कि दुनियाभर के 140 करोड़ कैथोलिक के नए पोप का चुनाव भौगोलिक विविधता के लिहाज से ऐतिहासिक होगा।

फिलहाल 71 देशों में 80 वर्ष से कम उम्र के 135 कार्डिनल हैं, जिनमें से दो ने स्वास्थ्य कारणों के चलते मतदान से इन्कार कर दिया है। यानी अब 133 कार्डिनल चुनाव में पहुंचेंगे और बहुमत के लिए दो-तिहाई यानी 89 वोट की जरूरत होगी। इटली में सर्वाधिक 17 कार्डिनल हैं, जिसके बाद अमेरिका (10), ब्राजील (7), फ्रांस और स्पेन (5), अर्जेंटीना, कनाडा, भारत, पोलैंड और पुर्तगाल में चार-चार कार्डिनल हैं। वेटिकन के आंकड़ों के अनुसार, यूरोप के 53 कार्डिनल हैं और एक के बीमार होने से मतदान में 52 हिस्सा लेंगे। इसके बाद एशिया से 23, अफ्रीका के 18 में एक की खराब तबीयत के बाद 17, दक्षिण अमेरिका के 17, उत्तरी अमेरिका के 16, मध्य अमेरिका के चार और ओसियनिया के चार कार्डिनल हैं।

# प्रादेशिकी

### नशे के खात्मे के लिए वार्ड स्तर पर गठित की जाएगी कमेटियां : मोहिंदर भगत

**जालंधर।** पंजाब के बागवानी, स्वतंत्रता सेनानी और रक्षा सेवाएं कल्याण मंत्री मोहिंदर भगत ने मंगलवार को कहा कि नशीले पदार्थों के प्रयोग को रोकने के लिए 'ग्राम सुरक्षा कमेटियों' की तर्ज पर शहरों में वार्ड स्तर पर ऐसी कमेटियों का गठन किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और सरकार ने पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए 31 मई तक की समय सीमा तय की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान पंजाब को नशा मुक्त देखना चाहते है, जिसके लिए गांवों की निगरानी के तौर पर ग्राम सुरक्षा कमेटियां गठित की गई है। श्री भगत ने कहा कि यही मॉडल शहरी क्षेत्रों में भी लागू किया जाएगा, जिसमें वार्ड स्तर पर कमेटियां बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि हमें हर कीमत पर 31 मई तक पंजाब को नशा मुक्त बनाना है।

### मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने घर तोड़ने की रोक को जारी रखा

# नैनीताल दुष्कर्म के आरोपी उस्मान पर लगा एससी एक्ट

- हाईकोर्ट का आदेश, एसएसपी हर हफ्ते खुद करेंगे केस की समीक्षा
- एसएसपी नैनीताल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में हुए पेश हुए



**नैनीताल,** 6 मई (देशन्धु)। 12 साल की नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म मामले में मंगलवार को उत्तराखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। नैनीताल नगर पालिका ने 65 साल के आरोपी मो उस्मान के घर को अवैध निर्माण बताते हुए तोड़ने का नोटिस दिया था। नगर पालिका के इस नोटिस के खिलाफ उत्तराखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। मंगलवार की सुनवाई में मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने घर तोड़ने की रोक को जारी रखा है। इसके अलावा कोर्ट ने एसएसपी नैनीताल को निर्देश दिए हैं कि वे प्रत्येक सप्ताह मामले की खुद समीक्षा करें। अगली सुनवाई पर की गई कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करें। मामले की अगली सुनवाई 5 अगस्त को होगी। एसएसपी नैनीताल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए थे। उन्होंने कोर्ट को अवगत कराया कि शहर में शांति व्यवस्था बनी हुई। मामले में जांच चल रही है, आरोपी पर पॉक्सो के अलावा एससी एक्ट की भी धारा लगाई गई है। क्योंकि पीड़िता अनुसूचित जाति की है। वहीं मामले में नगर पालिका ने अपना जवाब पेश कर कहा कि कोर्ट के आदेश के बाद नगर पालिका ने जो अवैध मकान खाली कराने का नोटिस दिया था, उसे वापस ले लिया है।

याचिका में पीड़ित परिवार की तरफ से पक्षकार बनाये जाने के लिए प्रार्थना पत्र अपने अधिवक्ता ने पेश किया। उत्तराखंड हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने अपना पक्ष रखकर कहा कि सोशल मीडिया पर अधिवक्ताओं व न्यायालय के खिलाफ अभद्रता भरे पोस्ट किए जा रहे है, इसपर रोक लगाई जाए। इसके लिए पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए जाएं। बता दें कि नैनीताल नगर पालिका ने दुष्कर्म के आरोपी को मो। उस्मान को घर खाली करने और तोड़ने का नोटिस दिया था, जिसको मो। उस्मान के अधिवक्ता डॉ. कार्तिकेय हरि गुप्ता ने हाईकोर्ट में चुनौती थी। मो। उस्मान के वकील ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश हैं कि अतिक्रमण हटाने से 15 दिन पहले नोटिस देना होता है, लेकिन नगर पालिका ने केवल 3 दिन का समय दिया, जबकि आरोपी जेल में है। इसके अलावा क्षेत्र के कई दर्जन अन्य लोगों को नोटिस हुए हैं। यह अपने आप मे सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना है। नगर पालिका इस तरह से मकान खाली कराने का नोटिस उन्हें बिना सुने नहीं दे सकती। उन्हें भी अपना पक्ष रखने का मौका दिया दिया। क्योंकि आरोपी पुलिस की कस्टडी में है। मामले के अनुसार आरोपी उस्मान ने नाबालिग के साथ 12 अप्रैल को दुष्कर्म किया था। जब इसका पता हिन्दू संगठनों को चला तो संगठन भड़क उठे। नैनीताल में बवाल हो गया। कई दुकानों में तोड़फोड़ व कई के साथ मार पिटाई तक हुई। तब से अब तक आरोपी को फांसी की सजा दिलाये जाने को लेकर विभिन्न संगठन धरना प्रदर्शन कर रहे है। इसको शांत करने के लिए एक मई को नगर पालिका ने आरोपी के घर को खाली कराने के लिए तीन दिन का समय देते हुए नोटिस उसके घर पर चस्पा कर दिया। इस आदेश को

## हिंदू संगठनों ने निकाला जूलुस, पुलिस से भी हुई धक्का-मुक्की

- आरोपी का घर तोड़ने की मांग पर अड प्रदर्शनकारी



**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल शहर में 12 साल की बच्ची से दुष्कर्म की घटना के बाद लोगों का गुस्सा शांत नहीं हो रहा है। मंगलवार 6 मई को भी हिंदूवादी संगठनों ने नैनीताल में सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। हिंदूवादी संगठनों ने 65 साल के आरोपी मो उस्मान के घर को तोड़ने और उसे फांसी देने की मांगी। हिंदूवादी संगठनों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए शहर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। हिंदूवादी संगठनों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड में है। पुलिस ने शहर के विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों के जुलूस को रोकने का प्रयास किया। नैनीताल एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा भी मौके पर मौजूद है। शहर में किसी तरह का माहौल खराब न हो, उसके लिए अतिरिक्त पुलिस बल के अलावा पैरामिलिट्री फोर्स भी शहर में लगाई गई है।नैनीताल एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि कई जगहों पर पुलिस बल तैनात है। बता दें कि सुबह हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता सबसे पहले मां नैना देवी मंदिर में एकत्र हुए, जहां पर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद हिंदू संगठनों ने शहर में जूलुस निकाला। पुलिस ने भी जब जूलुस को रोकने का प्रयास किया तो प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी की।बता दें कि 30 अप्रैल को 12 साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया था। आरोपी नैनीताल के 65 साल के ठेकेदार मो उस्मान पर लगा था। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बावजूद उसके लोगों का गुस्सा शांत नहीं हो रहा है। हिंदू संगठन की मांग है कि आरोपी का घर तोड़ा जाए। गौरतलब है कि प्रदेश में भर में इस घटना का विरोध हो रहा है। सोमवार पांच मई को नैनीताल की सामाजिक और धार्मिक संस्था अंजुमन इस्लामिया ने भी आरोपी और उसके परिवार का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। अंजुमन इस्लामिया ने साफ किया है कि आरोपी के परिवार को मस्जिद तक में नहीं घुसने दिया जाएगा।

## दुष्कर्म के आरोपी के बेटे का घनसाली स्थानांतरण, विभाग में अपर सहायक अभियंता है

**देहरादून।** राजकीय कार्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में लोक निर्माण विभाग के उधम सिंह नगर जिले के खटीमा कार्यालय में तैनात अपर सहायक अभियंता (सिविल) रिजवान खान का घनसाली (टिहरी गढ़वाल) तबादला कर दिया गया है। वह नैनीताल में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी उस्मान का बेटा है। प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष राजेश चंद्र की ओर से जारी आदेश के अनुसार, रिजवान को राजकीय कार्यों में शिथिलता, लापरवाही बरतने और आदेश का अनुपालन न करने के कारण अधीक्षण अभियंता चतुर्थ वृत्त, लोक निर्माण विभाग रुद्रपुर और मुख्य अभियंता क्षेत्रीय कार्यालय हल्द्वानी की सिफारिश पर तत्काल प्रभाव से अस्थायी खंड लोनिवि घनसाली स्थानांतरित कर दिया गया है।खटीमा में साढ़े तीन साल से तैनात था रिजवान खान नैनीताल में बालिका से दुष्कर्म के आरोपी लोनिवि ठेकेदार उस्मान का बेटा रिजवान खान साढ़े तीन साल से लोनिवि निर्माण खंड खटीमा में अपर सहायक अभियंता पद पर तैनात है।विभाग में उनकी कार्यशैली को लेकर तमाम चर्चाएं हैं। बताया जा रहा है कि हाई लेवल का ठेकेदार होने की वजह से उस्मान की विभाग में तूती बोलती थी और अफसरों से निकटता का फायदा परिवार ने भी उठाया था। उस्मान के बेटे रिजवान ने दो सितंबर 2004 को कनिष्ठ अभियंता पद पर गढ़वाल के लोनिवि अस्थाई खंड सैया में तैनाती की थी। लेकिन 25 सितंबर 2004 को उनका तबादला श्रीनगर हो गया था।

**सार संक्षेप**

### कृषि अधिकारियों को कपास के तहत रकबा बढ़ाने के आदेश

**चंडीगढ़।** पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने मालवा क्षेत्र के आठ जिलों के मुख्य कृषि अधिकारियों को किसानों को कपास की आधुनिक तकनीकों के बारे में प्रशिक्षण और मार्गदर्शन देने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कीटों की रोकथाम संबंधी उपायों की सख्ती से पालना और निगरानी सुनिश्चित करने को कहा है। श्री खुड्डियां ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रशासनिक सचिव डॉ बसंत गर्ग के साथ मालवा क्षेत्र के आठ जिलों, फाजिल्का, श्री मुक्तसर साहिब, बठिंडा, मानसा, बरनाला, संगरूर, मोगा और फरीदकोट शामिल हैं, में कपास की खेती की ब्लॉक-वार प्रगति की समीक्षा की। उन्होने बताया कि राज्य सरकार ने इस सीजन में 1.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में कपास की खेती करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### हिसार नगर निगम कार्यालय में लगी आग

**हिसार।** हरियाणा में हिसार नगर निगम कार्यालय में मंगलवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे अचानक आग लग गई। आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार आग नगर निगम की पहली मंजिल पर स्थित संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल सिंह के दफ्तर के साथ लगी बैठक में लगी। घटना के समय श्री सिंह अपने कार्यालय में मौजूद थे, लेकिन धुआं देखते ही वह बाहर निकल आए। कर्मचारियों ने खुद ही आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। बाद में दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाई गई। आग संभवतः कमरे में लगे एयर कंडिशनर का कंप्रेसर फटने के कारण लगी।

### एएसआई रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने मोगा जिले के थाना समालपुर में तैनात सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) हरबिंदर सिंह को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों काबू किया है। सतर्कता ब्यूरो के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी मुहिम के दौरान उपरोक्त आरोपी को फरीदकोट जिले के कोटकपुरा कस्बे के एक निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उपरोक्त पुलिस थाने में उसने अपने अगवा होने संबंधी प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

### सुडोकू 6905 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 3 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 5 | 8 | 6 |
| 3 | 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 7 | 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 9 | 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |

# सीएम धामी ने विभिन्न पदों पर नियुक्त 139 अभ्यर्थियों को दिए नियुक्ति पत्र

**देहरादून,** 6 मई (एजेंसियां)। उत्तराखंड सरकार के उच्च शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत, विभिन्न पदों पर नियुक्त 139 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नियुक्ति पत्र वितरित किए। श्री धामी ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के राज्य सरकार के विकल्प रहित संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता एवं ईमानदारी से जुटने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में अब नौकरियां सिर्फ और सिर्फ योग्यता, प्रतिभा व क्षमता के आधार पर मिल रही है। प्रतियोगिता परीक्षाओं को निष्पक्षता व ईमानदारी से संपन्न कराया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि साढ़े तीन वर्षों के दौरान राज्य में विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति



पाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या अब तेईस हजार के आंकड़े को पार करने वाली है। मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत, असिस्टेंट प्रोफेसर के 52 पदों पर लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों के साथ ही चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत, मेडिकल कॉलेजों के 18 प्रोफेसर्स व 36 एसोसिएट प्रोफसर्स और नर्सिंग कॉलेजों में ट्यूटर व मेडिकल सोशल वर्कर के 33 पदों पर चिकित्सा सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

### धामी ने किया पांच मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारम्भ

**देहरादून।** उत्तराखंड के दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए, पूर्ण रूप से सुसज्जित पांच मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) की मंगलवार को शुरूआत की गई। इस योजना का शुभारम्भ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने आवास परिसर में किया। उन्होंने इस पहल को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को दूर करने हेतु प्रभावी प्रयास बताया। सरकार के 'स्वस्थ उत्तराखंड, समृद्ध उत्तराखंड' मिशन के अनुरूप सप्ताह में छह दिन संचालित होने वाले ये एमएमयू आवश्यक निदान और उपचार सुविधाओं से सुसज्जित हैं। राज्य के दूरदराज के क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में ये पांच एमएमयू निश्चित रूप से मददगार होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन एमएमयू का संचालन सीएससी द्वारा किया जाएगा।

## केदारनाथ धाम में नाच-गाना करके पवित्रता भंग करने वालों पर हुआ मुकदमा दर्ज

**देहरादून,** 6 मई (देशबन्धु)। गत दिवस से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें कुछ युवक केदारनाथ मंदिर के पीछे के हिस्से में डी.जे. बजाकर नाचने सहित हो-हल्ला कर रहे हैं। इस वायरल वीडियो की के सम्बन्ध में आस-पास पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि यह वीडियो कपाट खुलने के बाद का नहीं है। इस प्रकरण में वादी प्रभारी अधिकारी बी.के.टी.सी गिरीश देवली ने हाल केदारनाथ धाम की कोतवाली सोनप्रयाग पर दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया। जिसमें धार्मिक व पूजा स्थल को अपवित्र करना



- कपाट खुलने के पूर्व की है वीडियो

सम्बन्धी अभियोग इन अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध पंजीकृत किया गया है। अभियोग की विवेचना प्रचलित है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से असामाजिक तत्वों का चिन्हीकरण किया गया है।

### चारधाम यात्रियों की सुरक्षा के लिए आईटीबीपी के जवान तैनात

**टिहरी।** चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन ने विभिन्न चेक पोस्ट पर आईटीबीपी के जवानों को तैनात किया गया है। डीएम मयूर दीक्षित, एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि चारधाम यात्रा को सुगम, सफल और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए है। चारधाम यात्रा के पहले पड़ाव ऋषिकेश से होते हुए टिहरी जिले में सरकार के स्तर से यात्रा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद चारधाम यात्रा को लेकर प्रशासन अतिरिक्त सजगता बरत रहा है। बताया कि यात्रियों को कोई भी दिक्कत, परेशानी ना हो। इसके लिए जगह-जगह पुलिस पर्यटन केंद्र स्थापित किए गए हैं।

## ब्रह्मकमल चौक को जिला प्रशासन ने किया रातोंरात तटस्थ

**देहरादून,** 6 मई (देशबन्धु)। जन दुर्घटनाओं जन जहमत का कारकः बन रहे ब्रह्मकमल चौक को जिला प्रशासन ने रातोरात तटस्थ करा दिया गया है।



मंगलवार को यहां जन दुर्घटनाओं जन जहमत का कारकः बन रहे ब्रह्मकमल चौक, जिला प्रशासन ने किया रातोरात तटस्थ करा दिया गया है। जिलाधिकारी सविन बसंल की अध्यक्षता में आयोजित की गई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिले में दुर्घटना के कारण तथा यातायात बाधित करने वाले स्थानों पर समिति द्वारा सुधारात्मक कदम उठाने का निर्णय लिया गया था जिसके सापेक्ष यह कार्य किया गया है। ग्रेट वैल्यू चौक में ब्रह्मकमल के कारण चौक की गोलाई अधिक है, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा था, सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत जिले में सुधारीकरण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इसी कड़ी में आईएसबीटी सड़क सुरक्षा सुधारीकरण एवं ड्रेनेज कार्य अपने अंतिम चरण में जिसका मुख्यमंत्री द्वारा जल्द ही लोकार्पण किया जाएगा। यातायात के दृष्टिगत चौक चौराहा का सुधारीकरण एवं सौंदर्यकरण कार्य जारी है जिसे 15 जून से पहले पूर्ण कर लिया जाएगा। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत दुर्घटना संभावित चिन्हित स्थानों पर स्पीड ब्रेकर भी स्थापित किए गए हैं।

# महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना में शामिल करने का निर्णय

**शिमला,** 6 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज यहां आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में घरेलू कार्य करने वाली महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना में शामिल करने का निर्णय लिया गया।

जिन महिलाओं ने घरेलू सहायिका के रूप में न्यूनतम 100 दिन कार्य किया है, वह महिलाएं अब इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र होंगी। इसके अलावा इन महिलाओं की 21 वर्ष या उससे अधिक आयु की बेटियां भी इस योजना के तहत पात्र होंगी और उन्हें 1500 रुपये प्रति माह पेंशन के रूप में



प्रदान किए जाएंगे। मंत्रिमंडल ने राज्य में प्राकृतिक पद्धति से तैयार की गई फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी है। इस पद्धति से तैयार गेहूं के एमएसपी को 40 रुपये से बढ़ाकर 60 रुपये तथा मक्की के एमएसपी को 30 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये प्रति किलोग्राम करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा, प्राकृतिक रूप से उगाई गई कच्ची हल्दी के लिए 90 रुपये प्रति किलोग्राम और जिला चंबा के पांगी खंड में उगाए गए जौ के लिए 60 रुपये प्रति किलोग्राम एमएसपी को मंजूरी प्रदान की गई है। पांगी को राज्य का पहला प्राकृतिक खेती उप-मंडल घोषित करने का भी निर्णय लिया गया।

### एक वर्ष में पूरी होगी करूणामूलक आधार पर लम्बित भर्ती प्रक्रिया : मुख्यमंत्री

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने करूणामूलक आधार पर लम्बित रोजगार संबंधी मामलों की प्रक्रिया को एक वर्ष के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री आज यहां करूणामूलक रोजगार नीति पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन भर्तियों की पात्रता के लिए वार्षिक आय सीमा को 2.50 लाख रुपये से बढ़ाकर तीन लाख रुपये किया जाएगा। करूणामूलक आधार पर लम्बित मामलों को तीन चरणों में निपटाया जाएगा। पहले चरण में विधवा तथा 45 वर्ष से कम आयुवर्ग के उन आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनके माता-पिता नहीं है। वर्तमान में प्रदेश में इस श्रेणी में 141 विधवाएं और 159 अनाथ बच्चे शामिल हैं।

## नेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में छात्रों ने किए नौ मेडल हासिल

- नगर क्षेत्र पहुंचने पर कोच के साथ मेडल जीते छात्रों का स्वागत
- नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत ने किया सम्मानित



**रुद्रप्रयाग,** 6 मई (देशबन्धु)। उत्तराखंड ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर आयोजित 15वीं नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जिले के नौ छात्रों ने पदक हासिल किया है। जिले में पहुंचने पर कोच अवनीश भारती के साथ सभी छात्रों का नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत, सभासदों और स्थानीय जनता ने स्वागत किया।

बता दें कि नगर क्षेत्र में बुद्धम एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट्स में एकेडमी के संचालक पूर्व अध्यापक कोच अवनीश भारती की ओर से स्कूली छात्राओं को ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वे पिछले चार सालों से छात्रों को प्रशिक्षित करने के साथ ही उन्हें प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग करवा रहे हैं, जिससे वे राज्य से लेकर नेशनल और इंटरनेशल स्तर पर पहचान बना सकें। बीते दिनों देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में रुद्रप्रयाग के छात्रों ने विभिन्न भार वर्गों में मेडल प्राप्त किए। प्रियांशु, मनीषा गुंसाई एवं रुद्राक्ष गुंसाई ने जहां स्वर्ण पदक हासिल किया, वहीं प्रथा देवली, आराध्या एवं भानु प्रताप ने रजत पदक के साथ ही दीप्ति, जिया रौथान एवं अनन्या रावत ने कांस्य पदक हासिल किया। कोच और छात्रों के नगर क्षेत्र पहुंचने पर नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत के साथ ही सभासदों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों और कोच को शॉल भी भेंट किया।

### ये है ताइक्वांडो मार्शल आर्ट

**रुद्रप्रयाग।** ताइक्वांडो मार्शल आर्ट का एक कोरियाई रूप है, जिसमें पंचिंग और किकिंग तकनीकों की विशेषता है, जिसमें सिर की ऊंचाई वाली किक, स्पिनिंग जंप किक और फास्ट किकिंग तकनीक पर जोर दिया जाता है। ताइक्वांडो में किया गया शारीरिक प्रशिक्षण उद्देश्यपूर्ण है और मानसिक आयुध के माध्यम से मन की शक्ति को बढ़ावा देता है।

## नगर निगम में हुए भूमि खरीद घोटाले की जांच शुरू

**हरिद्वार,** 6 मई (देशबन्धु)। नगर निगम में हुए भूमि खरीद घोटाले की जांच शुरू कर दी गयी है। इसके लिए आईएएस अफसर रणवीर सिंह चौहान हरिद्वार पहुंच गए है और उन्होने जांच शुरू कर दी है। हरिद्वार नगर निगम ने नवंबर 2024 में सराय गांव में स्थित लगभग 33 बीघा भूमि को 54 करोड़ रूपये में खरीदा गया था। यह भूमि नगर निगम के कूड़ा निस्तारण केंद्र के पास स्थित थी। आरोप है कि इस भूमि का वास्तविक मूल्य 10-15 करोड़ रूपये था, लेकिन लैंड यूज बदलकर और सर्किल रेट का लाभ उठाकर इसे अधिक कीमत पर खरीदा गया, जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर इस मामले की जांच गन्ना और चीनी विभाग के सचिव रणवीर सिंह चौहान को सौंपी गई। जांच में प्रथम दृष्टया गंभीर अनियमितताएं पाई गईं, जिसके आधार पर रवीन्द्र कुमार दयाल (प्रभारी सहायक नगर आयुक्त), आनंद सिंह मिश्रवाण (प्रभारी अधिशासी अभियंता), लक्ष्मीकांत भट्ट (कर एवं राजस्व अधीक्षक) व दिनेश चंद्र कांडपाल (अवर अभियंता) को निलंबित किया गया। इसके अतिरिक्त, सेवा विस्तार पर कार्यरत सेवानिवृत्त संपत्ति लिपिक वेदपाल की सेवा समाप्त कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं ।

# प्रादेशिकी

## महानगर के समग्र विकास के लिए कमिश्नर ने ली बैठक

**मेरठ,** 6 मई (देशबन्धु)। कैम्प कार्यालय में आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ हृषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में मेरठ महानगर के समग्र विकास के लिए समेकित प्रस्तावो पर निर्णय लिये जाने के संबंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में आयुक्त सार्वजनिक स्थल के सुदृढीकरणध्सौन्दर्यीकरण के अंतर्गत संजय वन का जीणोद्धार एवं विकास, सूरजकुंड पार्क एवं अन्य पार्को का सौन्दर्यीकरण, विक्टोरिया पार्क ग्राउंड में फूड स्ट्रीट, नौचंदी मेले का सुधार, मेरठ मंडपम विकास योजना, आबूलेन रोड का सौन्दर्यीकरण, शास्त्रीनगर मार्केट, भगत सिह मार्केट, नई सडक मार्केट, केसरगंज मार्केट का सौन्दर्यीकरण तथा डेडीकेटेड वेन्डिंग जोन व पुलिस म्यूजियम का निर्माण, बस शैल्टर निर्माण, पार्किंग व अन्य महत्वपूर्ण सडको का सौन्दर्यीकरण सहित अन्य प्रस्ताव पर विचार-विमर्श करते हुये संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## मार्केट डिमांड के अनुरूप एमएसएमई इकाइयों को रहना होगा अपडेट : योगी

- मुख्यमंत्री ने की सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की समीक्षा



क्षेत्र से जुड़े युवाओं की क्षमता संवर्धन के लिए ठोस रणनीति अपनाई जाए : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ/मेरठ,** 6 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश की एमएसएमई इकाइयों को बदलते बाजार की आवश्यकताओं के अनुसार स्वयं को निरंतर अपडेट करते रहना होगा। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा एमएसएमई बेस है, इसलिए इस क्षेत्र से जुड़े युवाओं की क्षमता संवर्धन के लिए ठोस रणनीति अपनाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि 'सीएम-युवा' योजना के अंतर्गत नए उद्यमियों को ऋण देने से पूर्व उन्हें विधिवत और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण अवश्य प्रदान किया जाए।

मंगलवार को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने इस क्षेत्र के समग्र विकास, उद्यमिता के विस्तार, रोजगार सृजन और निर्यात वृद्धि के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की एमएसएमई इकाइयाँ स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को गति देने के साथ-साथ बड़े उद्योगों के लिए एंकर यूनिट के रूप में भी कार्य कर रही हैं। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में लगभग 96 लाख एमएसएमई इकाइयां सक्रिय हैं, जो राज्य के कुल निर्यात में करीब 46 प्रतिशत का योगदान कर रही हैं और 1.65 करोड़ से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार प्रदान कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने 'वोकल फॉर लोकल', 'लोकल टू ग्लोबल' और 'ब्रांड यूपी' के मंत्र को साकार करने के लिए एमएसएमई सेक्टर को रणनीतिक रूप से अधिक सशक्त बनाए जाने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की पारंपरिक शिल्पकला, कृषि आधारित उत्पादन और नवाचार पर आधारित उद्यमशीलता को अब वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का उपयुक्त समय है। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य की योजनाएं युवाओं, महिलाओं, उद्यमियों और ग्रामीण समाज के आर्थिक सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर बनाई जाएं और इनकी सतत निगरानी भी सुनिश्चित हो।

### योजना के लाभार्थियों को समयबद्ध रूप से हो ऋण वितरण : मुख्यमंत्री

योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि एक लाख वार्षिक लक्ष्य के अनुरूप योजना के लाभार्थियों को समयबद्ध रूप से ऋण वितरण हो। इसके लिए बैंकिंग संस्थानों से समन्वय सशक्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि ऋण देने से पूर्व चयनित युवाओं को विधिवत प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है। 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना' के संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वर्ष 2018-19 में जहां 7,600 कारीगरों को प्रशिक्षित कर टूलकिट वितरित की गई थी, वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 में यह संख्या बढ़कर 75,000 से अधिक हो गई है। मुख्यमंत्री ने योजना के कवरेज को और बढ़ाने, प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने तथा टूलकिट की उपयोगिता और मजबूती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स एमएसएमई इकाइयों के लिए एक उत्कृष्ट मॉडल है, जिसमें सीमित स्थान में बहु-इकाई औद्योगिक संचालन संभव होता है। कानपुर में इसका सफल उदाहरण देखा गया है। मुख्यमंत्री ने इस मॉडल को अन्य नगरों में विस्तार देने और निजी क्षेत्र को भी इसमें भागीदार बनाने का सुझाव दिया। सीएम फेलो के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने उनके प्रदर्शन की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए।

## सेवानिवृत्त प्रवक्ता ने छात्रों की सुविधा के लिए दिए 51 हजार रुपए

**मवाना,** 6 मई (देशबन्धु)। ए.एस.इंटर कॉलेज मवाना के सेवानिवृत्त अंग्रेजी प्रवक्ता अशोक कुमार ने अपने स्वर्गीय पिता जयकरण सिंह की स्मृति में छात्र-छात्राओं की सुविधा हेतु 51 हजार रुपए की धनराशि विद्यालय को प्रदान की। यह राशि विद्यालय में पंखे और वाटर कूलर लगाने के लिए दी गई है, जिससे छात्रों को गर्मी में राहत मिल सके। अशोक कुमार ने वर्ष 1988 में ए.एस. इंटर कॉलेज में अंग्रेजी प्रवक्ता के रूप में सेवा प्रारंभ की थी। 2015 से 8 जनवरी 2022 तक वे कार्यवाहक प्रधानाचार्य के पद पर भी



- पिता की स्मृति में भेंट की धनराशि

कार्यरत रहे। 31 मार्च 2022 को वे अंग्रेजी प्रवक्ता के पद से सेवानिवृत्त हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मेघराज सिंह ने बताया कि जून माह में इस राशि से विद्यालय परिसर में पंखे और वाटर कूलर लगाए जाएंगे, जिससे भीषण गर्मी में छात्र-छात्राओं को ठंडी हवा और शीतल जल की सुविधा मिल सकेगी। विद्यालय परिवार ने अशोक कुमार के इस प्रेरणादायक योगदान के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्र, सुरक्षा, शांति एवं शक्ति में वृद्धि के लिए यज्ञ आयोजित



- मेरठ पब्लिक स्कूल समूह के बच्चों की ओर से हुई विशेष प्रार्थना
- पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए 26 भारतीय वीरों को दी श्रद्धांजलि

**मेरठ,** 6 मई (देशबन्धु)। एमपीएस ग्रुप के द्वारा पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए 26 भारतीय वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, राष्ट्र की शांति, सुरक्षा एवं शक्ति के लिए विशेष प्रार्थना हवन का आयोजन किया गया। मेरठ पब्लिक स्कूल की मेन विंग प्रांगण में विद्यालय समूह की ओर से एक दिव्य एवं भावपूर्ण यज्ञ का आयोजन किया गया। यह यज्ञ देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले 26 अमर शहीदों की आत्मा की शांति हेतु एवं भारतवर्ष की अखंडता, शांति, सुरक्षा और शक्ति की कामना के लिए किया गया। इस विशेष हवन का आयोजन विद्यालय संस्थापिका कुसुम शास्त्री के पावन संकल्प और मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। प्रबंधन समिति के साथ प्रधानाचार्य अलका गौड़ एवं अन्य अध्यापिकाएं भी उपस्थित रहीं। देश में व्याप्त असंतोष, आतंकवाद और सामाजिक तनाव के इस दौर में विद्यालय परिवार ने एक जिम्मेदार सामाजिक संस्था के रूप में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए यह प्रेरणादायक पहल की। सभी ने गहन श्रद्धा एवं निष्ठा के साथ आहुति प्रदान करते हुए राष्ट्र की उन्नति, समृद्धि, शांति और सुरक्षा के लिए प्रार्थना की।

## सार संक्षेप

### रोहिंग्या-बांग्लादेशी बस्तियों की अवैध बिजली की जांच की मांग

**मवाना।** राष्ट्रीय हिंदू संघर्ष समिति के मेरठ जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में समिति के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने मवाना में अधिशासी अभियंता और एसडीओ विद्युत विभाग से मुलाकात कर रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की बस्तियों में चल रही अवैध बिजली कनेक्शनों की तत्काल जांच कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को बताया कि नगर क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे घुसपैठियों द्वारा बिजली का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिससे विभाग को आर्थिक क्षति के साथ-साथ कानून-व्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है। अधिशासी अभियंता ने समिति को आश्वासन दिया कि मामले की शीघ्र जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### डीएम ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

**मेरठ।** जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भावनपुर का औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा जनरल वार्ड, रसोई घर, दवा स्टोर, पर्ची काउंटर आदि का निरीक्षण किया व संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने भर्ती रजिस्टर, उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया तथा मरीजो के तीमारदारों से वार्ता की। उन्होंने संबंधित अधिकारी को साफ-सफाई व बिल्डिंग की मरम्मत कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्राथमिक विद्यालय ज.म. गॉवडी वि.क्षे. रजपुरा का भी निरीक्षण किया गया व संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने शौचालय में साफ-सफाई कराए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएचसी भावनपुर के चिकित्सक, स्टाफतथा प्राथमिक विद्यालय ज.म. गॉवडी वि.क्षे. रजपुरा के शिक्षक व स्टाफउपस्थित रहा।

### तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**मवाना।** थाना क्षेत्र में गत दो मई को हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने 100 प्रतिशत अनावरण करते हुए तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी गए लाखों रुपये मूल्य के जेवरात भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक नगर मेरठ व क्षेत्राधिकारी मवाना के निर्देशन में गठित टीम ने घटनास्थल से सुराग जुटाकर त्वरित कार्रवाई करते हुए इस सफलता को अंजाम दिया। अभियुक्तों में सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के तीन युवक शामिल हैं, जो पूर्व में भी चोरी की घटनाओं में संलिप्त रह चुके हैं। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने अभियुक्तों के पास से दो सोने के हार, तीन अंगूठियां व तीन कान के टॉप्स बरामद किए हैं, जिनकी कीमत लाखों रुपए आंकी जा रही है। पूछताछ में अभियुक्तों ने कई अन्य स्थानों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूली है। वे चोरी का माल बेचकर ऐशो-आराम की जिंदगी जीने के लिए रकम खर्च कर चुके थे।

### सूचना

मैं रोहित कुमार, पुत्र नरेंद्र कुमार, यह सूचना दी जाती है कि मेरे मकान संख्या ए-108, गंगा नगर, मेरठ का पूर्व बैनामा, जो चंद्रपाल, पुत्र श्री गंगा बिशन के नाम पर है, की रजिस्ट्री दिनांक 16-07-1999 को हुई थी। उक्त दस्तावेज दिनांक 15-04-2025 को आईआईएमटी यूनिवर्सिटी, गंगा नगर, मेरठ के पास फोटो कॉपी कराने के दौरान कहीं खो गया है। मैं आशा करता हूं कि इस सूचना के बाद, उक्त दस्तावेज का कोई दुरुपयोग नहीं होगा।

## वेंकेटेश्वरा इंडोर शूटिंग एकेडमी का हुआ शुभारंभ

**मेरठ,** 6 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में राष्ट्रीय स्तर की शानदार 'वेंकेटेश्वरा शूटिंग एकेडेमी' का भव्य शुभारम्भ हुआ। इस शूटिंग एकेडेमी में कई आला स्तर के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ स्पोर्ट्स कोच एवं खेल प्रेमियों ने शिरकत करते हुए पश्चिमी यूपी के युवा खिलाड़ियों को इससे जुड़ने की अपील की। वेंकेटेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि ने कहा कि इस इन्डोर शूटिंग रेन्ज की स्थापना से वेस्ट यूपी विशेष रूप से मेरठ मुरादाबाद के शूटिंग खिलाड़ियों को महंगे प्रशिक्षण के लिए दिल्ली का रुख नहीं करना पड़ेगा। वरिष्ठ आईपीएस एवं शूटिंग खिलाड़ी अमित कुमार आनन्द ने कहा कि खेल हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण घटक है। आप चाहे स्टूडेंट हो, अधिकारी हो या बिजनेसमैन हो, खेल आपको व्यक्तिगत, सामाजिक स्तर के साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान दिलाता है। इस अवसर पर सीईओ अजय श्रीवास्तव, भाजयुमों अध्यक्ष शुभम चौधरी, कुलसचिव पीयूष पाण्डेय, डा. राजेश सिंह, शूटिंग कोच दीपक चौधरी आदि उपस्थित रहे।



## मेरठ जनपद में मॉक ड्रिल आज, सभी तैयारी पूर्ण

- युद्ध की स्थिति में खुद को बचाने के लिए प्रशिक्षित होंगे नागरिक
- जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी की गई गाइड लाइन
- गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन ने लिया निर्णय

**मेरठ,** 6 मई (देशबन्धु)। गृह मंत्रालय के निर्देशानुक्रम में 7 मई यानि बुधवार को जनपद मेरठ में मॉक एक्सरसाइज आयोजित करने हेतु जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को युद्ध या किसी अन्य हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए प्रशिक्षित करना है। उक्त के संबंध में आम जनमानस हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मेरठ द्वारा निम्नलिखित गाइडलाइन जारी की गई है। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल के आयोजन की तैयारी हेतु बैठक आहूत की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर द्वारा सिविल डिफेन्स, स्काउट, एनसीसी, एनएसएस, विद्युत विभाग आदि से तैयारियो के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने एयर स्ट्राइक के समय सायरन के चार साइन, रेडियो कम्यूनिकेशन, कंट्रोल रूम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिलाधिकारी द्वारा बुधवार को की जाने वाली मॉक ड्रिल की तैयारी के संबंध में सीएमओ, अग्निशमन विभाग, संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारी व मजिस्ट्रेट को टीम बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त टीमों के लिए कार्यस्थल सुनिश्चित कर दिए जाए। असिस्टेंट कमिश्नर उद्योग को महत्वपूर्ण फैक्ट्रियो में सिक्योरिटी के लिए प्लान बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉकवार व्हाट्स ऐप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए जिसमें लोकल सीएचसी, पीएचसी, ग्राम प्रधान, पुलिस अधिकारी शामिल हों तथा उसमें ट्रेनिंग के लिए एक वार्डन को भी जोड़ा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें। ऐसे समय में भगदड़ की स्थिति न बनने दें। क्यों बजते हैं जंग वाले सायरन-जंग के सायरन किसी भी आपदा या आपातकालीन स्थिति में लोगों को सतर्क करने के लिए बजाए जाते हैं। यह एक तेज आवाज वाला चेतावनी प्रणाली है, जिसकी आवाज काफी तीव्र होती है। इन सायरनों की आवाज 2 से 5 किमी की दूरी तक सुनाई दे सकती है और यह 120-140 डेसिबल तक की ध्वनि उत्पन्न करते हैं।



### मॉक ड्रिल का उद्देश्य नागरिकों को जागरूक करना : डीएम

जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह ने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य समस्त नागरिको को जागरूक करना है। सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए तहसील, ब्लॉक व जिला स्तर पर व्हाट्स ऐप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि शहर में सेंट जोसेफ स्कूल तथा अन्य स्कूल-कालेज में मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। एसएसपी विपिन ताडा ने कहा कि आपातकाल के समय खुले में न रहे, निकटतम सुरक्षित स्थान पर छुप जाएं, घर में टेबिलध्बेड या मजबूत फर्नीचर के नीचे छुप जाएं, यदि रास्ते में हो तो गाडी साइड में खड़ी कर निकटतम सुरक्षित स्थान पर छुप जाएं।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव अभियान को लेकर भाजपा ने किया बैठक का आयोजन



- भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर हुई बैठक

**मेरठ,** 6 मई (देशबन्धु)। भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर वक्फ सुधार जन जागरण अभियान, एक राष्ट्र एक चुनाव, अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिले के यशस्वी जिला अध्यक्ष ठाकुर शिवकुमार राणा ने की। मुख्य वक्ता के रूप में जिला अध्यक्ष ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के अंतर्गत कहा कांग्रेस ने आज तक मुसलमानों के हितों की चिंता क्यों नहीं कि कांग्रेस ने वक्फ की संपत्ति कबजाने का काम किया है। कांग्रेस ने संविधान से ऊपर वक्फ को रखा है। वक्फ के द्वारा कोई भी कार्य मुसलमानों के हित में आज तक नहीं किया गया। आगामी दोनों बड़े कार्यक्रम विधानसभा स्तर पर होंगे, मंगलवार की बैठक में आगामी होने वाले कार्यक्रम के बारे में चर्चा की गई, और सभी को आगामी होने वाले कार्यक्रमों का कार्य सौंप दिया गया है। इसके साथ यह भी जानकारी साझा की गई जिले में बचे हुए मंडल अध्यक्षों का चुनाव 8 से 12 तारीख तक होगा, जिसमें क्षेत्र की तरफ से प्रवासी क्षेत्रीय मंत्री विजेंद्र नागर नियुक्त किए गए हैं। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बंधु इस प्रकार जिला अध्यक्ष शिवकुमार राणा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनिंदर पाल सिंह, जिले के चारों महामंत्री भंवर सिंह तोमर, हरीश चौधरी, समीर चौहान, अंकुर मुखिया, जिला उपाध्यक्ष विनोद चौधरी, फिरेराम धनतला, ओम प्रकाश पाल, जिला मंत्री मुकेश शास्त्री, विमल जाटव, रॉबिन गुर्जर नितिन शर्मा, ब्रजवीर सैनी, सभी मोर्चों के जिला अध्यक्ष पंकज चौहान, विपेन्द्र सुधा वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

## फर्रुखाबाद में उन्नाव के युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद,** 6 मई (देशबन्धु)। युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उन्नाव फतेहपुर चौरासी ग्राम भिखारीपुरवा निवासी 37 वर्षीय राजेश पुत्र ईश्वरी सोमवार दोपहर लगभग 12 बजे घर से दवा लेने की कहकर निकला था। मंगलवार सुबह उसका शव थाना राजेपुर के ग्राम पट्टी दारापुर के निकट पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी पर झूलता मिला। मृतक की जेब में मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त हुए। मृतक के परिजन आ गए। मृतक की मां चंपा देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। पता चला की मृतक अपनी रिश्तेदारी में ग्राम चाचूपुर आया था। सूचना पर सीओ अमृतपुर अजय वर्मा, थानाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह सोलंकी, फिल्ड यूनिट की मौके पर पंहुचे और पुलिस नें शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष योगेन्द्र सोंलकी नें बताया कि जांच की जा रही है।

## गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल ने रोलिंग ट्रॉफी जीती



**मेरठ,** 6 मई (देशबन्धु)। स्टेट मैरीज अकादमी द्वारा आयोजित रेव. ब्रो सीजे बर्गिन मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में जीटीबीपीएस ने शानदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट के पहले मैच में जीटीबीपीएस ने बीआईटी ग्लोबल स्कूल को 62 रन और 6 विकेट से हराया। पहला मैच : जीटीबीपीएस बनाम बीआईटी ग्लोबल स्कूल जीटीबीपीएस ने 62 रन और 6 विकेट से जीता। दूसरा मैच : जीटीबीपीएस बनाम विद्या ग्लोबल स्कूल जीटीबीपीएस ने 62 रन और 2 विकेट से जीता। तीसरा मैच : जीटीबीपीएस बनाम दिल्ली पब्लिक स्कूल जीटीबीपीएस ने 19 रन और 2 विकेट से जीता फाइनल मैच: जीटीबीपीएस की टीम ने रनरअप बन रॉलिंग ट्राफी को अपने नाम किया। बेस्ट विकेट कीपर की ट्राफी मोहद शाद को दी गई।

लक्ष्य शर्मा, मोनू कुमार, आदित्य यादव, दिव्या राज राठी आदि खेल प्रदर्शन सराहनीय रहा साथ ही स्कूल कोच सुशील कुमार ने बच्चों का खूब उत्साहवर्धन किया।

## योजना

### नगर पालिका बोर्ड ने साप्ताहिक पैठ का प्रस्ताव किया पास

## पालिका सीमा से बाहर बना दी इंटर लॉकिंग सड़क, किया हंगामा

- चेयरमैन अखिल कौशिक ने की पालिका बोर्ड बैठक की अध्यक्षता
- नगर में स्ट्रीट लाइटें नहीं लगाए जाने का सभासदों ने किया विरोध

**मवाना, 6 मई (देशबन्धु)। तहसील रोड स्थित नगर पालिका के आरओ वाटर प्लांट पर बने सभागार में मवाना नगर पालिका बोर्ड की बैठक हुई, जिसमें बोर्ड के सदस्यों ने सीमा विस्तार के प्रस्ताव पर हंगामा कर दिया। सभासद आशीष कुमार ने विरोध जताया कि सीमा विस्तार में मेरठ रोड स्थित कालोनी शिवपुरी को पालिका क्षेत्र में शामिल किया जाना है, तो वहां पर चार माह पहले इंटर लॉकिंग सड़क कैसे और किसके आदेश पर बना दी गई।करीब 80 लाख रुपए की सड़क पहले बना दी गई, अब पालिका की सीमा में कालोनी शिवपुरी को शामिल किए जाने का प्रस्ताव पारित करने को।** बोर्ड में रखा जा रहा है। पालिका बोर्ड बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन अखिल कौशिक ने की और संचालन अवर अभियंता मूलचंद ने किया। पालिका वार्ड 18 के सभासद शहजाद ने अधिशासी अधिकारी राजीव जैन से कहा कि उसके मकान के बाहर रोजाना कूड़े का ढ़ेर लगाया जाता है, कई बार शिकायत करने के बावजूद यह काम जारी है। कोई सफाई कर्मी क्षेत्र के सभासद से नहीं मिलते। नगर में स्ट्रीट लाइटें नहीं लगाए जाने का कई सभासदों ने विरोध किया। कहा कि नगर में स्ट्रीट लाइट के लिए बल्बों की खरीद की जाए। कई बार कहने के बावजूद बल्ब नहीं खरीदे गए। बोर्ड की बैठक में मौजूद सभी सभासदों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए साप्ताहिक पैठ का ठेका छोड़ने पर स्वीकृति दे दी। अब पालिका पैठ का ठेका छोड़ेगी। सभासदों ने कहा कि पैठ केवल पालिका मैदान में ही लगेगी। मैदान से बाहर सड़क पर लगने पर ठेकेदार से जुर्माना वसूलने की प्रावधान रखा जाए। इस पर साप्ताहिक पैठ की स्वीकृति होने के बाद पैठ व्यापारियों ने चेयरमैन व सभासदों को मालाएं पहनाई। सभासद आशीष कुमार ने आरोप लगाया कि उनके वार्ड में नाला बनाने की डीपीआर बने आठ माह बीत गए लेकिन नाला नहीं बना। एक साल पहले नगर में प्रत्येक वार्ड में ठंडे पेयजल का एटीएम लगाने का प्रस्ताव पास किया गया था। वरिष्ठ लिपिक लाखन सिंह ने मवाना नगर पालिका सीमा वृद्धि का प्रस्ताव रखा। बताया गया कि चारों ओर मवाना नगर की सीमा वृद्धि किए जाने का प्रस्ताव बोर्ड से पास कर शासन को भेज जाएगा।

इस प्रस्ताव में कालोनी शिवपुरी को शामिल कराना शामिल है। बताया गया कि चार अगस्त 28 को बोर्ड का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव पारित होने पर बोर्ड कार्यकाल वर्ष 2029 तक बढ़ने की संभावना हो सकती है। इस तरह के दोनों प्रस्तावों को बोर्ड ने पास कर दिया।



## चोरी की बाइक सहित दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 6 मई (देशबन्धु)। बाइक चोरी के मुकदमा की विवेचना करते हुए पुलिस ने चोरी की गई बाइक सहित एक युवक व एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार अंशुल कुमार निवासी महिला ने अपनी बाइक चोरी हो जाने का मुकदमा थाना नवाबगंज में पंजीकृत कराया था जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक हेमंत कुमार कर रहे थे विवेचना के क्रम में उन्होंने विशाल उर्फ तुलना पुत्र विजय बहादुर निवासी रायपुर नवाबगंज को उसके एक साथी बाल आपचारी के साथ वीरपुर के निकट से गिरफ्तार कर लिया और चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली। पकड़े गए युवक का चालान कर दिया और बाल अपचारी को बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

देशबन्धु नई दिल्ली, बुधवार, 7 मई, 2025, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### 5 साल बाद छोटे पर्दे पर वापसी को तैयार गौरव चोपड़ा, 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में आएंगे नजर

मुंबई। अभिनेता गौरव चोपड़ा पांच साल के ब्रेक के बाद छोटे पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। अभिनेता सोनी सब चैनल के 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में एक वकील के किरदार में नजर आएंगे। शो में उनका नाम राजवीर शास्त्री है, जो तेज और दमदार वकील है। शो में राजवीर शास्त्री की एंट्री के साथ कहानी एक नया और मनोरंजक मोड़ लेगी। अपनी शानदार अदालती दलीलों के लिए प्रसिद्ध राजवीर का सफल करियर एक केस में फंसकर बर्बाद हो जाता है, जिसका असर उसकी निजी जिंदगी को भी तहस-नहस कर देता है। यही नहीं, उसकी पत्नी और बेटी के साथ भी उसका रिश्ता खराब हो जाता है। धोखे और पछतावे से ग्रस्त वह अपने दुख और गुस्से को छिपाने के लिए शराब पीने लगता है और जो उसकी आदत हो गई है।

# किआरा आडवाणी ने मेटगाला में शानदार डेब्यू से सबका दिल जीत लिया

**न्यूयॉर्क,** 6 मई (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री किआरा आडवाणी ने मेटगाला में अपने शानदार डेब्यू से सभी का दिल जीत लिया। किआरा ने इस ग्लोबल फैशन मंच पर भारतीय सुंदरता और शिल्प का बेहतरीन प्रदर्शन किया। एक ऐतिहासिक पल में, वह मेट गाला के रेड कार्पेट पर बेबी बंप के साथ चलने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बनीं, जिससे उनकी मौजूदगी और भी खास और भावनात्मक बन गई। इस साल मेट गाला प्रदर्शनी की थीम 'सुपरफाइन टेलरिंग ब्लैक स्टाइल' है। किआरा ने मशहूर भारतीय डिज़ाइनर गौरव गुप्ता की खास डिज़ाइन की हुई ड्रेस पहनी थी, जो उनके भारतीय मूल और उनकी निजी यात्रा दोनों को दर्शाती थी।



अपने पहले बच्चे का इंतजार कर रहीं किआरा ने रेड कार्पेट पर एक शांत और सुंदर उपस्थिति दर्ज कराई। वह आत्मविश्वास, सौम्यता और मातृत्व की चमक से भरी हुई नज़र आईं। उनकी ड्रेस का नाम ब्रेवहार्ट्स था, जो सिर्फ एक फैशन लुक नहीं बल्कि स्त्रीत्व, विरासत और बदलाव का प्रतीक थी। इस ड्रेस में एक खास सोने की ब्रेस्टप्लेट थी, जिसे घुंघरुओं और क्रिस्टल से सजाया गया था। इसमें दो प्रतीकात्मक आकृतियां थी। मां का दिल और बच्चे का दिल, जो एक चेन जैसे गर्भनाल से जुड़ी थीं और मां-बच्चे के रिश्ते की सुंदर कहानी कहती थीं। इस लुक के ज़रिए उन्होंने मशहूर फैशन आइकॉन आंद्रे लिओन टैली को भी श्रद्धांजलि दी, जिनकी याद में उन्होंने एक डबल-पैनल केप पहना, जो उनके प्रसिद्ध स्टाइल का प्रतीक था।

किआरा ने कहा कि इस समय मेट गाला में डेब्यू करना, जब मैं एक कलाकार भी हूं और एक मां बनने जा रही हूं। मेरे लिए बहुत खास है। जब मेरी स्टाइलिस्ट अनाइता ने गौरव गुप्ता से मेरा लुक डिज़ाइन करने को कहा, उन्होंने ब्रेवहार्ट्स बनाया।एक ऐसा लुक जो मेरे जीवन के इस नए पड़ाव को दिखाता है और इस साल के थीम टेलर्ड फॉर यू से भी जुड़ता है। आंद्रे लिओन टैली की प्रेरणा से यह लुक इस बात का संदेश है कि जब हम सच्चाई, आत्मबल और अपनेपन के साथ किसी जगह पहुंचते हैं, तो वह आने वाली पीढ़ियों के लिए रास्ता बन जाता है।

# नीम की पत्ती ही नहीं, फूल भी है औषधीय गुणों का खजाना

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। कड़वी लेकिन अनगिनत फायदों वाली नीम की पत्तियों को तो आपने खूब चबाया होगा, लेकिन क्या कभी उसका फूल खाया है? गर्मी के दिन में तपती दुपहरिया में घर से निकलना हो तो दादी-नानी छोटे-छोटे खूबसूरत और सौंधी खुशबू वाले फूल, उससे बना शर्बत हो या भूजिया जरूर खिलाती थीं। वजह उसके पोषक तत्व थे। ये न केवल हीटवेव से बचाने में सक्षम हैं बल्कि गर्मी के दिनों के लिए बेहद फायदेमंद हैं। टेलर एंड फ्रांसिस में प्रकाशित एक शोध पत्र (जून 2024) में नीम के फूलों की खासियत बताई गई है। अध्ययन नीम के फूलों के औषधीय गुणों की खोज करता है, अन्य पौधों के भागों की तुलना में उनके कम हानिकारक और अधिक लाभदायक होने की क्षमता पर प्रकाश डालता है। क्लोरोफॉर्म, एथिल एसीटेट, इथेनॉल और मेथनॉल सहित उनकी पोलेरिटी के आधार पर सॉल्वैंट्स का उपयोग करके फाइटोकेमिकल्स निकाले गए। मधुमेह विरोधी और कैंसर विरोधी गुणों का पता लगाने के लिए इन चार अर्कों का विश्लेषण किया गया। इनमें इथेनॉलिक अर्क मधुमेह और कैंसर कोशिकाओं से लड़ने में सबसे प्रभावी पाया गया। भारत के लगभग हर घर में बचपन से लोग बड़े बुजुर्गों को इसके गुणों का बखान करते सुनते आए हैं। नीम की पत्तियों और टहनी की तरह फूल को भी आयुर्वेद में बेहद कारगर औषधि का दर्जा प्राप्त है। नीम के छोटे-छोटे फूलों में बड़ी-बड़ी समस्याओं को दूर करने की ताकत है। गर्मी के दिनों में नीम का फूल इंसानों के लिए प्रकृति का तोहफा है। रोजाना इसके सेवन करने से खून साफ होता है, चेहरे पर ग्लो आता है और दाग-धब्बे, मुंहासों के साथ इंफेक्शन से भी मुक्ति मिलती है। इसमें मौजूद एंटी फंगल गुण, एंटीइंफ्लेमेटरी गुण और एंटी बैक्टीरियल गुण शरीर के लिए बहुत उपयोगी हैं। नीम के फूलों से बनी शरबत हो या भुजिया, सेहत के लिए दोनों ही फायदेमंद हैं। उत्तर भारत में नीम के फूल को सरसों के तेल और जीरे की छौंक के साथ भुजिया के तौर पर बनाया जाता है, तो वहीं दक्षिण भारत में कई तरह के व्यंजनों को बनाने में इसका इस्तेमाल किया जाता है।

### हीटवेव हो या अपच, मिलती है चुटकियों में राहत



- नीम के सेवन से दाग-धब्बे, मुंहासों के साथ इंफेक्शन से भी मुक्ति
- मौजूद एंटी फंगल गुण, एंटीइंफ्लेमेटरी गुण व एंटी बैक्टीरियल गुण शरीर के लिए बहुत उपयोगी

नीम के फूल का शरबत पेट को बेहतर और पाचन तंत्र को बेहतर करने, खून साफ करने के साथ मधुमेह के लिए भी बहुत उपयोगी है। इसमें मौजूद गुण पेट को साफ और पाचन तंत्र को हेल्दी रखते हैं। अपच, वात, कब्ज समेत अन्य समस्याओं में भी यह बहुत उपयोगी है। इसके सेवन से पेट में मौजूद कीड़े भी खत्म हो जाते हैं। फूलों में मौजूद एंटी फंगल, एंटी बैक्टीरियल और एंटी सेप्टिक गुण पाए जाते हैं। स्किन से जुड़ी समस्याओं में भी फायदा मिलता है।

# अनोखा ऐप 'गुनगुनालो' लॉन्च, संगीतकारों ने बताया है खास



**मुंबई,** 6 मई (एजेंसियां)। मुंबई के बांद्रा स्थित बीकेसी के जियो वर्ल्ड में अपनी तरह का एक अनोखा ऐप 'गुनगुनालो' लॉन्च किया गया। इवेंट में जावेद अख्तर, शंकर महादेवन, पापोन और सोनू निगम समेत संगीत जगत के कई सितारे शामिल हुए। संगीतकारों ने बताया कि इसमें खास क्या है। समीर अंजान, प्रसून जोशी, हरिहरन, राजू सिंह, शान, सलीम मर्चेंट, ललित पंडित, एहसान नूरानी, अमिताभ भट्टाचार्य, अरुणा सईराम, श्वेता मोहन, अनुषा मणि, मनन शाह, हरिहरन, शरली सिंह, सिद्धार्थ शंकर महादेवन, पापोन, जोशुआ समेत संगीत जगत से जुड़ी देश की 30 से अधिक हस्तियां ऐप लॉन्च इवेंट में शामिल हुईं।

**30 से अधिक हस्तियां ऐप लॉन्च इवेंट में शामिल**

सिंगर-कंपोजर शंकर महादेवन ने बताया कि गुनगुनालो एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां कलाकार और प्रशंसक एक परिवार के रूप में जुटेंगे। इस प्लेटफॉर्म पर ओरिजनल कंटेंट, गीत और फैंस के लिए सलाह मौजूद होगी। अपनी तरह का यह पहला आर्टिस्ट कलेक्टिव और कई विषयों वाला एक प्लेटफॉर्म है, जो संगीत, कविता और कहानी को एक मंच पर लाता है। यह ऐप आर्टिस्ट द्वारा आर्टिस्ट के लिए है।

इवेंट में पहुंचे शान ने कहा कि संगीत वास्तव में एक थेरेपी है, लेकिन यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप किस तरह का संगीत सुन रहे हैं। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि 'गुनगुनालो' जैसे प्लेटफॉर्म पॉजिटिव थेरेपी देते हैं। यह कभी भी 'पॉल्यूशन' नहीं फैलाता।

जावेद अख्तर ने बताया कि यह दुनिया का पहला ऐसा ऐप है, जिसके मुख्य शेयरधारक संगीतकार, गीतकार और गायक हैं। हर कलाकार को रचनात्मक स्वतंत्रता दी गई है, जिसके तहत वे बिना किसी रोक-टोक के अपनी पसंद का संगीत बना सकते हैं और इसे 'गुनगुनालो' प्लेटफॉर्म पर साझा कर सकते हैं। हर कलाकार को साल में कम से कम चार रचनाएं, चाहे गाने, गजल, भजन या और कुछ भी, नया डालने की अनुमति है। इस प्लेटफॉर्म पर ऐसी कोई पाबंदी नहीं है। आप और आपके श्रोता के बीच कोई नहीं होगा।

पापोन ने कहा कि गुनगुनालो एक ऐसा मंच है, जहां हम सभी एक साथ गुनगुनाएंगे। जावेद अख्तर साहब, शंकर महादेवन से लेकर मुझ जैसे कई कलाकार इस मंच पर एक साथ आ रहे हैं। मुझे लगता है कि यह दुनिया में पहली बार हुआ है। पहली बार कलाकारों ने एकजुट होकर फैसला किया कि हम अपनी खुद की संगीत कंपनी बनाएंगे, अपनी रचनाएं सीधे श्रोताओं तक पहुंचाएंगे। इसका कोई व्यावसायिक मकसद नहीं है, न ही इसकी कोई सीमा है। इस मंच पर हर तरह का संगीत, हर भाषा में, चाहे वह वाद्य संगीत हो, गीत हो, या कोई अन्य रचना, उपलब्ध होगा। गुनगुनालो में हर भाषा और हर क्षेत्र के कलाकार शामिल होंगे।

# एआईएमआईएल पशु स्वास्थ्य ने मनाया विश्व पशु चिकित्सा दिवस

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। एआईएमआईएल पशु स्वास्थ्य जो एआईएमआईएल फार्मास्यूटिकल्स (इंडिया) लिमिटेड की पशु चिकित्सा शाखा है, ने 2025 में विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर एक वर्चुअल सतत पशु चिकित्सा शिक्षा (ई-सीवीई) कार्यक्रम आयोजित किया। इस ऑनलाइन कार्यक्रम में भारत और विदेशों से 3,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें पशु चिकित्सा छात्र, चिकित्सक, शोधकर्ता, पैरावेट्स, क्षेत्रीय कर्मचारी और संबद्ध पेशेवर शामिल थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पशु स्वास्थ्य देखभाल में समग्र और आयुर्वेद आधारित दृष्टिकोण की भूमिका पर चर्चा करना था। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सुजीत कुमार दत्ता, जॉइंट कमिश्नर, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, भारत सरकार द्वारा की गई। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने समग्र पशु चिकित्सा प्रथाओं को अपनाने के महत्व पर जोर दिया और AIMIL के आयुर्वेद आधारित पशु देखभाल को बढ़ावा देने के योगदान की सराहना की। डॉ. दत्ता ने कहा, 'इस प्रकार की पहलें युवा पेशेवरों को पशु चिकित्सा उपचार के स्थायी और समग्र मॉडल अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं।' कार्यक्रम में विभिन्न पशु चिकित्सा क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतियां दी गईं। डॉ. नारायण दत्ता (IVRI) ने पोषण और पशु उत्पादकता के बीच संबंध पर चर्चा की। वेणकट गोल्लापुड़ी, AIMIL के प्रोजेक्ट हेड ने कंपनी के पशु चिकित्सा अनुसंधान परियोजनाओं की जानकारी दी। डॉ. एन.के. महाजन ने मुर्गी पालन में जिगर और गुर्दे की समस्याओं पर बात की, जबकि डॉ. विकास (सीजीएस हॉस्पिटल, गुरुग्राम) ने कुत्तों की देखभाल में आयुर्वेदिक उपचार पर चर्चा की। डॉ. डैनियल मतेउटा सिरबू डैनियल (यूएई) ने विदेशी प्रजातियों के लिए समग्र देखभाल पर प्रस्तुति दी। डॉ. के. राज कुमार (नदी, पांडिचेरी) ने साथी जानवरों की देखभाल में प्रगति के बारे में बताया, और डॉ. उज्जवल कृष्ण दे (आईवीआरआई) ने मवेशियों में मास्टाइटिस का प्रबंधन करने के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला।

# 'मेरे पास शब्द नहीं हैं', मां निर्मल के लिए अनिल कपूर ने लिखा भावुक नोट

**मुंबई,** 6 मई (एजेंसियां)। अभिनेता अनिल कपूर ने हाल ही में दुनिया को अलविदा कह गईं अपनी मां, निर्मल कपूर, के लिए मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर अपने जज्बात साझा किए। अभिनेता ने बताया कि अपने दिल की बात साझा करने के लिए उनके पास शब्द नहीं हैं। इंस्टाग्राम पर मां के साथ कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए अनिल कपूर ने कैप्शन में लिखा कि जीवन के हर क्षेत्र से मिल रहा प्यार अभिभूत करने वाला है। मेरे पास यह बताने के लिए शब्द नहीं हैं कि हम कितने आभारी हैं। उन्होंने लिखा कि मेरी मां ने कई लोगों की जिंदगी पर असर डाला। उन्होंने अपने परिवार को खूब प्यार और लगाव के साथ सींचा, पालन-पोषण, समर्थन और प्यार किया। वह उन मजबूत महिलाओं में से एक थीं, जो कभी सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन जिनकी ताकत ने सभी को एक साथ बांधे रखा। वह परिवार की एक मजबूत और शांत पिलर थीं। वह हमेशा खुश रहतीं और हमेशा सभी की परवाह करने वाली थीं।



उनके आस-पास रहने से एक अलग तरह की एनर्जी, उत्साह का आभास होता था। अनिल ने बताया कि उनकी मां एक गोंद की तरह थीं, जिसने अपने परिवार, बच्चों, पोते-पोतियों और दोस्तों तक को बांधे रखा। वह हमेशा दूसरों पर प्यार लुटाती रहती थीं।

### सेलिना जेटली ने 'उम्रवाद' को दी खुली चुनौती, कहा- 'मैं अपना रास्ता खुद बनाऊंगी'

**मुंबई,** 6 मई (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस सेलिना जेटली ने बेशक एक्टिंग से दूरी बना रखी हो, लेकिन उनकी लोकप्रियता आज भी लोगों के बीच बनी हुई है। वह सोशल मीडिया के जरिए हमेशा सुर्खियां बटोरती रहती हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक बड़ा मैसेज देते हुए पोस्ट शेयर किया और बताया कि एक महिला की उम्र चाहे जो भी हो, वह किसी भी समय खुद को नए रूप में पेश कर सकती है और अपने करियर या जीवन में नई शुरुआत कर सकती है। सेलिना जेटली ने 'उम्रवाद' के खिलाफ खुलकर आवाज उठाई। उन्होंने 'नो फिल्टर' पोस्ट में बताया कि किसी ने हाल ही में उनसे कहा कि 39 की उम्र के बाद महिलाएं शोबिज में फीकी पड़ने लगती हैं, भले ही वे जवान दिखें। इस कमेंट से निराश होने के बजाय, सेलिना ने आत्मविश्वास और तर्कों के साथ जवाब दिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण का रखा है लक्ष्य

**ग्रेटर नोएडा,** 6 मई (देशबन्धु)। जिला न्यायाधीश मलखान सिंह के निर्देश पर अपर जिला जज-नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय के सभा कक्ष में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर समीक्षा बैठक की गई। आगामी 10 मई दिन शनिवार को जिला मुख्यालय, दीवानी न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अपर जिला जज ने बैठक में उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आमजन को शीघ्र एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए सभी संबंधित विभाग अपने-अपने स्तर पर ठोस तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वादों के चिन्हीकरण से लेकर प्रचार-प्रसार तक की सभी गतिविधियां योजनाबद्ध ढंग से की जाएं ताकि अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण आपसी समझौते से हो सके। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम, वैवाहिक वाद, उत्तराधिकारी अधिनियम, दीवानी वाद, एमवी एक्ट व ई-चालान, आर्बिट्रेशन, एनआई एक्ट की धारा 138, विद्युत अधिनियम, भू-राजस्व, पेंशन, श्रम सहित विभिन्न प्रकरणों के साथ-साथ प्री-लिटीगेशन स्तर पर बैंक ऋण, विद्युत व बीएसएनएल के बिलों से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जाएगा। मामलों के निस्तारण के लिए पक्षकार संबंधित न्यायालय में संपर्क कर सकते हैं एवं अधिक जानकारी dlsa.gbnnoida@gmail.com व टोल फ्री नंबर 120-2970040 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अपर जिला जज ने डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पाण्डेय को निर्देशित किया कि वे राजस्व विभाग सहित अपने अधीनस्थ विभागों में लंबित मामलों की सूची तैयार कर निस्तारण हेतु ठोस कार्ययोजना बनाएं। साथ ही यूपीपीसीएल, परिवहन, समाज कल्याण, स्टांप, स्वास्थ्य, पूर्ति, श्रम, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सहित सभी विभागों को अपने-अपने दायरे में आने वाले मामलों का अधिकतम समाधान सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में प्रभारी सचिव जिला विधिक प्राधिकरण/सिविल जज सीनियर डिवीजन मयंक त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पाण्डेय, एसीपी ट्रैफिक शकील मोहम्मद, जिला पूर्ति अधिकारी हरिओम उपाध्याय, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, डिप्टी सीएमओ टीकम सिंह, उपस्थित रहे।



# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 'सतर्कता का पर्याय' बनेगी यूपी पुलिस

**ग्रेटर नोएडा,** 6 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रतिबद्ध सीएम योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) की संचालन प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने वाली है। गौतमबुद्ध नगर के जेवर में बन रहे एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट पर किसी प्रकार की सुरक्षा चूक न हो, और यहां तैनात होने वाला पुलिस बल पैसेंजर फ्रेंडली होने के साथ ही सतर्क हो व किसी भी प्रकार की धांधली को पकड़ने में सक्षम हो, इस बात पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। इसी कड़ी में, जेवर एयरपोर्ट पर तैनात होने वाले पुलिसबल को चयनित कर उनकी विशेष ट्रेनिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस एक महीने चलने वाली ट्रेनिंग प्रक्रिया के अंतर्गत 45 पुलिस कर्मियों के पहले बैच को ट्रेंड कर दिया गया है। इस ट्रेनिंग का आयोजन ब्यूरो ऑफ इमीग्रेशन की अनुशंसा पर लखनऊ स्थित फॉरेन रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस (एफआरआआरओ) द्वारा कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा जेवर एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन सर्विसेस समेत तमाम कार्यों की निगरानी व प्रबंधन के लिए राज्य पुलिस बल की नियुक्ति का आग्रह किया गया था, जिसे पूरा करते हुए योगी सरकार ने पुलिस विभाग के विभिन्न कार्मिकों को सेवाएं देने के लिए चिह्नित किया है। इन सभी कार्मिकों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ट्रेंड करने तथा विशेष तौर पर इमीग्रेशन सर्विवेस के सफल संचालन के लिए सतर्क, सक्षम व सुदृढ़ निगरानी प्रणाली के तौर पर कार्य करने के लिए ट्रेंड किया जा रहा है।

**131 पुलिस कर्मियों को तैनाती से पूर्व दी जा रही है विशिष्ट ट्रेनिंग**

सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा गौतमबुद्ध नगर के जेवर स्थित एनआईएल में जिन पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाना है उन्हें विशिष्ट ट्रेनिंग प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस बल द्वारा एनआईएल की सुरक्षा प्रणाली मजबूत करने के लिए जिन 131 पुलिस कार्मिकों का चयन किया गया है उनमें 10 इंस्पेक्टर, 42 सब इंस्पेक्टर तथा 62 कॉन्स्टेबल शामिल हैं। इनके अतिरिक्त, 17 पुलिसकर्मी रिजर्व में रखे जाएंगे। ये सभी 131 पुलिसकर्मी ग्रेजुएट हैं तथा 50 वर्ष से कम उम्र के हैं। ये कंप्यूटर तथा अंग्रेजी भाषा में दक्ष हैं। उल्लेखनीय है कि एनआईए के संचालन की शुरुआत होते ही कुल 19 काउंटर्स का आव्रजन सेवाओं के लिए संचालन होगा। इनमें से 10 काउंटर आगमन के तथा 9 काउंटर प्रस्थान के हैं। इन्हीं काउंटर्स पर इमीग्रेशन सर्विसेस के सतर्क, सक्षम व कुशल संचालन के लिए राज्य पुलिसबल के स्टाफ की तैनाती होनी है और ऐसा होने के पूर्व उन्हें विशिष्ट ट्रेनिंग प्रक्रिया से दक्ष बनाया जा रहा है। इसके पहले बैच की ट्रेनिंग प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है जबकि अन्य बैच की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने वाली है। यह प्रक्रिया आईपीएस हर्ष सिंह (फॉरेन रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर) की देखरेख में पूरी की जा रही है और माना जा रहा है कि जुलाई तक यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

फॉरेन रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस द्वारा लखनऊ में आयोजित किए जा रहे ट्रेनिंग प्रोग्राम मंन जेवर एयरपोर्ट पर तैनात होने वाले राज्य पुलिसकर्मियों को विशेषतौर पर आव्रजन संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करने, अपराधियों की शिनाख्त, धरपकड़ और त्वरित कार्रवाई करने के लिए दक्ष बनाया जा रहा है। इस विशिष्ट ट्रेनिंग प्रोग्राम में पुलिस कार्मिकों को थ्योरी, फील्ड नॉलेज, रीयलटाइम ट्रेनिंग, प्रैक्ट्रिकल ट्रेनिंग, पासपोर्ट वेरिफिकेशन, ई-वीजा मॉनिटरिंग, आईएफआरटी, लेटेस्ट इमर्जिंग ट्रेंड के प्रति ट्रेंड किया गया है। इसके जरिए वह लॉ वायलेशन, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, स्मगलिंग, पासपोर्ट व वीजा फ्रॉड, जॉब स्कैम जैसी चुनौतियों को चिह्नित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों की धरपकड़ कर सकेंगे।

# योग प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर, आधुनिक जीवन का आधार

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर योग आज विश्व स्तर पर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का पर्याय बन चुका है। संस्कृत शब्द 'युज' से उत्पन्न 'योग' का अर्थ है जोड़ना, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। महर्षि पतंजलि के योगसूत्र में इसे 'चित्त की वृत्तियों का निरोध' कहा गया है, जिसका अर्थ होता है, 'मन को नियंत्रित कर शांति और आत्म-साक्षात्कार की अवस्था प्राप्त करना'।



- अनुलोम-विलोम और कपालभाति जैसे प्राणायाम से श्वसन तंत्र होता है मजबूत

योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक समग्र जीवनशैली है, जो तनाव, बीमारियों और आधुनिक जीवन की चुनौतियों से निपटने में सहायक है। प्राचीन काल में ऋषि-मुनियों द्वारा विकसित यह विद्या आज वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य और कल्याण का प्रतीक बन चुकी है। विशेषज्ञों का मानना है कि योग न केवल शारीरिक लचीलापन और ताकत बढ़ाता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। योग के विभिन्न रूप, जैसे हठ योग, राज योग, भक्ति योग, और कर्म योग, अलग-अलग जरूरतों को पूरा करते हैं। हठ योग, शारीरिक मुद्राओं (आसन) और प्राणायाम (श्वास नियंत्रण) पर केंद्रित है, जो शरीर को लचीला, मजबूत और स्वस्थ बनाता है।

'हठ' शब्द 'ह' (सूर्य) और 'ठ' (चंद्र) से मिलकर बना है, जो शरीर की ऊर्जा को संतुलित करने का प्रतीक है। यह योग का वह रूप है, जो आधुनिक जीवनशैली में स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन के लिए सबसे लोकप्रिय है। यह आसन, प्राणायाम, मुद्राओं का समन्वय है, जो शरीर और मन को शुद्ध करता है। सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, और ताड़ासन जैसे आसन शारीरिक लचीलापन और मांसपेशियों की ताकत बढ़ाते हैं, जबकि अनुलोम-विलोम और कपालभाति जैसे प्राणायाम श्वसन तंत्र को मजबूत करते हैं। राज योग ध्यान और मानसिक अनुशासन पर जोर देता है। 'राज' अर्थात् 'श्रेष्ठ' योग, मन को नियंत्रित कर आत्म-साक्षात्कार और आंतरिक शांति का मार्ग प्रशस्त करता है। महर्षि पतंजलि के योगसूत्र में वर्णित अष्टांग योग राज योग का आधार है, जो यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि के माध्यम से मन की चंचलता को शांत करता है।

# पलक तिवारी का अनोखा अंदाज, मासूमियत चुरा लेगी दिल

**मुंबई,** 6 मई (एजेंसियां)। श्वेता तिवारी की बेटी और अभिनेत्री पलक तिवारी इन दिनों चर्चा में हैं। वह फिल्मों के अलावा अपने फैशनेबल अंदाज को लेकर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपना लेटेस्ट फोटोशूट शेयर किया है, जिसमें उनका स्वैग अलग ही नजर आ रहा हैं। फैंस उनकी इस फोटो को बेहद पसंद कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में पलक येलो कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। उन्होंने फुल स्लीव्स शर्ट और मिनी स्कर्ट पहनी हुई है। शर्ट के साथ उन्होंने टाई भी पहनी हुई है। बालों को ब्लाउंस देते हुए खुला छोड़ा है और पैरों में ब्लैक हील्स नजर आ रही है। ऑवरऑल उनका लुक बेहद शानदार लग रहा है।



उन्होंने इस पोस्ट के साथ कैप्शन में फनी इमोजी भी शेयर किए। उनकी हाल ही में फिल्म 'द भूतनी' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने संजय दत्त, मौनी रॉय और सनी सिंह के साथ काम किया। सिद्धांत सचदेवा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में मौनी ने एक चुड़ैल का किरदार निभाया है। 'द भूतनी' को सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स ने प्रस्तुत किया है, जिसे सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले दीपक मुकुट, संजय दत्त, हुनर मुकुट और मान्यता दत्त ने प्रोड्यूस किया है। पलक तिवारी की पहली फिल्म किसी का भाई किसी की जान थी। इस एक्शन-कॉमेडी फिल्म का निर्देशन फरहाद सामजी ने किया था। यह फिल्म 2014 की तमिल फिल्म वीरम की रीमेक है, जिसमें उनके साथ सलमान खान, पूजा हेगड़े, वेंकटेश, सिद्धार्थ निगम, मालविका शर्मा और राघव जुयाल समेत अन्य सितारे हैं।

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 1.66 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.62 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.59 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.28 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.06 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इटरनल | 3.08 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.09 प्रतिशत |
| एसबीआई | 2.01 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 1.96 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.95 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 98,460 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 96,900 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## जापान की एसएमबीसी के साथ हिस्सेदारी बेचने की तैयारी : येस बैंक

**मुंबई,** 6 मई (एजेंसियां)। प्राइवेट सेक्टर के ऋणदाता येस बैंक ने मंगलवार को कहा कि जापान की सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्प (एसएमबीसी) के साथ हिस्सेदारी बिक्री के लिए बातचीत फिलहाल प्रारंभिक चरण में है। येस बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि ऐसी चर्चाएं प्रारंभिक चरण में हैं और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशन, 2015 के विनियमन 30 के तहत इस चरण में डिस्क्लोजर की आवश्यकता नहीं है।

मुंबई मुख्यालय वाले निजी क्षेत्र के बैंक ने यह भी कहा कि वह नियमित रूप से शेयरधारक मूल्य बढ़ाने के उद्देश्य से अवसरों की खोज करता है। येस बैंक का बयान मीडिया रिपोर्ट्स के जवाब में आया कि वह एसएमबीसी को महत्वपूर्ण हिस्सेदारी बेचने के लिए बातचीत कर रहा है, जो महीनों की बातचीत के बाद अंतिम चरण में पहुंच गई है। इस कदम से सेबी के दिशानिर्देशों के अनुसार, येस बैंक में अतिरिक्त 26 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए एक खुली पेशकश शुरू होने की उम्मीद है। मंगलवार को सुबह के कारोबार में येस बैंक के शेयर में 8 प्रतिशत से अधिक की उछाल आया, क्योंकि ऐसी खबरें आई थीं कि हिस्सेदारी बिकने वाली है। हालांकि, बाद में शेयर की कीमत 1.5 प्रतिशत बढ़कर बंद होने के साथ ही अधिकांश लाभ समाप्त हो गया। सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एसबीआई एसएमबीसी को 20 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने में रुचि रखती है। एसबीआई की येस बैंक में 23.97 प्रतिशत हिस्सेदारी है। एसबीआई उन बैंकों के संघ का हिस्सा था, जिन्होंने 2020 में येस बैंक को बचाने के लिए हिस्सेदारी खरीदी थी, जब यह पतन के कगार पर था।




■ येस बैंक में अतिरिक्त 26 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए एक खुली पेशकश शुरू होने की उम्मीद

यह कदम आरबीआई द्वारा उठाया गया था, जिसने प्रमोटर से जुड़े वित्तीय घोटाले के मद्देनजर नकदी संकट के बाद येस बैंक का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था।

एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक जैसे दूसरे बैंकों से भी येस बैंक से बाहर निकलने के हिस्से के रूप में अपने कुछ शेयर एसएमबीसी को बेचने की उम्मीद है।

येस बैंक ने 31 मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में सालाना आधार पर शुद्ध लाभ में 63.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो बढ़कर 738.1 करोड़ रुपए हो गया। यह पिछले साल की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 451.9 करोड़ रुपए रहा।

## भारत के सर्विस सेक्टर में अप्रैल में गतिविधियां बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत के सर्विस सेक्टर का परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अप्रैल में बढ़कर 58.7 हो गया है, जो कि मार्च में 58.5 पर था। एचएसबीसी की रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। जब भी पीएमआई 50 के ऊपर होता है तो यह बढ़त को दर्शाता है। वहीं, 50 से नीचे का स्तर गिरावट का संकेत है। एचएसबीसी इंडिया की ओर से बताया गया कि नए बिजनेस ऑर्डर के चलते सर्विसेज सेक्टर में सुधार हुआ है।

■ कंपोजिट पीएमआई आठ महीने के उच्चतम स्तर पर

सर्वेक्षण में भाग लेने वाली कई कंपनियों ने बताया कि बाजार में मांग मजबूत बनी हुई है। फाइनेंस और इंश्योरेंस सेक्टर ने वृद्धि को लीड किया और आउटपुट एवं नए ऑर्डर दोनों में बढ़त दर्ज की गई है। सर्वेक्षण के मुताबिक, मार्च में आंशिक रूप से धीमापन आने के बाद निर्यात में रिकवरी देखने को मिली है। एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और यूनाइटेड स्टेट्स से नए निर्यात ऑर्डर जुलाई 2024 के बाद सबसे तेजी से बढ़े हैं।

## यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या बढ़कर 65.79 करोड़ हुई : आरबीआई

**मुंबई,** 6 मई (एजेंसियां)। देश में यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर 91.5 प्रतिशत बढ़कर 65.79 करोड़ हो गई है। यह जानकारी आरबीआई की ओर से दी गई। केंद्रीय बैंक के मुताबिक, यूपीआई क्यूआर कोड में वृद्धि के कारण क्रेडिट कार्ड लेनदेन की वृद्धि दर कम होकर 7.94 प्रतिशत रह गई है। डेबिट कार्ड की संख्या सालाना आधार पर 2.7 प्रतिशत बढ़कर 99 करोड़ पर पहुंच गई है। गूगल पे, पेटीएम और फोनपे जैसे प्लेटफार्मों की बढ़ती पहुंच के साथ यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या में तेज वृद्धि हो रही है। बैंक अधिकारियों ने बताया कि यूपीआई नेटवर्क पर लाइव बैंकों की संख्या अप्रैल में 668 हो गई है। इससे लेनदेन की वैल्यू में भी वृद्धि होने की उम्मीद है। बीते महीने यूपीआई के जरिए होने वाले लेनदेन की संख्या सालाना आधार पर 34 प्रतिशत बढ़कर 17.89 अरब पर पहुंच गई है। साथ ही लेनदेन की वैल्यू सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 23.95 लाख करोड़ रुपए हो गई है।



■ गूगल पे, पेटीएम व फोनपे के साथ यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या में हो रही तेज वृद्धि

आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में डिजिटल भुगतान के लिए सबसे ज्यादा यूपीआई का इस्तेमाल किया जाता है। हर पांच में चार डिजिटल लेनदेन यूपीआई के माध्यम से किए जा रहे हैं।

देश के डिजिटल पेमेंट्स में यूपीआई की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 24 में बढ़कर 79.7 प्रतिशत की हो गई, जो कि वित्त वर्ष 23 में 73.4 प्रतिशत थी। आरबीआई विभिन्न पहलों के माध्यम से डिजिटल भुगतान को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है, जिसमें हर भुगतान डिजिटल अभियान भी शामिल है, जिसका उद्देश्य भारत में हर व्यक्ति को डिजिटल भुगतान के बारे में जागरूक करना है।

## 2025 की पहली तिमाही में नौकरियों के आवेदन में 30 प्रतिशत उछाल

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। भारत का वर्कफोर्स परिदृश्य 2025 में एक मजबूत शुरुआत कर रहा है। जॉब मार्केट ने इस वर्ष की पहली तिमाही में नौकरियों के आवेदन को लेकर सालाना आधार पर 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। 1.81 करोड़ जॉब एप्लीकेशन के साथ यह वृद्धि महिलाओं और फ्रेशर्स की तेजी से बढ़ती भागीदारी की वजह से दर्ज की गई। यह जानकारी मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। जॉब प्लेटफॉर्म 'अपना' की 'इंडिया एट वर्क-क्वाटर-1 2025 रिपोर्ट' के अनुसार, इस साल की पहली तिमाही में महिलाओं ने 62 लाख जॉब एप्लीकेशन सबमिट किए, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि से 23 प्रतिशत अधिक है।




■ महिलाओं व फ्रेशर्स की भागीदारी बढ़ी

महिलाओं के जॉब एप्लीकेशन को लेकर यह वृद्धि बीपीओ, फाइनेंस, एचआर और एजुकेशन जैसे सेक्टर में फ्लेक्सिबल वर्क ऑप्शन और जेंडर-इंक्लूसिव हायरिंग की वजह से दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, चंडीगढ़, इंदौर और जमशेदपुर जैसे शहरों में महिलाओं के एप्लीकेशन दोगुने से अधिक हो गए, जो प्रमुख महानगरों की वृद्धि दर से अधिक है।

## जीईएम से सरकारी खरीद में हुआ सुधार, पारदर्शिता व दक्षता बढ़ी

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। सरकार ने गवर्नमेंट-ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) के माध्यम से सार्वजनिक खरीद प्रणाली में प्रमुख सुधारों पर जोर दिया है, जिसमें दक्षता, पारदर्शिता और ग्रोथ में सुधार के लिए मजबूत कार्टेल विरोधी सुरक्षा उपाय और विशेषज्ञों का हस्तक्षेप शामिल हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जीईएम के प्रमुख अधिकारियों और पक्षकारों के साथ बैठक करते हुए इस मंच पर खरीदारों और विक्रेताओं दोनों को सशक्त बनाने पर जोर दिया।

केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि खरीद को बढ़ाने, राज्यवार विस्तार में तेजी लाने, लचीले भुगतान और समावेशी ऋण तक पहुंच की सुविधा पर केंद्रित एक दूरदर्शी रोडमैप की रूपरेखा तैयार की गई, जिसका उद्देश्य प्लेटफॉर्म पर खरीदारों और विक्रेताओं दोनों को सशक्त बनाना है। गोयल ने आगे कहा कि बैठक में एंटी-कार्टेल सुरक्षा उपायों, अधिक यूजर-फ्रेंडली इंटरफेस और सार्वजनिक खरीद इकोसिस्टम में दक्षता, पारदर्शिता और विकास को और बेहतर बनाने के लिए विशेषज्ञ के हस्तक्षेप सहित प्रमुख सुधारों के कार्यान्वयन पर चर्चा की।



2016 में शुरू हुआ जीईएम सरकारी खरीदारों को किफायती दरों पर सार्वजनिक खरीद करने के लिए एक एंड-टू-एंड डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करता है।

**डिजिटल खरीद प्लेटफॉर्म जीईएम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरकारी संगठनों को दस लाख से अधिक मैनपावर की भर्ती की सुविधा प्रदान की है : वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत**

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने पिछले महीने कहा कि डिजिटल खरीद प्लेटफॉर्म जीईएम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरकारी संगठनों को दस लाख से अधिक मैनपावर की भर्ती की सुविधा प्रदान की है।

## सार संक्षेप

### प्रेस्टीज ग्रुप का एनसीआर के रिहायशी बाजार में दस्तक

**नई दिल्ली।** रियल्टी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी प्रेस्टीज ग्रुप ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के रिहायशी बाजार में आधिकारिक रूप से प्रवेश करते हुए 'द प्रेस्टीज सिटी इंदिरापुरम एक्स' लांच करने की घोषणा की जो एक किफायती लक्जरी परियोजना होगी। कंपनी ने कहा कि अब तक तीन हजार करोड़ मूल्य के 1200 से अधिक बुकिंग हो चुकी है। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक इरफान रजाक ने कहा कि के पहले चरण में ओकवुड और मलबेरी का शुभारंभ किया गया है। सभी आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करने के बाद, प्रेस्टीज ग्रुप ने ओकवुड और मलबेरी चरणों का विपणन शुरू कर दिया है, जिनकी कुल सकल विकास मूल्यांकन (जीडीवी) 9,000 करोड़ से अधिक है जिससे यह एनसीआर के रियल एस्टेट इतिहास की सबसे बड़ी शुरुआतों में से एक बन गई है। आगामी मेडफ्लावर चरण के लांच के साथ, इस सम्पूर्ण आवासीय विकास की कुल जीडीवी 12,000 करोड़ तक पहुंच जाएगी। ओकवुड और मलबेरी में कुल 19 टावर में 3,421 प्रीमियम आवास हैं, जिनमें 2 बीएचके, 3 बीएचके, 3 बीएचके के साथ होम ऑफिस और 4 बीएचके के साथ होम ऑफिस विकल्प उपलब्ध हैं।

### भारत में 2032 तक 123 मिलियन ईवी होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की संख्या में तेजी से वृद्धि होने जा रही है। देश की सड़कों पर 2032 तक 123 मिलियन ईवी होने का अनुमान है। यह जानकारी मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए) और कस्टमाइज्ड एनर्जी सॉल्यूशन (सीईएस) की एक रिपोर्ट के अनुसार, सस्टेनेबल विकास और 2070 तक नेट शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के लिए ईवी को अपनाने की जरूरत है। ईवी को अपनाया जाना भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकता है और साथ ही 2030 तक 30 प्रतिशत ईवी पेनिट्रेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार होगा। रिपोर्ट का अनुमान है कि भारत की संचयी ऑन-रोड लिथियम-आयन इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) लगभग बारह गुना बढ़ गए हैं।

### भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को 2025 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है और उम्मीद जताई है कि 2026 में देश की अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी और यह 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज करेगी। मूडीज का पूर्वानुमान आईएमएफ के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो भारत को 2025 में 6 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर दर्ज करने वाली दुनिया की एकमात्र प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में देखता है। मूडीज ने अपने ग्लोबल मैक्रो आउटलुक के मई अपडेट में कहा कि वैश्विक आर्थिक नीतियों को लेकर अनिश्चितता का असर उपभोक्ता, व्यवसाय और वित्तीय गतिविधियों पर पड़ने की संभावना है।

## टैरिफ के संभावित प्रभावों की चिंता से गिरा बाजार

■ सेंसेक्स 155.77 अंक का गोता लगाकर 80,641.07 पर रहा


■ निफ्टी 81.55 अंक की गिरावट लेकर 24379.60 पर बंद

**मुंबई,** 6 मई (एजेंसियां)। टैरिफ और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर उसके संभावित प्रभावों को लेकर बढ़ती चिंताओं से वैश्विक बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर रियल्टी, इंडस्ट्रियल्स, यूटिलिटीज, तेल एवं गैस और सर्विसेज समेत 19 समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 155.77 अंक का गोता लगाकर 80,641.07 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 81.55 अंक की गिरावट लेकर 24379.60 अंक पर आ गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 2.16 प्रतिशत लुढ़ककर 42,391.76 अंक और स्मॉलकैप 2.33 प्रतिशत टूटकर 46,834.91 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4072 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3167 में गिरावट जबकि 779 में तेजी रही वहीं 126 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2946 कंपनियों में से 2331 में बिकवाली जबकि 545 में लिवाली हुई वहीं 70 के भाव यथावत रहे।

बीएसई के 19 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा।




इससे रियल्टी 3.49, पावर 2.64, सर्विसेज 2.53, यूटिलिटीज 2.36, तेल एवं गैस 2.09, कमोडिटीज 0.95, सीडी 1.38, ऊर्जा 1.79, एफएमसीजी 0.26, वित्तीय सेवाएं 1.31, हेल्थकेयर 0.87, इंडस्ट्रियल्स 2.00, आईटी 0.51, दूरसंचार 0.68, बैंकिंग 0.94, कैपिटल गुड्स 1.71, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.59, धातु 0.63 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.32 प्रतिशत लुढ़क गए।


अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.26 और जर्मनी का डैक्स 1.60 प्रतिशत टूट गया जबकि जापान का निक्केई 1.04, हांगकांग का हैंगसेंग 0.70 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.13 प्रतिशत उछल गया।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 110 अंक की बढ़ोतरी लेकर 80,907.24 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 80,981.58 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 80,481.03 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 80,796.84 अंक के मुकाबले 0.19 प्रतिशत उतरकर 80,641.07 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी भी 40 अंक बढ़कर 24,500.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,509.65 अंक के उच्चतम जबकि 24,331.80 अंक निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,461.15 अंक की तुलना में 0.33 प्रतिशत टूटकर 24,379.60 अंक पर रहा।इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में इटरनल 3.08, टाटा मोटर्स 2.09, एसबीआई 2.01, अदानी पोर्ट्स 1.96, एनटीपीसी 1.95, इंडसइंड बैंक 1.78, बजाज फाइनेंस 1.52, एक्सिस बैंक 1.06, सन फार्मा 0.89, एशियन पेंट 0.79, टाइटन 0.77, रिलायंस 0.74, कोटक बैंक 0.54, आईटीसी 0.33, एचडीएफसी बैंक 0.29, पावरग्रिड 0.28, टेक महिंद्रा 0.13, एलटी 0.10 और अल्ट्रासिम्को 0.06 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, भारती एयरटेल 1.66, टाटा स्टील 1.62, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.59, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.28, नेस्ले इंडिया 1.06, मारुति 0.65, एचसीएल टेक 0.64, इंफ़ोसिस 0.24, टीसीएस 0.11, बजाज फिनसर्व 0.07 और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 0.05 प्रतिशत लाभ में रहे।

## डिजिटलीकरण के पूर्ण लाभ के लिए डिजिटल अंतर को कम करने की जरूरत

**इटली,** 6 मई (एजेंसियां)। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की एक नई रिपोर्ट के अनुसार डिजिटलीकरण एशिया और प्रशांत क्षेत्र में लगातार आर्थिक असमानता को कम करने में मदद करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण हो सकता है लेकिन इसकी क्षमता का दोहन करने के लिए, सरकारों को बुनियादी ढांचे, पहुंच और कौशल में अंतर सहित 'डिजिटल अंतर' को कम करने की आवश्यकता है।



हालांकि विकासशील एशिया और प्रशांत क्षेत्र ने हाल के दशकों में डिजिटल विकास में अन्य क्षेत्रों को पीछे छोड़ दिया है, लेकिन लाभ समान रूप से साझा नहीं किए गए हैं। एशियाई विकास नीति रिपोर्ट 2025 हार्नेसिंग डिजिटल ट्रांसफ़ॉर्मेशन फ़ॉर गुड के अनुसार, पूरे क्षेत्र में इंटरनेट का उपयोग करने वाले निवासियों का प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में 13 प्रतिशत अधिक है। शहरी क्षेत्रों में मोबाइल इंटरनेट डाउनलोड की गति भी ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में 38 प्रतिशत अधिक है। पिछले अध्ययनों में यह भी पाया गया है कि एशिया और प्रशांत क्षेत्र की कई विकासशील अर्थव्यवस्थाएं डिजिटल समावेशन के मामले में पिछड़ी हुई हैं और उनमें आम तौर पर डिजिटल कौशल का स्तर कम है। रिपोर्ट के अनुसार तेज़ विकास और वृद्धि के बावजूद, इस क्षेत्र में आर्थिक असमानता बनी हुई है।

## खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों के भाव यथावत

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में लगातार जारी गिरावट और स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों के भाव यथावत रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 64 रिंगिट उतरकर 3825 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.06 सेंट की गिरावट लेकर 48.67 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पॉम आयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## नकद खर्च मामले में पहली बार शीर्ष तीन में बिहार

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। बढ़ती आय और बदलते उपभोक्ता व्यवहार के बीच भारत में नकद आधारित खर्च के नए ट्रेंड सामने आए हैं, जिससे उपभोक्ता अब 'कंज्यूमर ड्यूरेबल्स' और एफएमसीजी जैसे क्षेत्र पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं। वहीं बिहार ने पहली बार नकद खर्च करने के मामले में शीर्ष तीन राज्यों में जगह बनाई है।

कारोबार सलाहकार कंपनी सीएमएस इंफो सिस्टम्स की मंगलवार को जारी कंजम्पशन रिपोर्ट 2025 के अनुसार, उपभोक्ता अब 'कंज्यूमर ड्यूरेबल्स' और एफएमसीजी जैसे सेक्टर्स पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं। वहीं, बिहार ने पहली बार नकद खर्च में शीर्ष तीन राज्यों में जगह बनाई है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय उपभोक्ताओं के खर्च करने के पैटर्न में उल्लेखनीय बदलाव आया है। रिपोर्ट का यह तीसरा संस्करण देशभर के 1.46 लाख बिजनेस प्वॉइंट्स से एकत्र किए गए डेटा पर आधारित है, जिसे सीएमएस कैश इंडेक्स के जरिए विश्लेषित किया गया।

रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ती प्रति व्यक्ति आय और खर्च करने योग्य आय के चलते उपभोक्ता अब खासकर कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (जैसे होम अप्लायंसेज और फर्नीचर) पर अधिक खर्च कर रहे हैं। वित्त वर्ष 25 में इस क्षेत्र में औसत मासिक खर्च 72 प्रतिशत बढ़ा, जो वित्त वर्ष 24 में महज छह था।



मल्टी-ब्रांड आउटलेट्स पर उपभोक्ता खर्च में भी जोरदार उछाल देखा गया। वित्त वर्ष 24 में जहां इसमें 29 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी, वहीं वित्त वर्ष 25 में 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई। इसका कारण प्रीमियम उत्पादों की ओर बढ़ती उपभोक्ता झुकाव और इन्हें खरीदने के लिए ऑफलाइन स्टोर विजिट की बढ़ती प्रवृत्ति है।

■ कंज्यूमर ड्यूरेबल्स पर खर्च में 72 फीसदी उछाल

■ भारतीय उपभोक्ताओं के खर्च करने के पैटर्न में आया उल्लेखनीय बदलाव

एफएमसीजी क्षेत्र, जो वित्त वर्ष 23 में 22 प्रतिशत की गिरावट झेल चुका था, अब धीरे-धीरे रिकवरी की ओर है। वित्त वर्ष 25 में इस क्षेत्र में चार प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उपभोक्ता अनुभव आधारित खर्चों के बावजूद जरूरी वस्तुओं पर निरंतर खर्च कर रहे हैं। रिपोर्ट का एक दिलचस्प पहलू यह है कि पहली बार बिहार नकद आधारित खर्च के मामले में शीर्ष तीन राज्यों में शामिल हुआ है जबकि दिल्ली और उत्तर प्रदेश अपनी स्थिति वित्त वर्ष 23 से बनाए हुए हैं। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्य भी पहली बार शीर्ष नकद खर्च करने वाले राज्यों की सूची में शामिल हुए। एटीएम ट्रेंड की बात करें तो वित्त वर्ष 25 में प्रति एटीएम औसतन 1.3 करोड़ रुपए निकाले गए।

# खेल जगत

## स्कॉलरशिप ने तीरंदाजी में आने के लिए किया प्रेरित : सरवेश

**भागलपुर।** बिहार में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में तीरंदाजी अंडर-18 प्रतियोगिता में भाग ले रहे तमिलनाडु के स्मरण सरवेश ने कहा कि स्कॉलरशिप मिलने के बाद खेल में अधिक मन लगने लगा था। सरवेश ने भागलपुर सैंडिस कंपाउंड में चल रही खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में तीरंदाजी में पुरुषों के रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा फाइनल के प्रवेश कर लिया है और अब गुरुवार को वह अपने खिताबी मुकाबले में स्वर्ण पर निशाना साधने उतरेंगे। सरवेश की मां तमिलनाडु में सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस यानी के एसपी की पद पर कार्यरत हैं और अब उनका बेटा तीरंदाजी में स्वर्ण पर निशाना साधने के लिए तैयार हैं. फाइनल में गुरुवार को सरवेश का सामना महाराष्ट्र के उज्जवल भरत ओलेकर से होना है। तमिलनाडु के इस युवा खिलाड़ी ने स्कॉलरशिप को लेकर कहा कि मैं भी खेलो इंडिया के स्कीम का हिस्सा हूं।



## केकेआर के लिए सीएसके के खिलाफ करो या मरो का मुकाबला

**कोलकाता,** 6 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 के 57वें मुकाबले में मेजबान कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना प्रतियोगिता से बाहर हो चुकी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से होगा जो केकेआर के लिए करो या मरो का मुकाबला होगा। केकेआर के फिलहाल 11 मैचों में पांच जीत और इतनी ही हार के साथ 11 अंक हैं और उन्हें अपनी संभावनाओं को बरकरार रखने के लिए बाकी बचे तीन मैचों में जीत हासिल करनी होगी और अन्य परिणामों पर भी निर्भर रहना होगा। वहीं सीएसके 11 मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ अंक तालिका में सबसे अंतिम स्थान पर है और उनके लिए यह प्रयोग करने और साख बचाने की लड़ाई है।

दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 30 मुकाबलों में 19 में सीएसके जबकि 11 में केकेआर को जीत मिली है। कोलकाता में हुए मुकाबलों में भी सीएसके भारी है और वहां हुए 10 मुकाबलों में उन्होंने छह मैच जीते हैं। हालांकि इस साल चेपॉक, चेन्नई में हुए दोनों टीमों के बीच पहले मुकाबले में केकेआर को जीत मिली थी, जिसका बदला लेने सीएसके की टीम उतरेगी।

**स्पिनर्स की लड़ाई**

केकेआर हो या सीएसके, दोनों टीमों में कुछ बेहतरीन स्पिनर हैं। जहां केकेआर में वरूण चक्रवर्ती, सुनील नारायण और मोईन अली जैसे विश्व स्तरीय स्पिनर्स हैं, जिन्होंने सीएसके को इसी सीजन में चेपॉक पर उनके सबसे न्यूनतम घरेलू स्कोर 103/9 पर बांध दिया था। वहीं सीएसके के पास भी नूर अहमद, रवींद्र जडेजा और आर अश्विन जैसे स्पिनर्स हैं। जहां केकेआर के स्पिनर्स ने इस सीजन सबसे अधिक 31 विकेट लिए हैं, वहीं सीएसके के भी स्पिनर्स 28 विकेटों के साथ उनसे अधिक पीछे नहीं हैं। हालांकि सीएसके के बल्लेबाजों ने स्पिनरों के खिलाफ इस साल सबसे अधिक 32 विकेट गंवाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट भी स्पिनरों के खिलाफ सिर्फ 124 रहा है।



### धोनी जल्दी आएं तो स्पिनर्स को लाओ

वैसे तो महेंद्र सिंह धोनी आजकल बहुत ही नीचे और पारी के अंत में बल्लेबाजी के लिए आते हैं, लेकिन जिस तरह से सीएसके की बल्लेबाजी चल रही है, उससे हो सकता है कि उन्हें बीच के ओवरों में ही बल्लेबाजी के लिए आना पड़ा। ऐसे में केकेआर के स्पिनर्स उन पर भारी पड़ सकते हैं। नारायण ने आईपीएल में धोनी को 16 में से सिर्फ दो पारियों में ही आउट किया है, लेकिन धोनी, नारायण पर सिर्फ 52 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। वहीं चक्रवर्ती ने धोनी को पांच में से तीन पारियों में आउट किया है और धोनी उन पर सिर्फ 63 के स्ट्राइक रेट और सिर्फ चार की औसत से रन बना पाते हैं। इसके अलावा आंद्रे रसेल ने भी धोनी को पांच में से दो पारियों में आउट किया है, जबकि धोनी उन पर 150 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

### रहाणे बनाम स्पिनर्स

वैसे तो केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इस सीजन के आईपीएल में तीन अर्धशतकों के साथ अच्छा फॉर्म दिखाया है, लेकिन स्पिनर्स के सामने वह संघर्ष करते नजर आए हैं। तेज गेंदबाजों के खिलाफ उनका औसत 104.5 तो स्पिनर्स के खिलाफ सिर्फ 16.9 है। यह आईपीएल 2025 में कम से कम 50 स्पिन गेंद खेलने वाले किसी भी बल्लेबाज का तीसरा सबसे कम औसत है। इसके अलावा वे स्पिनर्स पर सिर्फ 115 के स्ट्राइक रेट से रन बना पा रहे हैं। रहाणे की पुरानी टीम सीएसके में भी जडेजा और अश्विन जैसे स्पिनर हैं, जो उनको परेशान कर सकते हैं। जडेजा ने रहाणे को आईपीएल में सिर्फ एक बार आउट किया है, लेकिन रहाणे, उन पर सिर्फ 96 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। इसके अलावा सीएसके के दूसरे स्पिनर आर अश्विन ने भी आईपीएल में रहाणे को 11 में से छह पारियों में आउट किया है, जबकि रहाणे उन पर सिर्फ 102 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

## नेतृत्व की मांगों को पूरा करना 'बहुत कठिन' हो रहा था : कोहली

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा कि उन्होंने आठ साल से ज्यादा समय के बाद नेतृत्व की भूमिका से दूरी बना ली, क्योंकि उनके लिए इसकी मांगों को पूरा करना 'बहुत कठिन' हो रहा था। कोहली ने सबसे पहले 2008 में अंडर-19 भारतीय टीम को अंडर-19 विश्व कप में पहुंचाया और फिर अपनी फ्रेंचाइज के साथ-साथ भारत के लिए भी नेतृत्व की भूमिका निभाई। इस करिश्माई बल्लेबाज ने भारत के लिए नेतृत्व की भूमिका में असाधारण प्रदर्शन किया, लेकिन आरसीबी के लिए खिताब जीतने में विफल रहे। कोहली ने आरसीबी पॉडकास्ट - माइंडसेट ऑफ ए चैंपियन पर कहा कि एक समय ऐसा भी आया जब मेरे लिए यह मुश्किल हो गया था क्योंकि मेरे करियर में बहुत कुछ हो रहा था।

■ कोहली ने सबसे पहले 2008 में अंडर-19 भारतीय टीम को अंडर-19 विश्व कप में पहुंचाया

मैं 7-8 साल तक भारत की कप्तानी कर रहा था। मैंने 9 साल तक आरसीबी की कप्तानी की। मेरे द्वारा खेले गए हर मैच में बल्लेबाजी के नजरिए से मुझसे उम्मीदें थीं। मुझे ऐसा नहीं लगा कि ध्यान मुझ पर नहीं है। उन्होंने कहा कि यह कप्तानी नहीं होती, तो यह बल्लेबाजी होती। मैं 24×7 इसके संपर्क में रहता था। यह मेरे लिए बहुत मुश्किल था और अंत में यह बहुत ज्यादा हो गया। इसलिए मैंने पद छोड़ दिया क्योंकि मुझे लगा कि अगर मैंने तय कर लिया है कि मुझे इस स्थान पर रहना है, तो मुझे खुश रहने की जरूरत है। मुझे अपने जीवन में एक जगह चाहिए जहां मैं बिना जज किए, बिना यह देखे कि आप इस सीजन में क्या करने जा रहे हैं और अब क्या होने वाला है, अपना क्रिकेट खेल सकूं। 36 वर्षीय कोहली ने कहा कि टूर्नामेंट की शुरुआत से ही आरसीबी के साथ उनका जुड़ाव किसी भी ट्रॉफी से बढ़कर है। मेरे लिए, जो सबसे ज्यादा मूल्यवान है, वह है इतने सालों में (आरसीबी के साथ) बनाया गया रिश्ता और आपसी सम्मान। और मैं बस इतना ही कहना चाहता हूं कि हम जीतें या न जीतें, यह ठीक है। यह मेरा पल है। प्रशंसकों से मुझे जो प्यार मिला है, मुझे नहीं लगता कि कोई भी खिताब या कोई भी ट्रॉफी उसके करीब आ सकती है, क्योंकि लोगों के उस प्यार का असर आपको कुछ जीतने से बहुत अलग होता है और अगली सुबह सब कुछ खत्म हो जाता है। मुझे लगता है कि यह मेरे साथ जीवन भर रहेगा।



आईपीएल 2025

## डीसी कभी प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम लगती थी, लेकिन अब खतरे में : चावला

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय स्पिनर पीयूष चावला ने दिल्ली कैपिटल्स के फॉर्म में नाटकीय गिरावट पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अक्षर पटेल की अगुआई वाली टीम, जो कभी प्लेऑफ की प्रबल दावेदार थी, के अब शीर्ष चार में जगह बनाने से चूकने का खतरा है हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में भारी बारिश के कारण सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली का मैच रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों ने एक-एक अंक साझा किया। इस परिणाम के साथ, डीसी 11 मैचों में 13 अंकों के साथ 5वें स्थान पर है, जबकि एसआरएच 11 मैचों में 7 अंकों के साथ अंक तालिका में 8वें स्थान पर पहुंच गई। इससे इस सीजन में प्लेऑफ की दौड़ और भी आसान हो गई है। डीसी के पास अभी भी मुंबई इंडियंस, गुजरात टाइटन्स और पंजाब किंग्स के खिलाफ मच बचे हैं और अगर वे तीनों मैच जीतते हैं और 19 अंकों पर पहुंचते हैं, तो उनके पास शीर्ष दो में जगह बनाने का शानदार मौका होगा। चावला ने जियो हॉटस्टार पर कहा कि यह वास्तव में कठिन होने वाला है। अपने पिछले छह मैचों में, उन्होंने चार मैच गंवाए हैं। हालांकि, एसआरएच के खिलाफ डीसी के लिए मैच पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ था, लेकिन उनके द्वारा बनाए गए कुल स्कोर के आधार पर ऐसा लग रहा था कि यह एसआरएच की जीत की ओर बढ़ रहा है।

## शुभमन गिल के साथ खेलना मेरे क्रिकेट कॅरियर के लिए काफी महत्वपूर्ण रहा है : साई सुदर्शन

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने माना है कि जीटी के कप्तान शुभमन गिल के साथ बीते 3 वर्ष उनके लिए खास रहे। उन्होंने ये भी कहा कि गिल के साथ खेलते हुए उनके खेल में निखार आया। आईपीएल 2025 में सुदर्शन शानदार लय में नजर आए हैं। इस सीजन में उन्होंने 10 मैचों में 504 रन बनाए, उनके बल्ले से पांच अर्धशतक भी निकले। अपनी बल्लेबाजी के दम पर जीटी प्लेऑफ की रेस में काफी आगे चल रही है। सुदर्शन ने जियो हॉटस्टार के 'जेन बोल्ड' पर कहा कि बीते तीन वर्षों में मुझे कभी भी बल्लेबाजी के दौरान कोई परेशानी हुई तो मैंने हमेशा गिल से बातचीत की। वह बहुत अच्छे कप्तान हैं और मुझे लगता है कि वह समझते हैं कि खिलाड़ी को क्या चाहिए। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो मुश्किलों का सामना कर रहे खिलाड़ियों को मौका देते हैं। हमने मैदान पर भी बहुत अच्छा वक्त बिताया। उम्मीद है कि हम इस सीजन में भी प्यारी यादें बनाएंगे। ऑरेंज कैप को लेकर उन्होंने कहा कि देखिए, यह एक प्रक्रिया है, जब आप रन बनाते हैं तो आप ऊपर की ओर जाते हैं। मैं समझता हूं मेरा ध्यान ऑरेंज कैप पर नहीं, बल्कि मेरा ध्यान अपनी टीम के लिए अहम योगदान देने पर केंद्रित है। अगर आप अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो यह सबसे महत्वपूर्ण बात है। अगर आप ऑरेंज कैप के बारे में सोचते हैं, तो मुझे लगता है कि आपकी क्षमता कम हो जाती है। आप खुद को थोड़ा और सीमित कर लेते हैं क्योंकि व्यक्तिगत प्राथमिकताएं टीम की प्राथमिकताओं से आगे आ जाती हैं। साई सुदर्शन ने कहा कि मेरे ऊपर फ्रैंचाइजी ने जिस प्रकार से भरोसा दिखाया है, मैं उनका धन्यवाद करना चाहता हूं। आशीष नेहरा और सभी सहयोगी कर्मचारियों और टीम का धन्यवाद।



■ सुदर्शन ने इस सीजन के 10 मैचों में 504 रन बनाए, उनके बल्ले से पांच अर्द्धशतक भी निकले

## गुजरात में खेल महाकुंभ 3.0 एथलेटिक्स में चमके 6300 खिलाड़ी

**नडियाद,** 06 मई (एजेंसियां)। गुजरात में खेडा जिले के नडियाद में आयोजित खेल महाकुंभ 3.0 राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 6300 से अधिक खिलाड़ी चमके हैं। इससे गुजरात को प्रतिभाशाली खिलाड़ी मिले हैं।

सरकारी सूत्रों के मंगलवार को बताए अनुसार पिछले दो दशकों में गुजरात के युवा खेल-कूद क्षेत्र में राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं और स्पोर्ट्स को प्रोफेशन बना रहे हैं, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी विजन को जाता है। वर्ष 2010 में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने खेल महाकुंभ की नूतन पहल की थी, जिसके कारण राज्य के खिलाड़ियों में नया उत्साह आया है और दूर-सुदूरवर्ती क्षेत्रों से खेल प्रतिभाएँ उभर कर सामने आ रही हैं।

इस पहल के कारण सरिता गायकवाड, मुरली गावित जैसे खिलाड़ी गुजरात को मिले हैं और इन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष सात मई को विश्व एथलेटिक्स दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में फिटनेस के महत्व के विषय में जागरूकता लाना तथा उन्हें खेलों; विशेषकर एथलेटिक्स में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। गुजरात में खेल महाकुंभ पहल अंतर्गत आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता भी इस विजन को साकार करती है। खेल महाकुंभ 3.0 राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 6300 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा: हाल ही में गत 14 अप्रैल से 30 अप्रैल के दौरान खेडा जिला मुख्यालय नडियाद में खेल महाकुंभ 3.0 राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के लगभग 6369 खिलाड़ियों ने भाग लिया। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा हाई परफॉर्मेंस सेंटर में इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का सुचारु आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों में अंडर-9, अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17 तथा ओपन एज ग्रुप के कुल 3251 पुरुष तथा 3118 महिला खिलाड़ी शामिल थे। खेल महाकुंभ की राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 30 मीटर से लेकर 5000 मीटर दौड़, 80 मीटर हर्डल्स, 100 मीटर हर्डल्स, 110 मीटर हर्डल्स, 400 मीटर हर्डल्स, लंबी कूद, ऊँची कूद, बाँस कूद (बांबू जंप), हॉप स्टेप एंड जंप (तिहरी कूद), गोला फेंक, चक्र फेंक, भाला फेंक, हैमर थ्रो, रिले, जलद चाल (रेस वॉकिंग) जैसी इवेंटों का आयोजन किया गया। खेल महाकुंभ 3.0 राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में इन खेलों में विजेता रहे खिलाड़ियों को मेडल तथा ट्रैकसूट प्रदान किए गए।



■ हर वर्ष सात मई को विश्व एथलेटिक्स दिवस मनाया जाता है

■ पिछले दो दशकों में गुजरात के युवा खेल-कूद क्षेत्र में राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं

## सार संक्षेप

### वेस्टइंडीज वनडे सीरीज के लिए टीम घोषित की, हेटमायर बाहर


**सेंट जॉन्स (एंटीगुआ)।** वेस्टइंडीज ने आयरलैंड और इंग्लैंड के आगामी वनडे दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह दौरा इस महीने के आखिर में शुरू होगा। कैरेबियाई टीम इस महीने के आखिर में यूरोप का दौरा करेगी, जहां उसे 21-25 मई तक आयरलैंड के खिलाफ तीन मैच और 29 मई से 3 जून तक इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच खेलने हैं। इस तरह से कुल छह वनडे मैच खेले जाएंगे। वेस्टइंडीज ने शाई होप को एक बार फिर कप्तान बनाया है, जबकि ब्रैंडन किंग, एविन लुईस और कीसी कार्टी जैसे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के अलावा पिछले साल आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले किशोर खिलाड़ी ज्वेल एंड्रयू भी टीम में शामिल हैं। इस बीच, बाएं हाथ के बल्लेबाज शिमरॉन हेटमायर इस दौरे से नदारद हैं, क्योंकि वह इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल रहे हैं। टीम में ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो 2024 के अंत में इंग्लैंड और बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज में जीत के दौरान सफल रहे थे।

### प्राची ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स निशानेबाजी में जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के दूसरे दिन मंगलवार को महाराष्ट्र की प्राची ससिकांत गायकवाड ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (युवा महिला वर्ग) में स्वर्ण पदक जीता। आज यहां दिल्ली स्थित कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिला वर्ग की निशानेबाजी स्पर्धा में प्राची ने 458.4 अंक के साथ स्वर्ण पदक, कर्नाटक की तिलोत्तमा ने 455.6 अंकों के साथ रजत और अनुष्का ने 445.7 अंकों के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। स्पर्धा के बाद प्राची ने कहा कि यह मेरा खेलो इंडिया में दूसरा मौका है। पिछले साल चेन्नई में कांस्य जीता था, इस बार स्वर्ण पदक जीतकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मैं खेलो इंडिया के मान्यता प्राप्त केंद्रों को धन्यवाद देना चाहूंगी, जहां मुझे सही संसाधन और प्रशिक्षण मिला। स्वप्निल सर मेरे आदर्श हैं और उनकी ट्रेनिंग को फॉलो करती हूं। वो अगली पीढ़ी के शूटर्स को तैयार करने के लिए जाने जाते हैं। महाराष्ट्र की खेलों में गौरवशाली परंपरा है और मैं राज्य का प्रतिनिधित्व करके गर्व महसूस करती हूं।


## क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बेटे को पुर्तगाल अंडर-15 टीम में पहली बार शामिल किया गया

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। फुटबॉल इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के सबसे बड़े बेटे क्रिस्टियानो डॉस सैंटोस को पुर्तगाल अंडर-15 टीम में पहली बार शामिल किया गया है। 14 वर्षीय यह खिलाड़ी अपने पिता की तरह सऊदी अरब में अल-नासर (जूनियर टीम) के लिए खेलता है। रोनाल्डो ने अपने बेटे को उनके नक्शेकदम पर चलने के लिए बधाई देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। रोनाल्डो की इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा है, ऑर्गुल्हो एम ती फिल्हो! (तुम पर गर्व है, बेटा!)। अंडर-15 पुर्तगाल राष्ट्रीय टीम 13 से 18 मई के बीच क्रोएशिया में व्लात्को मार्कोविक अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के सातवें संस्करण में भाग लेने की तैयारी कर रही है। पुर्तगाली टीम चार मैच खेलेगी, पहले तीन मैच जापान (13 मई), ग्रीस (14 मई) और इंग्लैंड (16 मई) के खिलाफ होंगे। चौथा और अंतिम मैच 18 मई को होगा, जिसमें प्रतिद्वंद्वी का फैसला होना बाकी है।



## म्हात्रे, रघुवंशी, कोटियन समेत 280 खिलाड़ियों की नीलामी होगी आज

**मुंबई,** 6 मई (एजेंसियां)। भारत के प्रमुख फ्रेंचाइजी-आधारित घरेलू टी20 टूर्नामेंटों में से एक टी20 मुंबई लीग के तीसरे सीजन की रोमांचक नीलामी बुधवार को मुंबई में होगी। आठ टीमों वाली यह लीग 26 मई से 8 जून तक वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इसमें कुछ सबसे चमकीले उभरते सितारे शामिल हैं, जिनमें 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे शामिल हैं, जिन्होंने मौजूदा आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करके धूम मचाई है, अंगकृष रघुवंशी, तनुश कोटियन और मुशीर खान जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, क्योंकि खिलाड़ियों के समूह में उभरती प्रतिभाओं और अनुभवी खिलाड़ियों का एक उल्लेखनीय मिश्रण है। पूल में सिद्धेश लाड और शम्स मुलानी जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो घरेलू सर्किट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। नीलामी में कड़ी प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक बोली की उम्मीद है, क्योंकि टीमें अपने आदर्श संयोजनों को इकट्ठा करने का लक्ष्य रखती हैं। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अभय हडप ने कहा कि यह रोमांचक खिलाड़ी पूल मुंबई क्रिकेट की प्रतिभा की गहराई और गुणवत्ता को दर्शाता है। इसमें उभरते सितारों और स्थापित नामों का एक उल्लेखनीय मिश्रण है, जो फ्रेंचाइजियों को प्रतिस्पर्धी टीमों का निर्माण करने के लिए शानदार विकल्प देता है। जैसा कि हमारा लक्ष्य भारतीय क्रिकेट सुपरस्टार की अगली पीढ़ी को उजागर करना और बढ़ावा देना है, नीलामी एक गेम-चेंजर होगी - न केवल टीमों के लिए, बल्कि उन खिलाड़ियों के लिए जो इस भव्य मंच पर अपनी छाप छोड़ने के लिए उत्सुक हैं। टी20 मुंबई लीग घरेलू टी20 क्रिकेट में एक नया मानदंड स्थापित करेगी। टीमों ने पहले ही अपने-अपने दल में आइकन खिलाड़ियों को शामिल कर लिया है, जिसमें सूर्यकुमार यादव (ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट), अजिंक्य रहाणे (बांद्रा ब्लास्टर्स), श्रेयस अय्यर (सोबो मुंबई फाल्कन्स), पृथ्वी शॉ (नॉर्थ मुंबई पैंथर्स), शिवम दुबे (एआरसीएस अंधेरी), शार्दुल ठाकुर (ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स), सरफराज खान और तुषार देशपांडे (मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स) शामिल हैं।



■ म्हात्रे ने आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करके धूम मचाई है





## इस साल हैदराबाद की परिस्थितियां हमारी उम्मीदों के मुताबिक नहीं थीं : विटोरी

**हैदराबाद,** 6 मई (एजेंसियां)। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने आईपीएल 2025 प्लेऑफ रेस से बाहर होने के बाद स्पष्ट किया है कि उनकी टीम की बल्लेबाजी शैली स्वाभाविक रूप से आक्रामक नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि हैदराबाद की परिस्थितियां उनकी उम्मीदों के मुताबिक नहीं थीं और बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण रहीं।

विटोरी ने कहा कि मैंने निश्चित रूप से यह नहीं कहा था कि मैं आक्रामक अप्रोच का समर्थन कर रहा हूं। मैंने कहा था कि हम परिस्थितियों का मूल्यांकन करते हैं और इस साल हालात वैसे नहीं थे, जैसे हमने उम्मीद की थी। अगर आप पिछले साल देखें तो यहां कई हाई-स्कोरिंग मुकाबले हुए थे। उन्होंने कहा कि इस बार की पिचें थोड़ी अलग रही हैं।

## मनराज, मानसी, रघु क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर में हारे

■ मनराज ने शुरुआत में ही नियंत्रण बना लिया था और पहला गेम 21-9 से जीत लिया

**ताइपे,** 6 मई (एजेंसियां)। भारत के युवा बैडमिंटन दल ने मंगलवार को ताइपे ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन किया, क्योंकि कोई भी एकल खिलाड़ी क्वालीफिकेशन दौर से आगे बढ़कर मुख्य ड्रॉ में जगह नहीं बना पाया।

आशाओं की झलक दिखाने के बावजूद, पुरुष और महिला एकल दोनों में भारतीय चुनौती क्वालीफायर के दूसरे दौर में समाप्त हो गई। मनराज सिंह, रघु मारिस्वामी और मानसी सिंह, जिन्होंने अपने अभियान की शुरुआत जोशपूर्ण शुरुआती दौर की जीत के साथ की, अपने-अपने अगले मैचों में पिछड़ गए। मनराज सिंह, रघु मारिस्वामी और मानसी सिंह ने शुरुआती दौर की जीत के साथ एकल क्वालीफिकेशन में उम्मीदें जगाईं, लेकिन अपने-अपने दूसरे दौर के मैचों में पिछड़ गए। मनराज सिंह का दूसरे दौर का मुकाबला मलेशिया के टैन जिया जी से हुआ, जो सबसे करीबी नतीजों में से एक था। मनराज ने शुरुआत में ही नियंत्रण बना लिया था और पहला गेम 21-9 से जीत लिया। हालांकि, वह एक कड़े मुकाबले में अपनी लय खो बैठे और अंत में 21-9, 19-21, 20-22 से हार गए। रघु मारिस्वामी, जिन्होंने दिन की शुरुआत मकाऊ के पुई पैंग फोंग (14-21, 21-16, 21-14) पर जोरदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी, उस लय को आगे नहीं बढ़ा पाए। रैलियों में बने रहने के शानदार प्रयास के बावजूद वह इंडोनेशिया के मोह जकी उबैदिल्लाह से सीधे गेम में 16-21, 17-21 से हार गए। महिला एकल में, मानसी सिंह ने अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की और चीनी ताइपे की त्साई हिसन-पेई को तीन गेम के कड़े मुकाबले (22-20, 14-21, 21-17) में हराया। लेकिन दूसरे राउंड में उनकी उम्मीदें धराशायी हो गईं, जहां उन्हें थाईलैंड की उभरती हुई स्टार पिचामोन ओपटनीपुथ ने एकतरफा मुकाबले में 17-21, 10-21 से हरा दिया। भारत की मुश्किलें यहीं खत्म नहीं हुईं। आर्यमन टंडन, जिन्होंने पहले गेम में मलेशिया के कोक जिंग होंग को (27-25) संघर्ष कराया था, अगले दो गेम में 27-25, 10-21, 8-21 से हार गए।



ताइपे ओपन

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.482 |
| 2- | पंजाब किंग्स | 11 | 7 | 3 | 15 | +0.376 |
| 3- | मुंबई इंडियंस | 11 | 7 | 4 | 14 | +1.274 |
| 4- | गुजरात टाइटंस | 10 | 7 | 3 | 14 | +0.867 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 10 | 6 | 4 | 13 | +0.362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 11 | 5 | 5 | 11 | +0.249 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.469 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 10 | 3 | 7 | 6 | -1.192 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 12 | 3 | 9 | 7 | -0.718 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 2 | 9 | 4 | -1.117 |